आपसरी मै बांटकर, खाणो सदा खुवा'र।
हाल काम आवै संन्तां ! (बै) माजी रा संस्कार।।१।।

पड़ूं परायी भीड़ मैं, जद कद हुवै प्रमाद।
'चम्पक' हलदी-दूधरी, (बा) घटना आवै याद।।२।।

कह्यो न सदतो, रेंवतो, (म्हारो) तोरो चढ्यो अकास।
पड़ी प्रकृति जावै कियां, सन्तां ! सोहरै सास।।३।।

सोचूं आज हुंसी आवै, बो भी हो कुछ टाबरपण।
रोयो दादोजी रै सागै, बैकूंठी मै बैठण।।
हपड-हपड कर चिता जली जद, पड्यो एक पलको-सो।
'चम्पक' चमक्यो चित चेतना को, अनुभव हलको-सो।।४।।

म्हें लड़ पड़ता शान मैं, पत्थर फैंक अजाण।
अखी प्रमाण लिलाड़ मैं (ओ) 'चम्पक' पड्यो निसाण।।५।।

पकड़ पूंछड़ी उंदरड़ी, मै ल्यातो मन-मोद।
डर लाडांजी भाजता, बड़ता मां की गोद।।६।।

किरचा रोज चुरावतो, लुक-छिप भर-भर मुट्ठी।
ल्हापां मैं चनपट पड़ी, 'चम्पक' चोरी छूटी।।७।।

मै राणावजी रै कुअै, डूब्यो जद कोठा मैं।
उगी किरण वैराग री, मोत दीसगी सामैं।।८।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बीं कूअै पडतां नै राख्यो, हाथ झाल प्रेमालू।
अबै पकड़ काढ़ो तो जाणूं, रोज कहै ओ बालू॥९॥

बालू! हाल के बीगड्यो, कर हिम्मत अविखिन्न।
असल मित्रता को अमिट, 'चम्पक' मांडै चिह्न॥१०॥

बाबू अबै पास होग्या, मामाजी मार्‍यो तीर।
आई शरम, छोड दी बीड़ी, चम्पो खांच लकीर॥११॥

अपणो-सो पर-दुख हुवै, जाण्यो पेहलां-पेल।
चिलचट्टै स्यूं छूटगी, लाडांजी री गेल॥१२॥

कहो करणियों के करै, जद बाड़ खेत नै खाय।
एक रुपैयै मैं टली, 'चम्पक' कुसंग बलाय॥१३॥

चेनरूपजी री घटी, घटना घड़गी इतिहास।
इं अनित्य संसार स्यूं, 'चम्पक' बण्यो उदास॥१४॥

सन्तां! गरज दूध री पालै, लाडणूं रो पाणी।
हर मोसम मैं साताकारी, हेल्यां बड़ी सुहाणी॥
इर्या समिति देख'र चालो, चेतावै अै कांटा।
आस-पास रा गांव बसावै, लाडणूं रा भाटा॥१५॥

सीधी पट्यां सांतरी, और दूध सो पाणी।
सन्तां! म्हारो लाडणूं, लन्दन री सहनाणी॥१६॥

धोरा तपै-ठरै, कट ज्यावै-ओला-बोझा झाड्यां।
बारह ही पून्यूं सुखदाई, (अै) लाडणूं री बाड्यां॥१७॥

पूनू- सागर - समेर - जस्सू - रणजीतो - हनुमान।
पेहर्‍या ओढ्या देव कुंवर-सा, अै टाबर पुनवान॥
बैंगाणी परिवार अनोखो, देखो! मन रो कोड।
दगग-दगग रस्तो बेहवै है, जाणै हरिसन-रोड॥१८॥

जद राम चरित्र मंडासी, गणिवर ढ़ालां फरमासी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चम्पो भी कंठ मिलासी, मधरी तान-तान-तान।
सोहन ! मुनि ! मत करो मसखरी, संत सुजान जान-जान ।।१६।।

तार नहीं, टेम नहिं, नहीं दियै मैं तेल।
तो ही चाल मलकती चालै, (म्हारै) लाडणूं री रेल ।।२०।।

दरब घणां, दाता घणां, (पर) अन्तराय अगवाणी।
ढ़ंढ़ण रिषि नै राजग्रही मैं, मिल्यो न भोजन-पाणी ।।२१।।

किती कहूं कालू कृपा, कृत-मुख करुणा-धाम।
चम्पा ! तू उलझ्यो कठै ? (ओ) नहीं आपणो काम ।।२२।।

गुरु की गुरुता गजब की, वत्सलता अनपार।
एक शब्द मैं ही दियो, म्हारो जहर उतार ।।२३।।

सन्तां ! शासण मैं सदा, सेवा धर्म अतुल्य।
श्री कालू करुणा करी, आंक्यो सेवा-मुल्य ।।२४।।

सुमिरन शक्ति अचिन्त्य है, परख्यो धर अनुराग।
निकल्यो निबियै ईड़वै, (जद) पैरां पर स्यूं नाग ।।२५।।

सन्तां ! कठिन-कठिन सेवा को, अवसर जद-कद आवै।
सब स्यूं आगै रह सेवार्थी, 'चंपक' भाग्य सरावै ।।२६।।

गीली गार दिवार थे, चढ़ग्या लड़दा च्यार।
ढ़हणै रा 'चंपक' ढ़चक, अै साहमा आसार ।।२७।।

छग्गू-बा ! आ के ल्याया, पाणी लारै लहताण।
रह्या तिसाया, चढ़्यो तावड़ो, वाहरे ! वाह ! 'धमताण' ।।२८।।

पुस्त पुराणा री पकी, मुचै न मिनख मकान।
अस्थिर 'चंपक' आज रा, नुआं मकान-जुवान ।।२६।।

'चंपक' चेहकै को चकर, सह नहिं सकै हरेक।
टहण्यां तो नीचै टिकी, ऊपर जड़्या उवेख ।।३०।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

केशा मार, खेंचै कुशा, ओ बे-अकल अजाण।
करमां नै रोसी, कुशी! प्रोथी तजसी प्राण ॥३१॥

बड़ो कुमाणस सागरियो, गोरांजी! थारो भाई।
बाई! इंनै समझाओ तो, मनै हुवै सुखदाई॥
देखो फोड़ी नुई पातरी, थाड़ो-सो चिमठाओ।
भलै आदमी मैं कद आसी, अक्कल मनै बताओ ॥३२॥

मांडीखेड़ा! तूं बडो, बहमी भी बे-ढ़ंग।
(पण) दिखा दियो परतापजी, रजपूती रो रंग ॥३३॥

हाथी के हांक्यां करै, ऊंठां ज्यूं टिचकार।
(आ)जाणै एक गिवार भी(थे)कियां चलाओ सरकार॥३४॥

छांनै सिरहाणै छिपा, चिट कद स्यूं क्यूं मेली।
तुलसी! 'चंपक' चिमठियो, बणी अबूझ पहेली ॥३५॥

विनय मान-सम्मान में, मै स्नेहार्द अखूट।
के ठा? भाई बैठणो क नहीं, कह चल्यो ऊठ ॥३६॥

बुरा न मानें, पूछ रहा हूं, झिझक है कि, कुछ उलझन?
कवि बैठे कमरे के भीतर, (और) बाहर कवि-सम्मेलन ॥३७।

म्हारै कहणै स्यूं हुवै, कद विनीत-अविनीत।
(इं) मजलिस नै पूछो जरा, तुम कितनेक विनीत ॥३८॥

कृपा गुरांरी है जठै, बठै मधुर मधु-मास।
संघ गुणी, चंपक रिणी, कृपा-कृपा सहवास ॥३९।

अकलदार पेहली बता! आज्ञा है कि आहार?
खाऊं या सेवा करूं? सागर! सोच विचार ॥४०॥

अणहोणी होसी नहीं, होसी जो होणी।
मन मानी तांणो मती, गुरु-दृष्टि जोणी॥
धर्म-विहीन-समाज के? ठप समाज बिन-धर्म।
स्वर-व्यंजन-सी एकता, चंपक समझ्यो मर्म ॥४१॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बा मटकी पटकी बठै, अटकी अठै अजेस।
'चंपक' चटकी पण दकी, भटकी मती मुनेस ॥४२॥

आछो सोच्यो आपपण, म्हांरै जची न हाल।
('अै) तीनूं टाबर एक-सा, 'चंपक' लागै चाल॥
कमी न राखी आपतो, कृपा करायी धाप।
'चंपक' आगैं आगलां रा अपणा पुन-पाप ॥४३॥

करै संघ-हित करणियां, प्राणार्पण प्रख्यात।
गम खालेणै मैं जीवण ! गजब जिसी के बात ॥४४॥

कविता कुदरत की कला, सागर ! मिल्यो सुयोग।
(पण) आइन्दा अपशब्द रो, फेर न करी प्रयोग ॥४५॥

आगेसर करणी नहीं, सागर ! इसी मजाक।
धसकै स्यूं फाटै हियो, हुवै अनर्थ हकनाक ॥४६॥

घृणा न करणी घाव स्यूं, रोगी स्यूं अनुराग।
सागर ! सेवा सन्त री, मिलै पुरबलै भाग ॥४७॥

सागर ! मत कर सूमड़ा, कर काठो कंजूस।
दियां नहीं खूटै दरब, मत बण मक्खीचूस ॥४८॥

सागर ! सोह क्यूं सुलभ है दुर्लभ सेवा-धर्म।
ओ तप 'चंपक' गहनतम, मानवता रो मर्म ॥४९॥

छग्गू-बा गमेती बाबो, आवै आडो-आडो।
'चंपक' वरस चोरासीआया, तोही गुड़कावै गाडो ॥५०॥

माली सींच्यो, तरु फल्यो, चढ्यो भगत-जन हाथ।
चंपै री आ पुज्यता, सदा सफेदी साथ ॥५१॥

सिवा आपरै कुण सकै, म्हांरा रस्ता रोक।
आज्ञा लिछमण-रेख आ, 'चंपक' चोड़ै चौक ॥५२॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अटकल-पटकल कुछ नहीं, कल बाबै रो नांव।
जस जद मिलणै रो हुवै, (तो) 'चंपक' लागै दांव ॥५३॥

मांगी मांग करी घणी, पर नहिं मानी एक।
पड्यो गुरां नै पिघलणो, रही भगत री टेक ॥
भगत बड़ो संसार मैं, सब ली इक मति ठान।
भगतां रै लारै झुकै, देखो यूं भगवान ॥
भगती मैं सगती विविध-जुगती करै विनीत।
रीत प्रीत री देखल्यो, हुई भगत री जीत ॥५४।

गफलत स्यूं गोता पड़ै, खेद खिन्न हो ज्याय।
'चंपक' जो पथ चूकज्या(बो)पग-पग पर पिछताय ॥५५॥

मांगीलाल मतंग ज्यूं चालै, फूंसरास रा पूत।
बिन मतलब ही खांधा तोड़ै, आ कुणसी आकूत ॥५६॥

गंगापुर स्यूं गंगापुर तक, दिवस इग्यारह लाग्या।
पुर'र पहूनो मिला, भाग अट्ठारह गांवां रा जाग्या ॥
अमावसी पधरावणो, एकम हुवै विहार।
दो संवत गंगापुर फरस्या, चंपक जय-जयकार ॥५७॥

ओ कांटो कद स्यूं उग्यो, अरे! फूटरा फूल।
'चंपक' होकर चतुर क्यूं, गई विधाता भूल ॥५८॥

कांटो पग रो काढ़ दै, चंपक चतुर चकोर।
(पर) मन रो कांटो मांयलो, कहो कुण काढ़ै कोर ॥५९॥

एक जग्यां दरडो पड़ै (जद) ढ़िगलो दूजी ठोर।
चंपक धन चोरी बिना, भेलो हुवै न भोर ॥६०॥

ठीक नहीं है ठाकरां! बेजां ओ विसवास।
अंत जिनावर जात रो, 'चंपक' के इकलास ॥
चंपक के इकलास, क आछो नहिं आसंगो।
बिना अरथ कोइ बगत, अचानक बधै अडंगो ॥
खतरनाक खुंखार नै, रखणो घणो नजदीक।
नीपीतां री प्रीत आ, नहीं ठाकरां! ठीक ॥६१॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लाग्यो 'चंपक' लोभ में, कुक्कर बिना बिचार।
कई दिनां तक खटकसी, ओ कंगण केदार ॥६२॥

अरे! बाप रो मोह ओ, आछो नहिं है अन्त।
'चंपक' फोड़ा पड़ेला, सुणलै सन्त वसन्त ॥
मालव री काची रही, ठेट जेट की जेट।
गा, गलावडो ले गयी, खेलो मिटियामेट ॥६३॥

छोटी-सी गलती बणै, 'चम्पक' भारी भूल।
सारहीण सिगरेट में, मानो अनरथ मूल ॥६४॥

गई अकल गावन्तरै, सागरिया! कीं सोच।
नाभी जड़ नर-देह री, कहदे निस्संकोच ॥६५॥

कीड़्यांभी कोनी करै, निःकरमा स्यूं नेह।
पकड़ टांगड़ी फैंक दै, परली कानी पेह ॥६६॥

मतलब स्यूं 'चंपक' मिल ज्याणो, बता बड़ी के बात?
एक साथ निभावै बींरो, सदा निभाणो साथ ॥६७॥

संयम सुध-बुध बिसर कर, भाजड़ भाजी जाय।
'चंपक' चेतो बाप रै, (जद) फल प्रमाद रा पाय ॥६८॥

जो देणै जोगो हुवै, उणनै ही बतलावै।
'चंपक' मांगण नै भलां! कुण किणरै घर जावै ॥६९॥

कालै स्यूं क्यांनै करै? मूरख! माथा कूट।
कुओ कबूतर नै दिसै, झूठैं नै सो झूठ ॥७०॥

'चंपक' काम बढ़ैला चनणूं! जग मैं जता न जात।
लवै अबै क्यूं लागगी, खरची थारै हाथ ॥ ७१॥

भाई भाई रै घरै, आवै मोटै भाग।
'चंपक' भगती भाव स्यूं, बधै धर्म अनुराग ॥७२॥

चंपक जैन समाज रो, गूंजै गौरव गान।
पड्यो सामनै प्रेम रो, फल चोड़ै चौगान ॥७३॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ताकत राखी काल तक, थांभण नभ भुज-थंभ।
पड़ूं-पड़ूं चंपक पड़्यो, (ओ) दुखे देह रो दंभ ।।७४।।

पख रो 'चंपक' पादरो, उफणै इयां उफाण।
(थां) मोटोड़ां रै झोड़ मैं, (आं)नान्हां रो नुकसाण ।।७५।।

तपी तपस्या तीव्रतम, महामना महावीर।
तपग्यो 'चंपक' तावड़ो, ओ मन बण्यो अधीर ।।७६।।

पोथी सागर! के पढूं, समझ लियो मैं सार।
प्रेम भाव रा पाधरा, 'चंपक' अक्खर च्यार ।।७७।।

'चंपक' चवदस च्यानणी, याद रहेला रोज।
सालासर री साख स्यूं, जा सागर! कर मोज ।।७८।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संस्मरण

[संस्मरण पदावली में संदर्भित संस्मरणों
का अनुक्रम से प्रस्तुतीकरण]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१

बड़ा वह, जो खिलाकर खाये

उदारता सहज नहीं उभरती, जब तक आत्म-सम्मान न जगे। आधिपत्य की सुरक्षा का बोध ही दूसरों के दुःख में सहयोगी बनाता है। माता-पिता का संस्कार और व्यवहार, उदार बनने में शत-प्रतिशत काम करता है। आत्म-प्रतिष्ठा और स्वाभिमान जगे, इसलिए बच्चे के हर उचित कार्य की प्रशंसा आवश्यक है—ये शब्द थे स्व० भाईजी महाराज के।

बचपन से ही चम्पूभाई दयालु थे। उन्हें मां बार-बार समझाया करती, बेटा! अच्छे लड़के हर चीज को मिल-बांट कर खाया करते हैं। अपने से कमजोर को कभी सताया नहीं करते। यही कारण था स्वर्गीय भाईजी महाराज सदा कमजोरों की सहायता करते। वे जो चीज खुद खाते, बांट-बांटकर खाना पसंद करते।

अपने अनुभव सुनाते हुए उन्होंने बताया—एक बार मैं आम खा रहा था। पास खड़ा मुसलमानी-मोलारी का लड़का टुगर-टुगर देखता रहा। उसका मन भी आम खाने को ललचा रहा था। वह अपनी मां के पास जा, रोने लगा। मां बरतन मल रही थी। उस गरीब मां के पास आम कहां था? उसने लड़के को डांटा। जब वह नहीं माना तो उसने एक थप्पड़ जड़ दिया।

मुझसे देखा नहीं गया। मैं घर में जा, छींके पर से एक आम उतार लाया। उसको दिया। अब वह खुश था। उन दिनों हमारे मरुस्थल-प्रदेश में आम थे कहां? इने-गिने लोगों तक आम पहुंच पाते थे। कोई-कोई रईश ही आम का उपयोग करता था।

मां के पास मेरी शिकायत पहुंची। मुझे बुलाकर पूछा गया। मां ने आंख दिखायी। मैंने बाल-सुलभ सरलता से कहा—मां! तुमने ही तो कहा था—हर चीज बांट-बांटकर खानी चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मां हंस पड़ी। मेरी पीठ थपथपाते हुए मां ने कहा—बहुत अच्छा किया बेटा ! खिलाकर खाने वाला ही बड़ा होता है।

भाईजी महाराज ने एक पद्य कहकर उस स्मृति को ताजा किया—

'आपसरी में बांट कर, खाणो सदा खुवा'र।
हाल काम आवै सन्ता ! (बै) माजी रा संस्कार।।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२

हल्दी-दूध

क्या कभी स्वार्थ का त्याग दिये बिना परार्थ सधता है? उसकी पीड़ा अपनी पीड़ा है, यह आत्म-भाव ही तो संधीयता है। त्याग पराग है। औरों का सहयोग कर जताओ मत। प्रशंसा की भूख पुण्य-निर्जरा का नाश कर देती है। हम-दर्द बनते सिर-दर्द हो तो हो। काम करने के बाद तख्ती को धो डालो। कुछ करके गिनाने वाला अपने आपको गिराने वाला होता है।

भाईजी महाराज ने बताया—बचपन में मैं एक बार दुलेछी के दासे पर चलते-चलते गली में गिर गया। मां ने मुझे हल्दी डालकर गरम दूध पिलाया। मैं ठीक हो गया। कुछ दिनों के बाद मेरे साथ एक लड़के की कुश्ती हुई। मैंने उसे धर पटका। वह चित् हो गया। उसके पैर में चोट आई। उससे उठा नहीं गया। मैं दौड़ा। घर से एक गिलास गरम दूध और हल्दी लाया। उसे पिला दिया।

मां व्याख्यान सुनकर आयी। देखा, दूध कम है—क्या बात है? पूछताछ की। मैं बोला—मैं ले गया। मां ने कहा—क्यों? मैंने बताया—लड़का गिर गया था, उसके चोट आई थी। दूध-हल्दी पीने से वह ठीक हो जाएगा। उसके घर दूध-हल्दी कहां है मां?

मां ने कहा—पर तुम बिना पूछे कैसे ले गये? दूध कम होने का बहम कितनों पर जाता?

मैं गम्भीर हो गया। गलती का अहसास हुआ। मुझे अनबोल देख मां ने कहा—कल तुम्हें दूध नहीं मिलेगा।

बात खतम हुई। दूसरे दिन मनुहारें करने पर भी मैंने दूध नहीं पिया। दादाजी को पता चला। उन्होंने मुझसे कारण पूछा। मैंने आपबीती बतायी। शाबासी भी मिली और हिदायत भी मिली। दादाजी ने अपने कटोरे में से मुझे दूध पिलाया और कहा—'काम पूछकर करो, कर लिया हो तो बाद में कह दो।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रारंभ से ही मुझे पराये दुःख में पड़ने की आदत थी और आज भी है। पर मर्यादा-विधि का उल्लंघन होते ही याद आ जाता है—

'पड़ूं परायी भीड़ मैं, जदकद हुवै प्रमाद।
'चम्पक' हलदी-दूधरी, (बा) घटना आवै याद॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३

मुझ में कितना आग्रह था

अति आग्रह मनो-क्लेश का कारण है। जब अहं फुफकारता है, आदमी कर्त्तव्या-कर्त्तव्य भूल जाता है। व्यक्ति में आकांक्षाभीप्सित जिद्द होता है। मनोवांछित न हो तब तक चैन नहीं पड़ता। यह है, तो सही, पर आग्रह के पीछे सत्य का बल चाहिए। सत्य-बल का प्रयोग किसी को अनुचित दबाने, विवश करने के लिए नहीं, पुनर्चिन्तन के लिए हो। अनुशासन सत्याग्रह भी खतरनाक है। अपने अधिकारों की मांग व्यक्ति की जन्म-सिद्ध स्वतंत्रता है। पर उसमें विनय-विवेक और औचित्य का ख्याल अवश्य होना चाहिए।

श्री भाईजी महाराज फरमाया करते—बचपन में मुझे कोई ओलंभा नहीं दे सकता था। घर या बाहर कोई कुछ कह देता तो दादाजी के पास शिकायत जाती और उसे ऐसी डांट पड़ती, वह भी याद रखता।

मैं भी कम नहीं था। सब कहते, दादाजी ने इसे बिगाड़ दिया है। इतना सिर चढ़ा बच्चा, क्या काम का? पर मेरी तो वहां सब कुछ फबती थी। छह और भाइयों में मैंने जितनी मौज की/जिद्द चलाई/मनमानी की, क्या कोई करेगा?

एक दिन मैं भोजन करने बैठा। माताजी ने मुझे थोड़ा-सा कड़ा डांटा। मैं उस दिन जिद्द पर था 'छींके पैदा आम दे' (छींके पर रखे आम दो)।

होता यों, बाजार से जब भी सब्जी-फल आते, छांटकर कुछ ऊपर धर देती। मैं चटोकड़ा था, दादाजी का मुंहलगा लाडला। ऐसी-वैसी चीज, जो सबके लिए हो, मैं क्यों खाऊं? छांटकर रखी गयी, अच्छी बढ़िया चीज खाऊंगा। मां प्रायः तो मुझे ऊपर रखी चीजें दे देती। पर उस दिन सभी बच्चे घर पर थे। मेरी जिद्द पूरा करना मां के लिए भी भारी था। मैं जब किसी तरह माना ही नहीं, तो माताजी ने तंग आकर थप्पड़ मार दिया। बस, फिर क्या था, मेरा मूड बिगड़ गया। मैं खाना छोड़, रोता हुआ बाहर चला गया। दादाजी दुलेछी (बैठक) में बैठे थे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उन्होंने मुझे बुलाया/मनाया/फुसलाया/समझाया/ अपने पास बिठाकर खाना खिलाया।

मुझे आज भी याद है, दादाजी ने उस दिन माताजी को कितना कड़ा उलाहना दिया था—शायद जरूरत से ज्यादा। कहते-कहते उन्होंने यहां तक कह दिया—'खबरदार! मेरे चम्पू को आइन्दा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। यह जो करे करने दो।'

माताजी जैसी विनीत महिला भी बिरली ही होगी। उन्हें अनुशासन का इतना ख्याल था, उस दिन के बाद मुझे कभी कुछ कहा हो, याद नहीं पड़ता। बच्चा समझ-अनसमझ में कौन-सा तूफान नहीं करता? पर मांजी मेरी सभी हरकतें चाहे-अनचाहे स्मित हास्य में क्षम्य कर देती थीं।

मैं आज सोचता हूं, मुझमें कितना आग्रह था। कुछ-कुछ अब भी है। बहुत ढला हूं, पर फिर भी—

कह्यो न सदतो, रेंवतो (म्हारो) तोरो चढ्यो अकास।
पड़ी प्रकृति जावै कियां? सन्तां! सोहरै सांस॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४

मुझे भी उस दिन एक अपूर्व अनुभव हुआ

जन्म और मृत्यु के इन झूलते दो तारों के बीच लटकती जिन्दगी भी एक बड़ा आश्चर्य है। आदमी जब तक जीता है, कितनों से अपनत्व जोड़ता है। आगे-पीछे की सोचता है। किन-किन तमन्नाओं के संग्रह करता है। पर जब जाता है खाली हाथ/अनबोल/असहाय। सब कुछ यहीं धरा रहता है। अपने कहे जाने वाले, दो-दस दिन रो लेते हैं। शेष रहती हैं व्यक्ति की स्मृतियां। वे भी कितने दिन? समय बीतता है, स्मृतियां अनन्त में विलीन हो जाती हैं। सच पूछो तो जाने वाले को कोई नहीं रोता। रोते हैं हम अपने सुख को/स्वार्थ को।

बचपन कितना भोला होता है। वह यह तो नहीं जानता, क्या हुआ? पर जब मृतक की चिता जलती है, उस लपट में प्रकाश के भीतर भी कुछ दिखता है। मेरे अपने स्नेही/प्यारे को क्यों जला दिया? वह अब कहां गया? क्या सभी यों ही जाएंगे?

श्री भाईजी महाराज सुनाया करते थे—मुझे भी उस दिन एक अव्यक्त अनुभव मिला। दादा राजरूपजी का देहान्त वि० सं० १९७३ फाल्गुन कृष्णा चतुर्दशी को हुआ। तब तक मुझे यह पता ही नहीं था, मृत्यु क्या होती है। हम दादा-पोतों के कोई जन्म-जात संस्कार ही ऐसे थे, मेरे बिना उन्हें और उनके बिना मुझे चैन नहीं पड़ता। मेरा खाना-पीना/नहाना-धोना/सोना-उठना सब कुछ दादाजी के साथ होता। मेरी हर फरमाइश वे पूरी करते। करते भी खूब चाव-उच्छाव से।

दादाजी के तकलीफ थी। मैं भी पास बैठा था। सांस निकला। एक बार सब रोये। मैं भी रोया। और-और रोये थे कुछ दूसरे कारण से, मैं रोया था दादाजी की तकलीफ में सहभागी बनने।

कुछ देर के बाद सब शान्त, मैं भी शांत। शायद इसलिए कि कपड़ा उठा दिया गया है, दादाजी को नींद आयी है। लम्बी नींद आ गयी है, यह मुझे क्या पता?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थोड़ी देर बाद एक खंभे से उन्हें बांध दिया गया। मैं रोया, दादाजी को खोलने गया। क्या कहूं उस भोलेपन की बात ?

बैकुंठी तैयार हुई। पूछने पर बताया गया—दादाजी को इसमें बिठाएंगे। खुशी हुई। दादाजी को नये कपड़े पहनाये। मैं भी नये कपड़े पहनने को अड़ा। बदले में एक चद्दर मेरे सिर पर लपेट दी गयी, 'पोतिया' कहा गया। मैं पोता था, पोतिया बांध लिया।

दादाजी को बैकुंठी में बिठाया गया। मैं अब इसलिए रोया—मैं भी दादाजी के साथ बैकुंठी में बैठूंगा। मुझे समझाया गया। पास ले जाकर दिखाया गया। इसमें बैठने को और जगह नहीं है, अपन आगे-आगे दंडोत करते चलेंगे, दादाजी राजी होंगे, चीजें दिलाएंगे।

'सोचूं आज हंसी आवै, वो भी हो कुछ टाबरपण।
रोयो, दादाजी रै सागै, बैकुंठी में बैठण॥'

अंततः अन्त्येष्टि यात्रा-जुलूस सझा। आगे-आगे बाजे बज रहे थे। हम छोटे-बड़े बहुत सारे लोग, बैकुंठी के सामने साष्टांग दंडवत करते जोगीदड़े (श्मशान) तक पहुंचे। मन में एक खुशी थी, दादाजी की बरनोली निकल रही है। लोगों के कंधों पर दादाजी चढ़े हुए हैं। झालर बज रही है। लोग पीछे—'अरिहंत नाम सत है—सत बोल्यां गत है', बोल रहे हैं। पैसे उछाले जा रहे हैं।

हम श्मशान घाट में रुके। लकड़ियां जंचायी गयीं। उस पर बैकुंठी धरी और ज्योंही आग लगायी कि मेरे होश-हवाश उड़ गये। मैं जोर-जोर से चिल्लाया—अरे! मेरे दादाजी को मत जलाओ रे! पर मेरा वहां क्या बस चलता! मैं रो-रोकर थक गया।

मूथोसा (सदासुखजी वैद) ने मेरे सिर पर हाथ फेरकर कहा—'चम्पू! लाड़ी! दादोजी चलग्या। ई मरेड़ै शरीर री तो आही गति है' सुनकर मेरे मन में एक क्षणिक, अव्यक्त/अज्ञात/अपूर्व अनुभव हुआ।

हपड़-हपड़ कर चिता जली जद, पड्यो एक पलको-सो।
'चम्पक' चमक्यो चित्त, चेतना को अनुभव हलको-सो॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५

ललाट पर निशान

शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल भी आवश्यक होते हैं। खेल-खेल में बच्चों के व्यायाम के साथ-साथ सहज प्राणायाम भी सधता है। दीर्घश्वास का अभ्यास और सम स्वांस-प्रयोग खेलों में अनायास ही हो जाता है। बच्चा गिरता है/उठता है/दौडता है/श्वास रोक कर खड़ा रहता है/प्रेक्षा करता है। खेल का खेल, योग का योग। हमारे युग में प्रमुख स्वास्थ्यप्रद खेल थे—कबड्डी, लुकमींचणी, मालदड़ी, गुल्ली-दंडा, लूंणा-घाटी, घोड़ीसवार, सिलियोभाटो, चोर-चोर, दड़बड़ी, डोटा-दड़ी और बोल मेरी मच्छी कित्ता पानी।

भाईजी महाराज फरमाया करते—हमारा मोहल्ला विशेष अनुशासित था। हम सब एक थे। हमारा एका गांव भर में नामी था। हमारी दूसरी पट्टी के लड़के तगड़े और लड़ाकू थे। बीच के तीन साल तक मैं अपने संगठन (बचाड़ी-पालटी) का प्रमुख रहा। हमारे बीच होने वाले खेल-विवाद को प्रमुख सुलटाया करता।

हम लोग रात को एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले को चीरते हुए निकलते और बोलते—'बा० ची०-बा० ची०' हम तुम्हारे बास को चीर कर निकल रहे हैं, ताकत हो तो रोक लो। न रोकने पर बास-संगठन की हार मानी जाती। हमारी दूसरी पट्टी को चीरकर जाने की किसी की हिम्मत नहीं थी। दूसरी-दूसरी पट्टियों को चीरकर हम आ जाते और नुक्कड़ पर खड़े रहकर नारे लगाते—'हिपि-हिपि हुर्रे' 'हिपि-हिपि हुर्रे।'

मुहल्ला चीरते समय कभी-कभी भिड़ंत हो जाती। पहले हाथा-पाई और फिर तकरार बढ़ जाने पर पत्थर भी चल पड़ते। चोटें भी लगतीं, पर उन दिनों गिनता कौन था सामान्य चोट को। पत्थर लगता, खून निकल आता, और हम गली की मिट्टी उठाकर, उसे लगा देते। बारीक-बारीक मिट्टी घाव भर देती। ऐसी ही एक भिड़न्त में मेरे सिर पर पत्थर लगा। उसका निशान आज भी मेरे ललाट पर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है।

हमारे साथी लड़के को कोई दूसरे मोहल्ले वाला पीट देता तो फिर उसका बदला भी पूरा मजा चखाकर लेते। हम अपने संगठन के लिए पूरे ईमानदार और वफादार थे।

'म्हे लड़-पड़ता शान मैं, पत्थर फेंक अजाण।
अखी प्रमाण लिलाड मैं (औ) 'चम्पक' पड्यो निशाण ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६

मेरी शरारत, लाडांजी की मुसीबत

बच्चे शरारती तो होते ही हैं। वह उमर भी वैसी ही हुआ करती है। फिर लाडले बच्चे का तो कहना ही क्या? श्री भाईजी महाराज, बचपन में सबके मुंहलगे थे। अतः शैतान होना सहज था। दादा राजरूपजी के होते उन्हें कोई होंठ का फटकारा भी नहीं दे सकता था। दादाजी के देहान्त के बाद भी वह पुराना रीति-रिवाज वैसा ही रहा। तूफानी आदतें उमर के साथ-साथ बढ़े जा रही थीं। एक बार अपनी शरारतों का विवरण करते हुए श्री भाईजी महाराज ने स्वयं फरमाया।

बहन लाडकुंवर बाई चुहिया से बहुत डरती थीं। कोई चूहा रसोई घर में दिख जाता तो वह ऐसे चिल्लाकर भागती मानो कोई काला सांप निकल आया हो। उनकी चिल्लाहट सुनकर घर के सब लोग इकट्ठे हो जाते। मुझे अनायास ही एक कौतुक हाथ लग गया। मैं झूठ-मूठ ही कह दिया करता—

'बाई! बाई! उंदरी, उंदरी' और बाइसा घुघाकर गली में जा बोलती। चुहिया हमारे लिए तमाशा बन गया।

मैं कई बार औरे (कोठे) में से चुहिया की पूंछ पकड़कर ले आता और फिर देखो नाटक। तमाशा तो हमारे होता, लाडांजी को तो जी की बन जाती। वे ही जानतीं जो उनमें बीता करती। वे आगे-आगे दौड़तीं, और मैं पूंछ पकड़ी चुहिया लिये, पीछे हो जाता। खूब छकाता। अंत वे मां की शरण में जा पहुंचतीं और जब मां जी की दाकल—डांट पड़ती तब मैं मानता।

'पकड़ पूंछडी उंदरड़ी, मैं ल्यातो मन-मोद।
डर लाडांजी भाजता, बड़ता मां की गोद॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७

एक चनपट में चोरी छूटी

बालक सहज-स्वभावी होता है। उसमें अच्छे-बुरे संस्कार अड़ोस-पड़ोस से आते हैं। बच्चे को भले-बुरे का परिणामी-ज्ञान नहीं होता। वह दूसरे के कहे-कहे कर डालता है। सोचने की अपनी शक्ति नहीं होती। परिणाम उसके समझ से बाहर होती है। सिखाये-सिखाये वह बुरी आदत में पड़ जाता है और वह ना-समझ, बुरे जीवन का रास्ता पकड़ लेता है।

यों तो हर बच्चा जानता है, अच्छा क्या होता है, बुरा क्या होता है ? तभी तो वह बुरा काम छुपकर करता है। छुपकर करने का अर्थ है बुरा काम। पाप और क्या होता है ? जो चोरी-छिपे किया जाए वही तो है पाप।

किसी की सिखावट, फुसलाहट, प्रभाव या प्रलोभन से बच्चा घर का सामान चुराने लगता है। आंख बचाकर वह चोरी करता भी है और अपने आपको होशियार भी मानता है। उसका कोमल मानस अनभिज्ञ होता है। यदि समय रहते मां-बांप संभाल सकें तो उसकी आदत बदल भी सकती है, अन्यथा एक बुराई हजार बुराई पैदा करती है। लापरवाह अभिभावक इसके जुम्मेदार होते हैं। बच्चों का जीवन बनाना भी एक कला है।

तुच्छ स्वार्थ-पोषण के लिए अपने कहलाने वाले लोग बच्चों को कैसे बिगाड़ते हैं। अपना एक संस्मरण सुनाते हुए श्री भाईजी महाराज फरमाया करते थे—

उन दिनों मेरे में एक नयी आदत शुरू हो रही थी। मेरे एक निकटतम सम्बन्धी मुझे प्रोत्साहित कर रहे थे। हमारे घर में माताजी की ओर से सभी खाद्य पदार्थ खुले रहा करते थे। हम बच्चे जब भी जी चाहता, उनका स्वतंत्र उपयोग करते, किसी को कोई रोक-टोक नहीं थी।

हमारी शाल के टोडियाले में एक भांड में सुपारियां भरी रहा करतीं। अब वह खाली होने लगी। मैं कभी मुट्ठी भर, कभी कम-बेसी सुपारियां चुराने लगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चुपके से इधर-उधर देख, सुपारी ले जाता और उन्हें दे आता, जिन्होंने मुझे यह सब करना सिखाया था। वे शाबासी देते और मैं फूल जाता।

कई दिनों तक माताजी सोचती रहीं, भांड खाली हो रहा है, इतनी सुपारी तो खर्च नहीं होती, क्या बात है? पर बहम भी करे तो किस पर?

'चोर की दाढ़ी में तिनका'—एक दिन मैं पकड़ा गया। सुपारियां लेकर दौड़ रहा था। माताजी रसोई घर से बाहर निकलीं। मैं घबराया। एक सुपारी का टुकड़ा मेरी मुट्ठी में से नीचे गिरा। बस, फिर क्या था, रंगे हाथों चोर पकड़ा गया। एक चनपट पड़ी। हाथ पकड़कर मां मुझे ओरे में ले गयीं। मैंने सच-सच बता दिया।

सब कुछ साफ-साफ पता लगने के बाद भी मांजी की गंभीरता ने उन्हें (जिनका नाम चोड़े हुआ था) दरसाया तक नहीं। हां, उस दिन के बाद मांजी हम बच्चों पर आंख अवश्य रखने लगीं, बच्चे कहां जाते हैं, कहां बैठते हैं। बस एक चनपट के मूल्य में मेरी चोरी की आदत छूट गयी।

"किरचा रोज चुरावतो, लुक-छिप भर-भर मुट्ठी।
ल्हापां मैं चनपट पड़ी 'चम्पक' चोरी छूटी।।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८

वैराग्य की पहली किरण

आज जहां उच्छृंखलता की एक उद्दंड लहर चारों ओर दौड़ रही है, वहां उस युग में बड़ों के प्रति आदर-सम्मान और सहज श्रद्धाभाव था। उन दिनों गृहपति-अभिभावक का ही बहुमान / संकोच-शर्म पर्याप्त नहीं था, अड़ोस-पड़ोस के बुजुर्गों का भी रोब-रवाब और लाज-लिहाज था।

अपने लड़के और पड़ोसी के लड़के में उस समय भेद जैसा नहीं था। उस अपनत्व भरे माहौल में एक आम धारणा थी — बच्चा-बच्चा है। जितने हम अपने बच्चे के लिए जिम्मेदार हैं, उससे कहीं अधिक पड़ोसी के बच्चे की भी हम पर जिम्मेदारी है।

श्री भाईजी महाराज फरमाया करते—जब हम खेलते, चालीस-चालीस, पचास-पचास बच्चे मिलकर गली में गोधम / धूम मचाया करते। मुझे याद है सेठ मोतीलाल जी बरमेचा जब भी गली की मोड़ मुड़ते, खांसते (खांसना उनका सहज स्वभाव था)। खंखारा सुनते ही हम सबको जाने क्या हो जाता, चिड़ियों के झुंड में पत्थर की तरह हम सब भाग-भागकर अड़ोस-पड़ोस के घरों में छुप जाया करते। म्याऊं-म्याऊं हो जाते। उनका इतना डर क्यों लगता, पता नहीं, पर उनका मुहल्ले भर में सामूहिक प्रभाव था।

एक बार हम कुछ साथी चले। जेठ की मध्य दुपहरी। राणावजी के कुएं पहुंचे (वर्तमान में जो जैन विश्वभारती में है)। कुएं का कोठा (टांका) पानी से भरा था। हमने कपड़े उतारे। मैं नहाने कोठे के छज्जों पर उतरा। तैरना जानता नहीं था। किसी मित्र ने कहा—इस छज्जे से उस छज्जे तक ऊपर की कंगार (दासा) पकड़े-पकड़े पहुंचो तो जानूं। मैं बिना सोचे चल पड़ा। मेरा सीने तक शरीर पानी में था। दोनों हाथों से दीवार की कंगार पकड़े-पकड़े मैं चल रहा था। आधी दूर गया कि ऊपर से हाथ छूट गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मेरा राम पानी में डुबकियां खाने लगा। आज भी उस दिन की याद आते ही सारा शरीर सिहर उठता है। मैं मौत के मुंह में था। सांस घुटने लगी। एक बार ऊपर आया, फिर पानी में। गुटर-गुटर घुंघाट होने लगा। सारे साथी हक्के-बक्के थे। दूसरी बार फिर ऊपर आने का प्रयत्न किया, पर विफल। तीसरी बार जोर मारकर हाथ ऊपर की ओर निकाले कि किसी साथी ने हाथ थाम लिया। बस, अब क्या था, क्षण भर में पानी से बाहर। डूबते को तिनके का सहारा यों होता है। अब नहाना-धोना किसे सूझे। पर, डर था किसी को पता लग गया तो? हम सबने कपड़े पहने और घर की राह ली।

हम कुएं से उतरे ही थे कि पूनमचंद जी गोलछा आ गये। हमें काटो तो खून नहीं। उन्होंने दूर से जूता निकाला और धमकाया। 'छोरां! कुमाणसां! कठैई कालो मुंडो कराओ। कोई डूब'र मरग्यो तो? चालो घरे।' एक-दो के जूते की पड़ी भी, पर किसी की क्या मजाल, जो उनके सामने चूं भी करे। हम सबके पांव चिपक गये। भविष्य में बे-वक्त कुएं पर नहीं आने का वचन लेकर, हमें छोड़ दिया।

रास्ते में हम सबने तय किया, इस घटना का किसी को पता नहीं चले। बात हम सब पी गये।

उस दिन मैंने नया जन्म पाया। पानी से इतना डर बैठ गया जो आज तक भी नहीं निकल पा रहा है। आज भी जब उस दिन की याद करता हूं, मन भयभीत हो उठता है।

मेरे वैराग्य का मूल दिन वह था। मैंने उस रात बहुत चिन्तन किया, मुझे जीवन की नश्वरता पानी में तैरती-डूबती दिखने लगी।

मैं राणावजी रै कुवै, डूब्यो जद कोठा मै।
उगी किरण वैराग्य री, मौत दीसगी सामै॥"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९

कुआं डाकने की शर्त

उमर का भी एक अलग रंग है। बच्चे से किशोर होते ही उसकी गतिविधि मोड़ लेने लगती है। वह गुण-दोष को इतना महत्त्व नहीं देता, जितना मनचाही कर लेने को देता है। ज्यों-ज्यों वह बड़ा होता है, उसके शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक और बौद्धिक विकास भी बढ़ता है। खान-पान, रहन-सहन और खेल-कूद के साथ बोलचाल की भाषा में विस्तार आता है।

अभिभावक उसे थोड़ी-सी छूट दे दें तो वह निश्चित भाव से अभिवृद्धि करता है, छूट के साथ थोड़ा-सा स्नेह प्यार भी मिलता रहे तो उसकी विकास-ग्रन्थियां और अधिक तेजी से रस-स्राव करने लगती हैं। कुंठित वातावरण ग्रंथि-विकास में अवरोध पैदा करता है, ग्रंथि-स्राव कभी-कभी रुक भी जाता है।

उस उमर में किशोर कितना दुस्साहसी हो जाता है, एक अनुभव सुनाते हुए श्री भाईजी महाराज ने बताया—

दादा राजरूपजी का हाथ बहुत उदार था। रईसी रहन-सहन, लाड-बाई का विवाह, और आले-दोले घर-खर्च से आर्थिक स्थिति डगमगा गई। दादाजी के देहान्त के बाद उनके ओसर ने कर्जदारी बढ़ा दी। पिता झूमरमल जी शरमालू थे। इज्जत के प्रश्न ने उनको चिन्ताग्रस्त बना दिया। अब क्या होगा? इसी सोच में वे बीमार हुए और वि० सं० १९७६ जेठ शुक्ला १२ को उन्होंने प्राण दे दिए। घर-खर्च की चिन्ता, बड़ा परिवार, कर्जदारी और काम-धन्धा चौपट। भाई मोहनलालजी अकेले कमाऊ।

मैं उन दिनों १२ वर्ष का हो रहा था। मुझे भी घर की चिन्ता सताने लगी। मैं वि० सं० १९७७ में दिसावर गया। 'खुशालचन्द लिछमणदास' के यहां सिराजगंज (वर्तमात बंगलादेश) में काम सीखने लगा। वह भी एक लगन थी, छह-सात महीनों में ही मैं एक दुकानदार के रूप में उभरा। प्रारम्भ से ही हिसाब-किताब

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और काम का मुझे शौक था।

लाडनूं निवासी बोरड डालमचन्दजी 'कमलपुर' रहा करते थे। वे धर्म-ध्यान और तत्त्व-चर्चा के रसिक थे। खुशदिल, सज्जन-स्वभावी, साहसी, कुशल व्यवसायी और विनोदप्रिय। वे सिराजगंज आये। मेरी ग्राहक पटाने की कला ने उन्हें आकर्षित किया। वे मुझे मांग कर कमलपुर ले गये।

डालमचन्द जी का बड़ा पुत्र बालचन्द उन दिनों कमलपुर में ही था। हम दोनों बराबरी की-सी उमर के थे। घरेलू व्यवहार में बालचन्द और चम्पालाल में कोई भेद नहीं था काम-काज पूरा कर लेने के बाद हम दोनों साथ-साथ खेलते।

हम दोनों एक दिन खेल रहे थे। लगने-पड़ने का डर था ही नहीं। कभी दरखतों पर चढ़ते, कभी दीवार फांदते। आज न जाने हमें क्यों सूझी, वहीं पिछवाड़े एक कुआं था। हमने शर्त लगायी—भागते-भागते आओ और छलांग लगाकर कुएं को डाको। पहल मैंने की। मैं छलांग मारकर कुआं डाक गया। बालचन्द कुआं डाक रहा था, पैर सही नहीं जमा। वह फिसल गया। कुएं में गिर ही रहा था कि मैंने दौड़कर थाम लिया। वह गिरते-गिरते बचा। थोड़ी-सी रगड़ आयी। दोनों के मुंह सफेद पड़ गये। हमने किसी को पता नहीं लगने दिया।

बालचन्द आजकल नयी-पुरानी धारणा में उलझा हुआ है। अच्छा समझदार, तत्त्व-ज्ञाता, बोल-थोकड़ों का माहिर और समझने,-समझाने की हटौती (अभ्यास-शक्ति) वाला होकर भी नहीं समझ रहा है। मैंने कई बार प्रयत्न भी किया है। मित्रता के नाते कड़ा भी कहा है, पर अभी उसके गले बात उतर नहीं रही है। हर बार वह कहता है—मुनिश्री ! आपने उस कुएं से तो हाथ पकड़कर उबार लिया, पर इस कुएं से बचाना मुश्किल है। क्योंकि मेरी धारणा अभी इसे कुआं मानने को भी तैयार नहीं है। और मैं उसे कहता हूं—यह भयंकर कुआं है बालू। अनन्त जन्म-मरण बढ़ाने वाला कुआं, और वह यह कहकर टाल देता है—

'बी कुएं पड़तां नै राख्यो, हाथ झाल प्रेमालू।
अबै पकड़ काढ़ौ तो जाणूं, रोज कहै औ बालू।।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०

दोस्ती का चिन्ह

बचपन बचपन ही तो होता है। उसमें गम्भीरता कहां से आयेगी ? अनुभव छुटपन से परे की बात है। बड़प्पन और शिष्टता, यों तो वंशगत संस्कारों की देन हैं, पर उनका विकास और ह्रास अभिभावकों पर निर्भर करता है। यदि अभिनियन्ता बार-बार बच्चों को सभ्यता की ओर संकेत देता रहता है, तो सहज ही बच्चों के समझ में आने लगता है कि मुझे ऐसा व्यवहार करना चाहिए जिससे मैं भी अच्छा, प्यारा लड़का बन सकता हूं। किसी भी गलती के बाद बच्चे को भूल का अहसास कराना भी एक योग्य शिक्षक की कला है।

श्री भाईजी महाराज ने एक अनुभव सुनाते हुए इस ओर इंगित किया—

कमलपुर में मैं और बालचन्द बोरड़ एक दिन पिछवाड़े बाड़े में खेल रहे थे। आज हममें राजपूती जागी थी। दोनों के हाथों में बांस की लम्बी-लम्बी खापटियां थीं। हम बहादुर योद्धा बनकर पट्टा खेलने चले थे। बांस की खापटियां हमारी बनावटी तलवारें थी। हम उछल-उछलकर एक-दूसरे पर वार कर रहे थे। सामने वाले का घातक वार बचाकर अपना कौशल दिखाते-दिखाते अचानक मेरी तलवार (खापटी) असावधानी से बालचन्द के हाथ में जा चुभी। बस, अब क्या था खून ही खून। कुएं पर जाकर हमने पानी से हाथ धोया पर खून नहीं रुका। पट्टी बांधी तो खून अधिक चमकने लगा। हम घबराये। दोषी यों तो दोनों ही थे, पर मेरी गलती बड़ी थी।

मैं डालचन्दजी के पास गया और सच्ची-सच्ची बात कह दी। वे सत्य को बहुत पसंद करते थे। उपालंभ के बदले उन्होंने मुझे थप-थपाया और कहा—कोई बात नहीं, लग गई तो लग गयी। बहादुर योद्धा क्या खून देखकर घबराते हैं। चम्पू ! पर आगे ध्यान रखना, ऐसा खेल कभी नहीं खेलना चाहिए। नहीं तो आंख में लग जाए तो ? देख ! बालू के लगी कोई चिन्ता नहीं, पर अभी तेरे लग जाती तो भाई

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मोहनलाल का ओलंभा मुझे आता न ?

मैं शरमाया-शरमाया, सकुंचाया-सा बोला 'खून बंद नहीं हो रहा है, अब क्या होगा ?' वे बोले, 'चलो, अभी उसे भी बंद करते हैं। वे आये। पानी टपकाया पर खून नहीं रुका। लगता है किसी रक्तवाहिनी नस पर चोट लगी है। डालचन्दजी अनुभवी व्यक्ति थे। उन्होंने रामू (नौकर)को आवाज दी। सरसों का तेल मंगाया, एक रुई का फोहा बनाकर हाथ पर बांधा। बहता हुआ लोहू थोड़ी देर में बंद हो गया। अब मेरे जी में जी आया। घाव भरते तो कई दिन लगे। आज भी डालचंद-जी का बड़प्पन मुझे अभिभूत करता है।

बालचन्द की बांह पर अभी भी वह निशान है। मेरी दीक्षा के बाद जब भी वह आता है, वह अपने हाथ का निशान दिखाया करता है और कहा करता है—यह है मित्रता की अमिट निशानी। पर मुनिश्री ! यह निशान तो शरीर के साथ मिट जाएगा। कोई ऐसा दोस्ती का निशान बनाओ जो सदा-सदा के लिए अमिट हो जाए। आप तो तर गये और मैं संसार में फंस गया। मैं उसे कहा करत—

'बालू ! हाल के बीगड्यो, कर हिम्मत अविखिन्न।
असल मित्रता को अमिट, 'चम्पक' मांडें चिन्ह ॥''

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११

सुधार का नया तरीका

लाडनूं की बात है। मामा नेमीचन्द कोठारी उन दिनों पलासबाड़ी (बंगाल) में रहा करते थे। उनकी दुकान (फर्म) का नाम सुखलाल नेमीचंद पड़ता था। वे अपनी बहन (मां वदना जी) से मिलने आये। बालक चम्पालाल से बातचीत हुई। उनका मन भर आया। वे चाहते थे, ऐसे योग्य लड़के को मैं अपने पास रखूं। उन्होंने अपना अभिप्राय बहन को जताया। मांजी ने कहा—भाई! मुणू (मोहनलाल) जाणै। मामाजी ने भानेज मोहनलाल जी को पत्र दिया। स्वीकृति आई। कोठारी-जी लाडनूं से भानेज चम्पालाल को पलासबाड़ी ले गये। पलासबाड़ी काम-धंधे के लिए अच्छा स्थान था। भाईजी महाराज का वहां खूब मन लगा। खुली छूट—खाओ-पीओ और काम के समय मन लगाकर काम करो। वहीं एक नयी आदत शुरू हुई। भाईजी महाराज फरमाया करते—

मेरा उन दिनों बाबूगिरी का नया दौर प्रारम्भ हुआ। फिट-फाट कपड़े पहनना और धुआं निकालना। मैं नया बाबू था। मुझे सभी बंगाली, 'खोखा बाबू' कहते। खोखा वहां छोटे को कहते हैं। मैं अब 'खोखा बाबू' जो बन गया था, अतः बाबूगिरी के सभी लक्षण आवश्यक थे। मैं बीड़ी पीने लगा। पर पीता था छिपे-छिपे। कभी-कभी बीड़ी पीकर धुआं फेंकता और शीशे में देखता, देखें, कैसा लगता हूं। अब मुझे बीड़ी का रस लग गया था। मामाजी का डर भी लगता था। एक दिन कोठे की खिड़की में बैठा मस्ती से बीड़ी पी रहा था। कोई आयेगा, यह बहम ही नहीं था। निश्चित धुआं फेंक रहा था। बाबूगिरी का अहं धुएं के साथ गोटे बना रहा था। मैं बस खींचकर ज्योंही धुआं फेंकने लगा कि अचानक मामाजी कोठे में आ गये। उन्हें देखते ही मैंने सुलगती बीड़ी फुर्ती से पांव तले दबा ली, पर धुआं कहां दबता? बहुत सावधानी बरती। झट से, खिड़की बंद कर अंधेरा करने की नाकाम कोशिश की।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मामाजी बड़े गम्भीर थे। उन्होंने देखा, अनदेखा कर दिया। मानो उन्हें पता ही न चला हो। मुझे पानी का गिलास लाने को कहा। मैं पानी लाया। वे पानी पीकर दुकान के काम में लग गये। मैं भी दुकान में आया तो सही, पर दिल धड़क रहा था। मन के भीतर चोर जो बैठा था। हर क्षण वही सन्देह था—मामाजी क्या कहेंगे ? उनकी प्रकृति से मैं खूब वाकिफ था। जब वे कहने लगते, छींट नहीं छोड़ते। मैं मन ही मन सोच रहा था—चंपला ! आज खैरियत नहीं है। जब भी वे बोलते, मुझे वे ही स्वर फूटते नजर आते। आज क्या होगा ? हे भगवान ! आज बच जाऊं तो लाखों पाये। दिन भर कोई चर्चा नहीं चली। मेरे में विश्वास हो गया—सचमुच मामाजी को पता ही नहीं चला।

सदा की भांति सायंकाल मजलिस जुड़ी। मैं भी वहीं बैठा था। अड़ोसी-पड़ोसी सभी लोग जमा थे। बातें चल रही थीं—देश की, दिशावर की, बाजार की, समाज की। अब मैं तो बे-फिकर था। इतने में मामा नेमीचन्द जी ने मेरी ओर देख चुटकी भरते हुए कहा—'अबै बाबू पास हो गया है।' वे आगे कुछ नहीं बोले, केवल जमीन पर एक सांकेतिक लकीर खींची। दूसरे लोग तो कुछ नहीं समझे, पर मेरा चेहरा फक। काटो तो खून नहीं। मैं अवाक्, जैसा था वैसा ही रह गया। फटी-फटी आंखें। पसीना-पसीना। जाऊं तो जाऊं कहां ? शर्म से सिर झुक गया। ऊपर आकाश, नीचे धरती, बीच में अधर झूलता मेरा मन। लगा वह लकीर मुझे कुछ कह रही थी।

मैंने भीतर ही भीतर दृढ़ संकल्प किया आज से बीड़ी पिऊं तो त्याग। मैंने भी जमीन कुरेदकर एक लकीर खींची। मामाजी समझ गये। बात का रुख बदल गया। दूसरी चर्चा छिड़ी और मैं निश्चिन्त हुआ। मामाजी की वह युक्ति आज भी मैं सोचता हूं, हम सभी लोग अपना लें तो सुधार का एक नया आयाम न खुल जाए ? बस, उस दिन से सदा-सदा के लिए मेरी बीड़ी छूट गयी—

'बाबू अबे पास होग्या, मामाजी मार्‌यो तीर।
आई शरम, छोड़ दी बीड़ी, चम्पो खांच लकीर ॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२

तिलचटा : एक उद्‌बोधन

वि०सं० २००६ की बात है। हम दिल्ली नया बाजार वृद्धिचन्द जैन स्मृति भवन में बैठें थे। वहां एक तिलचटा निकल आया। श्री भाईजी महाराज आसण छोड़ उठ खड़े हुए। मैंने ऐसा पहले-पहल देखा। पास ही बैठे थे कोठारी सागरमलजी राखेचा (लाडनूं)। उन्हें एक पुरानी बचपन की स्मृति याद आ गई। वे बोले—क्यों भाईजी महाराज, याद है तिलचटा ?

भाईजी महाराज ने फरमाया—हां, याद है। इसी तिलचटे ने ही तो लाडांजी का चुहिया से पीछा छुड़ाया था। हमने जब जानना चाहा, यह तिलचटा फिर क्या बला है? भाईजी महाराज ने स्मृतियों के बंडल में से एक गठड़ी खोली—

वि० सं० १९८० की बात है। मैं उन दिनों कलकत्ता में था। मामाजी हमीरमलजी कोठारी अपने समय के सम्मान्य व्यक्ति थे। बारह नम्बर पोचागली में निवास और गणेश भगत कटले में दुकान (गद्दी) थी। अब वे निवास-स्थान का परिवर्तन कर क्लाइव स्ट्रीट विलायती कोठी में चले गए थे। पूजा की बिक्री सामने थी। उन्हें एक आदमी की और अपेक्षा थी, अतः उन्होंने मुझे पलासबाड़ी से कलकत्ता बुला लिया। मैं कलकत्ता पहुंचकर बहुत खुश इसलिए था—शहरी वातावरण, मौज, शौक, और मनोरंजन का वहां रंग ही न्यारा था।

वहां मैंने पहले-पहल तिलचटा देखा। देश में तिलचटा होता नहीं। मैं घबराया। उसका आकार ही ऐसा था। मैं चिल्लाकर भागा। भाई सागरमल कोठारी के हाथ एक मसाला लग गया। हम दोनों एक ही उमर के थे। मुझे छकाने का दूसरा उपाय नहीं दीखता तो सागर तिलचठा पकड़ लाता और मैं दोनों हाथ ऊपर कर हार मान लिया करता।

गणपत महाराज रसोई किया करते। मेरी आदत शुरू से ही इस माने में खराब थी। मैं रसोई में कमियां निकालता। खाना खाते समय कई नखरे करता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जब ज्यादा तंग करता तो गणपत महाराज सागर को आवाज देते और वह भला आदमी तिलचटा उठा लाता। तिलचटा देखते ही मैं मैदान छोड़ भाग खड़ा होता।

कई बार सागर मुझे सुख से खाना भी नहीं खाने देता। ज्योंही यह आवाज देता 'चम्पू भाईजी ! तिलचटो' और मेरा राम थाली फेंक दौड़ पड़ता।

भय ही तो आदमी को मारता है। कई बार मैं तिलचटे के बहम में रात को नींद में ही घुघा पड़ता। मामाजी बहुत समझाते, पर भय नहीं निकला सो आज तक नहीं निकला।

वहां मैं रह-रहकर याद करता बहन लाडांजी को। जब मैं चुहिया पकड़कर उन्हें डराता था तब उनमें क्या बीतती होगी ? जो डराता है, वह डरता है। जो मारता है, वह मरता है। चम्पा ! वह औरों के लिए भी मत कर, जो अपने को नहीं सुहाता। जब मैं कलकत्ता से देश आया, मेरी चुहिया वाली आदत छूट गयी थी। मेरी आत्मा रह-रहकर कहती—

'अपणो-सो पर-दुख हुवै, जाण्यो पहलां-पेल।
तिलचटे स्यूं छूटगी, लाडांजी की गेल ॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३

मैंने अक्ल सीखी एक रुपये में

फिसलन भरे शहरी वातावरण का उल्लेख करते हुए श्री भाईजी महाराज ने अपना एक निजी अनुभव सुनाया। उन्होंने कहा—'शहरों में पग-पग पर पतन की खाइयां खुदी पड़ी हैं। ऐसे लोगों की आज कोई कमी नहीं है, जो अपना कहलाकर अपनों का ही जीवन बरबाद करने में तुले हुए हैं। जब बड़ा भाई ही छोटे भाई को गलत रास्ते ले जाए, औरों से क्या आशा की जा सकती है। मैं भी एक दिन फंस गया था जंजाल में। कलकत्ते की बात है।

बिना किसी नामोल्लेख के श्री भाईजी महाराज बता रहे थे—मैं तकादा लेकर आ रहा था। मेरे अत्यन्त निकट के भाई साहब मिल गये। वे सब बातों में पास थे। सर्वगुण सम्पन्न। मैं जानता था उनकी गतिविधि। पर नया-नया था, लिहाजन मैं उनके साथ हो गया। बात-बात में उन्होंने कहा—चम्पा! चल इधर से चलें। मैं संकोचवश इनकार नहीं कर सका। आगे जाकर वे कहने लगे—'आव! आव, एक गाना सुनकर चलेंगे। यहां गायक मंडली शानदार है।' मैंने आना-कानी की, पर फंस गया था, निकल नहीं सका। यह मेरी अपनी दुर्बलता थी। साथ-साथ मैं रास्तों से अनजान था, करता भी तो क्या?

हम गायन में बैठ गए। मैं वहां न रुक सकता था, न वहां से उठ ही सकता था। मन में भय था। मामाजी क्या कहेंगे? देर जो हो रही है। वहां वे इन्तजार कर रहे होंगे। मुझे तब तक यह पता नहीं था, यह देह-व्यापार केन्द्र है।

घंटा भर के बाद जब हम उठकर चलने लगे। सवाल आया पैसों का। भाई साहब तो भूखे फकीर थे। उन्होंने मुझे आदेश की भाषा में कहा—'चम्पा! एक रुपया दे दो।'

हुकुम करते उन्हें क्या जोर आया? मैंने पूछा—'रुपया कैसा?' वे तड़ककर बोले—'कैसा? कैसा? गाने-बजाने का।' उन्होंने रोब गांठा। पर मैं देता कहां से?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रुपये तो तकादे के थे, पूरे आना-पाई सहित गिने-गिनाये। दूं तो कहां से? न दूं तो खतरा था। बिना कुछ बोले मैंने रुपया निकालकर दे दिया।

सवाल तो अब था एक रुपये का हिसाब क्या दूंगा? उन्होंने रास्ते भर मुझे तरकीबें समझायीं। मैं गद्दी (दुकान) आया। चेहरा उड़ा हुआ था। मन में रुपये घटने की चिन्ता थी। उसे तो घटना ही था। इतनी हथफेरी जानता नहीं था। नया-नया शिकारी जो था। तकादे की थैली रोकड़िये को पकड़ा दी। रुपया घटा। मैंने उसकी कमी को पूरा बताने दुबारा गिने। थैली को उलटाकर झटकाया। इधर-उधर देखने का नाटक रचा। पर रुपया थैली में तो था नहीं जो झटकाने से निकल आये। अपनी अनभिज्ञता बतायी। झूठ का आश्रय लिया, गिनती में फर्क रह गया होगा? पर भीतर से आत्मा रह-रहकर बोल रही थी—चम्पा! अब? मैं उदास-हताश, खोया-खोया-सा, मामाजी के पास आया।

मामाजी हमीरमलजी कोठारी देखते ही समझ गए, मेरी परेशानी। उन्होंने अपने पास बिठाया और पूछा। मैंने सच-सच सब कुछ बता दिया। वे बड़े विज्ञ थे। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया, 'घबराओ मत, यह कलकत्ता है, यहां जाने ऐसे कितने ही लोग मिलेंगे। बच-बचकर चलना सीखो। सावधान रहो। कुछ भी नहीं बिगड़ा, एक रुपये में ही निपट गया। यहां तो तकादे की थैली भी छीनी जाती है और जान भी खतरे में होती है। जो हुआ, भूल जाओ। पर आगे सचेत रहना। किसी की बातों में मत आना।

मेरा मन भीतर ही भीतर कसमसा रहा था। रात को नींद नहीं आई। मैंने दृढ़ निश्चय किया, एक निर्णय लिया। फिर जब कभी भाई साहब सामने आते दिख जाते, तो मैं अपना रास्ता ही बदल लेता। मैंने एक रुपये में अक्ल यों सीखी—

कहो! करणियो के करै, जद बाड खेत नै खाय।
एक रुपैये में टली, 'चम्पक' कुसंग बलाय॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४

आत्माभिमुख

तब एक सामान्य-सी घटना भी व्यक्ति के लिए विशेष बोधक बन जाती है जब जन्मांतर के संस्कार परिपाक लेकर उभरते हैं। मन बदल जाता है। एक घटना-प्रसंग पर भाईजी महाराज के साथ भी ऐसा ही हुआ। संसार का प्रत्येक पदार्थ उन्हें हिलता-सा नजर आने लगा। इसी चिन्तन ने उन्हें आत्मदर्शी बना दिया।

कोठारी चैनरूप जी तकादे गये थे। उनके साथ बारदानेवाला जमादार था। सामने एक गुण्डा मिला। पड़ोस से निकलते हुए उसने चैनरूपजी के कन्धे पर टक्कर मारी। चैनरूपजी शरीर से मजबूत काठी वाले थे। थे भी साहसी, बहादुर। गुंडा पुनः लौटा। उसने तकादे के पैसों वाली लाल थैली छीननी चाही। झपट मारी। चैनरूप के बगल में दबी थैली जब उसके हाथ न लगी तो उसने उनके दाहिने कन्धे पर छुरा मारा। सावधान चैनरूपजी उसके वार को नाकाम कर गए। वे बाल-बाल बचे। उसने सीने पर हाथ मारा। चैनरूप ने दूसरे हाथ से उसे रोक दिया। वह भाग छूटा। भीड़ इकट्ठी हो गयी। इस हाथापायी में चैनरूपी के कोट का गिन्नी वाला बोताम (बटन) टूटकर कहीं गिर पड़ा। जमादार ने ढूंढ़ा वह भी मिल गया। घर आये। किसी से कुछ नहीं कहा। सो गए।

प्रातः मुन्ना सनावत (गुंडों का सरदार) आया। चौकीदार बहादुर सिंह से बोला—बाबू का क्या हाल है? ठीक-ठाक तो है चैनू बाबू? बहादुर सिंह ऊपर आया। सब कुछ सामान्य था। मुन्ना चला गया।

चैनरूपजी उठे, नहाए। कन्धे पर चरमराहट लगा। विशेष ध्यान नहीं दिया, कपड़े पहनने लगे। जाकेट फटी हुई थी। कोट भी फटा था। कमीज संभाला, बनियान देखा। अब गया ध्यान कन्धे पर, छुरे की नोक का जरा-सा निशान कन्धे पर था।

कोठारी हमीरमल जी को पता चला। रात की सारी घटना सुनी। दुपहरी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में मुन्ना पुनः आया। कोठारी जी के पांव छूकर कहने लगा—बाबाजी ! नमस्ते।

हमीरमलजी बोले—'मुन्ना ! मरवा देता न, तेरे रहते यह हाल ?' मुन्ने ने माफी मांगते हुए कहा—'बाबाजी ! आपका दिनमान सिकन्दर था। वरना आज हम नीमतलाघाट (कलकत्ता का श्मशान) ही मिलते। बाबाजी ! जो कुछ हुआ भूल जाइये।'

वह सायंकाल अपने साथी को लेकर आया। माफी मंगवाकर हम सभी बच्चों की पहचान करवायी। भाईजी महाराज फरमाया करते थे। उस दिन के बाद मेरा मन बदल गया। जीवन की नश्वरता का एक बोध हुआ।

मैं खोया-खोया-सा उदास-उदास रहने लगा। मेरी आत्मा किसी अचिंत्य के चिन्तन की गहराई में मन ही मन कुछ नया निर्णय कर चुकी थी।

चैनरूपजी री घटी, घटना घड़गी इतिहास।
इं अनित्य संसार स्यूं 'चम्पक' बण्यो उदास॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१५

लाडनूं में कांटा-भाटा

लाडनूं का मीठा और गहरा स्वास्थ्यप्रद पानी, खुली आबो-हवा, ऊंचाई पर बसी बस्ती, आत्ममुखी दृष्टि वाले लोग, कुल मिलाकर अलभ्य विशेषताओं का धनी लाडनूं नगर अपने आपमें अनौपम्य कहा जा सकता है। श्री भाईजी महाराज को बचपन से ही अपनी मातृभूमि पर सात्विक अभिमान था। वे सदा लाडनूं की गौरव-गाथा मुक्तकंठ से गाया करते।

वि० सं० १६८२ का चातुर्मास बीदासर सम्पन्न कर श्री कालूगणीराज लाडनूं पधार रहे थे। 'खानपुर' के पास की कंकरीली धरती, नंगे पांव चलने वालों को अक्सर परेशान करती ही है। उस दिन चांदमलजी स्वामी अधिक परेशान हुए होंगे। उनका कवि हृदय उकता गया। सरदी के दिन। कंकरों पर चलना कठिन पड़ रहा था। इधर-उधर बाड़ के कांटे थे। इतने में पीछे से आए चम्पक मुनि (श्री भाईजी महाराज)। चांदमलजी स्वामी और चम्पक मुनि अभयराजजी स्वामी के साझ—मंडल में साथ-साथ रहते थे। चम्पक मुनि को देख चांदमलजी स्वामी बोले—'चम्पा! यह क्या तेरा लाडनूं है? कांटों और कांकरों से पग फूट गए—

'लाडनूं में कांटा-भाटा, सुजानगढ़ में सी,
बीदासर में दूध मिसरी, घोल-घोल पी।

चम्पक मुनि से नहीं रहा गया। उन्होंने भी लाडनूं की प्रशस्ति में एक पद्य बनाया और जब-जब संत कहते—'लाडनूं में कांटा-भाटा' तो भाईजी महाराज जवाब में कहते—संतो! यह लाडनूं है, इसकी होड कोई कर सकता है? यह हो न, औरों का काम चले! इस धरती का क्या कहना!

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संता ! गरज दूधरी पालै, लाडनूं रो पाणी,
हर मौसम मैं साताकारी, हेल्यां बड़ी सुहाणी ।।
इर्या समिति देख'र चालो, चेतावै अै कांटा,
आसपास रा गांव बसावै, लाडनूं रा भाटा ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६

लाडनू-लंदन

१९८६ लाडनूं चातुर्मास में एक बार कविवर मुनिश्री चांदमल जी स्वामी के पैर में पुरानी बाड़ का कांटा चुभ गया। कोशिश की, पर वह नहीं निकला। उस युग के कांटा-विशेषज्ञ चौथ मुनि, सोहन मुनि (चूरू) आदि कई संतों ने खूब मेहनत की, पर कांटा भुरता (टूटता) गया, आखिर पुरानी बाड़ का जो था। सभी ने परामर्श दिया—'अब इसे छोड़ दो, फाबे (पंजे) में बेढब चुभा कांटा अड़ गया है, खोदते-खोदते पांव बींध गया है, अब यह अभी नहीं निकलेगा।

चांदमलजी स्वामी की पीड़ा देख चम्पक मुनि से नहीं रहा गया। वे बोले, एक बार मुझे दो। वे बैठे। सबने मना किया, पर देखते-देखते गहरा शूल का सांता दिया कि कांटा नोक सहित एक ही सपाके में ऊपर आ गया।

पास खड़े सोहन मुनि (चूरू) ने कहा—'वाह रे ! लाडनूं का पानी' सुनते ही वेदना-व्यथा भरा चांद मुनि का कवित्व जाग उठा, उन्होंने कहा—

कांटा भाटा कांकरा, और लोह का पात।
चम्पा ! थांरी चंदेरी री, च्यारूं बातां ख्यात ।।

भला, लाडनूं की हल्की बात चम्पक मुनि को कब सुहाती। उन्होंने भी प्रतिवादी पद्य बनाया और उत्तर दिया—

सीधी पट्यां सांतरो, और दूध सो पाणी,
सन्तां ! म्हारो लाडनूं, लन्दन री सहनाणी।

सुनते ही सारा वातावरण स्मित हास्य से मुखरित हो उठा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१७

लाडनूं की बाड्यां

चांदमलजी स्वामी (जयपुर) एक अल्हड़ कवि संत थे। उनकी कविताओं की शानी तेरापंथ के इतिहास में नहीं मिलती। प्रकृति में अवश्य उफान था, पर थे बड़े सरस और विनोदी। चम्पक मुनि से वे बहुधा विनोद किया करते—चम्पा! तुम्हारे लाडनूं में क्या पड़ा है?

उस दिन चांदमलजी स्वामी देरी से आए। शायद उस समय भी पंचमी समिति के स्थान की दुविधा ही थी। चातुर्मास में और भी संकडाई हो जाती हो। लाडनूं यों ही ऊंचाई पर बसा है। वहां धोरे—रेत के टीले नहीं के बराबर हैं। चांदमलजी स्वामी को स्थान सुलभ नहीं हुआ होगा। देरी से आने पर संतों ने देरी का कारण पूछा। वे तो भरे हुए आये थे। आते ही उन्होंने कहा—लाडनूं में स्थान है कहां जो झट से आ जाता?

नहिं कोई धोरा, नहीं कोई ओला, नहीं कोई बोझा-झाड्यां।
लाडनूं में काम निकालण, आगैं पाछैं बाड्यां॥

यह तो सीधा लाडनूं पर व्यंग्य था। भाईजी महाराज इसे नहीं सुन सके, वे गुनगुनाए और बोले—'महाराज! लाडनूं जैसा साताकारी क्षेत्र है कहां? आप देखो तो सही—

धोरा तपैं-ठरै कट, ज्यावै, ओला-बोझा-झाड्यां।
बारह ही पून्यूं सुखदायी, (अें) लाडनूं री बाड्यां॥

अब चांदमुनि के पास इसका कोई जबाव नहीं था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१८

कादापट्टी ? नहिं, नहिं, हरिसन-रोड

यों तो लाडनूं का भौगोलिक ढांचा ही ऐसा है—वहां पानी रुकता नहीं। ढलाऊ जमीन के कारण बरसाती पानी बहकर निकल जाता है, पर चालू बारिस में जिधर से पानी का बहाव होता है वहां कीचड़ होना स्वाभाविक है। अक्सर बैंगानियों के रास्ते से गांव के ऊपरी भाग का सारा पानी निकलता है। वहां रास्ता मुश्किल से मिले, यह सहज बात है। आज चांदमलजी स्वामी का उधर जाना था। कीचड़ ज्यादा था। वे उकता गए। ज्योंही ठिकाने आये, आते ही उन्होंने चम्पक मुनि से कहा—'चम्पा !

सुन्दर हेल्यां रंग रंगील्यां, और गोचरी कट्ठी।
(पर) बैंगाण्यां रो रस्तो के है ? सागी कादापट्टी॥

भाईजी महाराज प्रारंभ से ही बैंगानियों के महाराज कहलाते रहे हैं। कुछ जन्मगत संस्कार ही कहें। सेठ जीवणमलजी बैंगानी तो भाईजी महाराज को देखते ही झूम उठते थे। कभी-कभी तो वे भावावेश में चम्पक मुनि को बांहों में भरकर उठा लेते। सारे बैंगानी परिवार के बच्चे भाईजी महाराज के पास ही बैठते। उन्हीं से सीखते-नमोकार-तिक्खुतो, सामायिक-पाठ, पच्चीस बोल, चर्चा।

भला, भाईजी महाराज उस परिवार के मोहल्ले के संबंध में और फिर लाडनूं के एक प्रतिष्ठा प्राप्त घर-घराने के लिए ऐसी बात कैसे सुनते ? उन्होंने जवाबी पद्य में कहा—

'पूनू-सागर -सुमेर- जस्सू- रणजीतो- हनुमान,
पेहर्‌या ओढ्या देवकुंवर-सा, अै टाबर पुनवान।
बैंगाणी परिवार अनोखो, देखो ! मन रो कोड।
दगग-दगग रस्तो बेहवै है, जाणै हरिसन रोड॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६

राम-चरित्र, एक रहस्य, एक हेतु

वि०सं० १९८६ लाडनूं चातुर्मास में श्री भाईजी महाराज ने रामचरित्र कंठस्थ करना प्रारम्भ किया। वे रामायण सीखते तो थे पर सन्तों से छुपे-छुपे। उन दिनों सोहन मुनि (चूरू) और चम्पक मुनि में अच्छा खासा विनोद चला करता। दोनों मगन-लालजी स्वामी (दीवान जी) के साझ-मंडल में पात्री-जोड़ी करने के काम में नियुक्त थे। सोहन मुनि को राम-रास सीखने की भनक लगी। पात्री जोड़ी करते-करते सोहन लाल जी स्वामी ने रहस्योद्घाटन करते हुए कहा—सन्तो! सुनो। सुनो। एक नयी बात। तुम्हें पता है, चम्पक मुनि राम-चरित्र क्यों सीख रहे हैं? उन्होंने एक पद्य रचा और गाते हुए कहने लगे—

'रामायण मुहड़े करस्यूं
मैं आगेवाण विचरस्यूं
खांधे पर ओघो धरस्यूं
कर अभिमान, मान-मान
छांनै, चम्पक मुनि रामायण सीखे
जाण-जाण-जाण'।

यह व्यंग्य, चम्पक-मुनि को अच्छा नहीं लगा। न उनके मन में अग्रगण्य विचरने की हूंस थी, न अभिमान का भाव ही था, पर उस युग में रामचरित्र सीखने का सीधा कोण यही माना जाता रहा। सन्तों में नयी चर्चा छिड़ी, क्योंकि एक नया रहस्य संतों के हाथ लग गया था।

भाईजी महाराज ने भी एक उत्तर पद्य बनाया और दूसरे दिन जब सोहन मुनि ने वही पद्य फिर संत-मंडली में उथला, तो चम्पक मुनि बोल पड़े—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संतां ! मैं रामायण इसलिए सीख रहा हूं—

जद राम चरित्र मंडासी,
गणिवर ढालां फरमासी।
चम्पो भी कंठ मिलासी,
मधुरी तान, तान, तान।
सोहन मुनि ! मत करो मसकरी,
संत सुजान जान जान।

यह सुनते ही पूरा वातावरण मुखरित हो उठा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२०

लाडनूं की रेल

उन दिनों लाडनूं रेल की मुख्य लाइन से जुड़ा हुआ नहीं था। केवल सुजानगढ़ से लाडनूं तक एक टुकड़ा-अद्धा चला करता। वह भी टेम-बेटेम। न स्टेशन था, न सिगनल था। एक बार सुजानगढ़-लडनूं के बीच कविवर चांदमल जी स्वामी ने रेल देखी, वह धीरे-धीरे चल रही थी। उन्होंने चम्पक मुनि से कहा—चम्पा! देख! देख!

टूट्या भांग्या तीन डबलिया, इंजन बूढ़ो बैल!
देख, सिसकती चाले चम्पा! लाडनूं री रेल॥

सच, वह चलती तो ऐसे ही थी, जैसा चांद-मुनि ने कहा, पर लाडनूं की हर बात सदा चम्पक मुनि को सुहावनी ही लगती। मातृभूमि का गौरव उनकी नस-नस में रमा हुआ था।

भाईजी महाराज ने कहा—महाराज! आपका कहना तो सही है, पर यह लाडनूं की रेल है। देखिये! कैसी मस्ती से चलती है। मस्ती से चलना भी किसी-किसी को आता है। जरा दृष्टिकोण बदलकर देखो—सिसकती नहीं, मलकती कहो महाराज! मलकती। साधन सामग्री के अभाव में भी जो संतुष्ट और मस्त रहता है, यही तो साधना का सार है, देखिये—

'तार नहीं, टैम नहीं, नहि दियै में तेल।
तो ही चाल मलकती चालै, म्हारै लाडनूं री रेल॥

है न इस रेल की भी विशेषता। क्योंकि यह लाडनूं की है, लाडनूं की।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२१

तीर्थभूमि लाडनूं

आचार्यश्री तुलसी ने अपने ज्येष्ठ बन्धु स्वर्गीय भाईजी महाराज को अंतिम श्रद्धांजलि चढ़ाते हुए कहा था—

> शहर लाडनूं रो तो बो हो सारां सिरे सपूत,
> जन्म-भूमि रो गौरव गातो दे दे बड़ी सबूत।
> इणनें इण खातर मत छेड़ो, श्री कालू फरमायोः
> आयो, चम्पक मुनिवर चांदज्यूं, हो चांद ज्यूं।'

यदा-कदा सन्त लाडनूं के बहाने चम्पक-मुनि से चुटकी लेते और उन्हें प्रतिवाद में लाडनूं की गौरव-गाथाएं सुनने को मिलतीं।

कभी-कभी विनोद, विवाद का रूप ले लेता तो श्रद्धेय कालूगणी जी फरमाते—चम्पा ! तेरा क्या लेता है, कह लेने दे इन संतो को, तू क्यों बोलता है? और भाईजी महाराज अर्ज करते—गुरुदेव ! आप ही फरमायें, लाडनूं है न विशेष सानी रखने वाला क्षेत्र? इसकी जोड़ी का है कोई दूसरा गांव ?

कालूगणी फरमाते—हां, हां, तेरे लाडनूं की होड़ कौन कर सकता है। लाडनूं तो लाडनूं है। सुनते ही चम्पक मुनि का सेर खून बढ़ जाता और वे कहते—देखो, सन्तों ! पूजी महाराज ने क्या फरमाया—लाडनूं की बराबरी कोई नहीं कर सकता। यह तीर्थ-भूमि है, तीर्थ-भूमि। पुण्य भूमि, सिद्ध-भूमि। तपोभूमि, साधना-भूमि।

विवाद को विनोद में बदलते हुए श्रीमद् कालूगणी फरमाते—संतों ! चम्पालाल को लाडनूं के लिए मत छेड़ा करो। इसके मन में मातृ-भूमि के लिए अगाध स्नेह है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक बार ओघड़ कवि चांदमलजी स्वामी ने किसी ऐसे ही प्रसंग पर कह दिया—

'दूध-दही तो रह्यो कठे ही, मिले न पूरी रोटी।
चाटां के चन्देरी री अै, हेल्या मोटी-मोटी।'

और चम्पक मुनि ने कहा, बताते हैं—

द्रव्य घणा, दाता घणा, (पर) अंतराय अगवाणी,
ढंढण रिषि ने राजग्रही में, मिल्यो न भोजन-पाणी॥'

यह दोष राजग्रही या लाडनूं का नहीं, करमों का है—महाराज !
चांदमल जी स्वामी को ढंढ़ण मुनि की उपमा बुरी लगी।
वे नाराज हुए और कई दिनों तक अनबोल रहे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सावधानी का संकेत

सर्व सम्पन्न ओसवाल समाज में श्रीसंघ और विलायती का एक विवाद बंगाल से उठा। इन्द्र बाबू दुधोड़िया विलायत जाकर आये। समाज ने उन्हें जाति-बहिष्कृत किया। सबसे पहली पंचायत वि० सं० १९४६ मिगसर शुक्ला १० दिनांक २-१२-१८८९ कलकत्ता में बैठी। विवाद ने तूल पकड़ा। भाई-भाई बंट गये। कितने सगपन टूटे। कितनी बेटियां मां-बाप के स्नेह से वंचित हुईं। गांव-गांव और घर-घर में दो पक्ष खड़े हो गये। आपसी खान-पान, लेन-देन और बेटी-व्यवहार बंद हो गया।

श्री भाईजी महाराज के दादा राजरूपजी खटेड़ ने उसी प्रसंग पर नौकरी छोड़ी। वे नेमचन्द हरखचन्द दुधोड़िया—सिराजगंज के करतम-धरता मुनीम थे। राजरूपजी श्रीसंघी थे और मालिक दुधोड़िया जी विलायती जाति-बहिष्कृत।

वही झगड़ा थली में देशी-विलायती के नाम से उठा। चूरू उसका मुख-केन्द्र बना। सुराणा शुभकरण जी (तेजपाल वृद्धीचंद) की बारात अजमेर लोढ़ों के यहां गयी। वहां राजा विजयसिंहजी (विलायती) पहुंचे। एक ओर चूरू के कोठारी दूसरी ओर सुराणा, दोनों ही दिग्गज। देशी-विलायती के नाम पर परचेबाजी चली। कितने विवाह-मंडप उजड़े। कितने बिरादरी के भोज बिगड़े। बढ़ते-बढ़ते उस विवाद ने धर्म-संघ पर भी हाथ डालने का असफल प्रयत्न किया। श्रावक समाज के दो गुट धीरे-धीरे साधु-समाज को भी घेरने लगे। भीतर ही भीतर कुछ साधु देशी और कुछ विलायती माने जा रहे थे। उनका आपसी वार्तालाप भी एक-दूसरे पक्ष को हीन-श्रेष्ठ कहते नहीं चूक रहा था। यद्यपि आचार्य कालूगणी जी बहुत सजग और निष्पक्ष नीति से माध्यस्थ भाव बरतते रहे। स्थिति पर उनकी अच्छी नजर थी।

वि० सं० १९८६ पूज्य प्रवर राजलदेसर पधारे। व्याख्यान के बाद

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वींजराजजी वैद गुरुदेव की सेवा में पहुंचे। उन्होंने बड़े विनय से निवेदन किया—खमा घणी! क्या सन्तों को भी देशी-विलायती के झंझट में पड़ना चाहिए? मैं शिकायत नहीं, संघीयता के नाते ध्यान खींचना चाहता हूं। अमुक अमुक साधु अमुक-अमुक पार्टी का पक्ष ले रहे हैं। कुछ मुनिजनों के पास परस्पर विरोधी छापे—पैम्पलेट भी हैं। कहीं यह विष-बेल का अंकुर अहित न कर दे।

संत गोचरी गये हुए थे। मुनि शिवराज जी स्वामी (कोटवाल) को आदेश मिला। संतो के पुट्ठे मंगवाये गये। निरीक्षण हुआ। बात सही निकली। पूज्य कालूगणी का रंग बदला। ज्यों-ज्यों संत गोचरी से आते गये, एक-एक कर पेशियां पड़ीं। उपालंभ तो मिलना ही था। पैम्पलेट रखने का प्रायश्चित्त दिया गया। मुख्यरूप से मुनि सकतमल जी, कानमल जी स्वामी, सोहनलाल जी स्वामी (चूरू) आदि सन्त उस में पात्र थे। उसी लपेट में श्री भाईजी महाराज भी आये। पूठे से एक छापा निकला। सबके बाद श्री कालूगणी ने फरमाया—चम्पा! तू कहां उलझा? भाई! यह काम हमारा नहीं है। आगे से सावधान रहना! जाओ।

इस सारी घटना को श्री भाईजी महाराज ने एक पद्य के माध्यम से हमें बताया—

'किती कहूं कालू कृपा, कृत-मुख करुणा-धाम।
चम्पा! तूं उलझ्यो कठे?, (ओ) नहीं आपणों काम।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२३

एक शब्द में पानी-पानी

गुरु गुरु होते हैं। वे अपनी गरिमा के धनी होते ही हैं, साथ-साथ वत्सलता के सागर भी होते हैं। उनकी उदारता उन्हीं में होती है। शिष्य की छोटी-बड़ी गलती की ओर वे नहीं देखते। वे देखते हैं जीवन-परिष्कार की मौलिकता।

श्री भाईजी महाराज ने अपने अनुभवों के बीच फरमाया—

छापर की बात है। नाहटा रेंवतमल जी की महफिल में पूज्य गुरुदेव कालूगणी का विराजना था। मंत्री-मुनि मगनलाल जी स्वामी के साथ मैं गोचरी जाया करता। उनकी गोचरी-कला, द्रव्यों की परख, खपत का अनुमान, दाता का अभिप्राय और समयज्ञता सीखने-धारने जैसी थी। दूसरी बार किसी छोड़े हुए द्रव्य को लाना उन दिनों मेरा काम था। मुझे भेजा गया। मैं चने की दाल अधिक ले आया। ले क्या आया, दाता ने भावावेश में अधिक डाल दी।

कालूगणी ने मुस्कराकर फरमाया—इतनी कैसे लाया? मैंने निवेदन किया, लाया नहीं गुरुदेव! बहराते समय ज्यादा डाल दी।

मगनमुनि बोले—'थारै तो गोबर ही न्हाख देई? है भभेक? मूरख कठैइं को, जा लेजा, आपां रै रीत है—'बत्ती ल्यावै बीनै सूंप देणी।'

उपालंभ के तेज-स्वरों में कही गई बात मुझे चुभ गयी। कुछ उन्मने भाव से मैं दाल की पात्री ले साझ-मंडल में आया। किसी को बिना कुछ कहे दाल पीने बैठ गया। संतों ने पूछा—क्या बात है? मैं कुछ नहीं बोला। सोहन मुनि चूरू, तपस्वी सुखलाल जी स्वामी और मुनि जसकरण जी ने टोकते हुए कहा—करते क्या हो? कोई खराबी हो गई तो? पर मैं कब सुनने वाला था। दाल पीता गया। जब संतों ने पात्री पकड़ी तो मैंने अपनी लय में कहा—नहीं-नहीं, कुछ नहीं होगा, मगनलाल जी स्वामी ने बख्शाइ है। मंत्री-मुनि आहार-मंडली में पधारे। संतों ने शिकायत की। मगन मुनि ने 'वज्र मूर्ख है' कहकर बात टाल दी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कालूगणी को पता चला—मुझे नजदीक बुलाकर वात्सल्य उंडेलते हुए फरमाया—चम्पालाल ! ऐसा नहीं करते, वह तुझे अकेले को थोड़े ही सौंपी थी। मगनलाल जी स्वामी तो तुम्हारी गंभीरता परखते थे। जाओ, आइन्दा ध्यान रखना। बस, एक शब्द में मेरा जहर उतर गया। मैंने मंत्री मुनि से सविनय क्षमा मांगी।

'गुरु की गुरुता गजब की, वत्सलता अनपार।
एक शब्द में ही दियो, म्हारो जहर उतार ॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२४

जीवन का एक सौभाग्य : सेवा

सेवा सेवा है। उसमें विनिमय नहीं होता। तुम करो तो मैं करूं, यह तो गधा खाज है। एक गधा दूसरे गधे की खाज तब तक करता है, जब तक वह करे, एक छोड़ता है दूसरा भी छोड़ देता है। हम सेवाव्रती हैं। संघ हमारा है, हम संघ के हैं। संघ का हर सदस्य अपना है। छोटा-बड़ा, कामल-बेकाम, अपना-पराया—यह भेद संघीयता में खटता है। हमारा कलेजा सवा हाथ का हो। विचार उदार रहे। सेवा में न आदेश का इंतजार होता है और न विनय की प्रतीक्षा। जो कुछ भी हम करें निर्जरा के लिए करें। प्रशंसा लोकैषणा-से परे हमारा हर सेवा-कार्य संघीय गौरव के लिए हो। इसी का नाम तेरापंथ है, जहां सबके लिए हम और हमारे लिए सब हैं।

वि० सं० १९८९ का मर्यादा-महोत्सव श्री डूंगरगढ़ में हुआ। होली बीदासर की फरमायी गयी। श्रद्धेय कालूगणी जी महाराज का ससंघ रीडीगांव से विहार हुआ। रीड़ी और धर्मास के बीच पांच कोस का लम्बा रास्ता था। रास्ता भी रेगिस्तानी धोरों का। मुनि सम्पतमल (डूंगरगढ़) नये-नये दीक्षित थे। उमर भी क्या थी ? कुल नौ वर्ष। पहला-पहला विहार। सर्दी का मौसम। नये मुनि ठिठुरा गये। शरीर कांपने लगा। बेचारे चले भी कब थे ? जब उनसे चला नहीं गया, वे बैठ गये। मैं (श्री भाईजी महाराज) पीछे से आया। देखा, बाल मुनि परेशान हैं। पांव ठर गये हैं।

मेरा कर्तव्य-बोध मुझे कुछ सहयोग करने को कह रहा था। और मैं क्या योग्य था जो कुछ कर सकूं। मैंने सम्पत मुनि को अपने कंधे पर उठाया और लगभग तीन कोस सकुशल धर्मास पहुंचाया। बीच में मिलने वाले संतों ने मेरा सहयोग किया। उस दिन मेरे मन में एक अचिन्त्य खुशी थी। लगता था आज मैंने कुछ किया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पूज्य गुरुदेव कालूगणीजी ने सब संतों के बीच संघीय भावना की शिक्षा देते हुए मुझे इक्कीस कल्याण से पुरस्कृत किया। संघपति सदा सेवा को प्रोत्साहन देते रहे हैं।

समय पर संघसेवा का ऐसा अवसर मिले यह जीवन का सौभाग्य होता है। संतों! अवसर मत चूको। उत्साहपूर्वक की गई सेवा निर्जरा—महाकल्याण का हेतु है। संघ का काम संघ से चलता है, संघ से बड़ा और कोई नहीं।

'संतां! शासन में सदा, सेवाधर्म अतुल्य।
श्रीकाल करुणा करी, आंक्यो सेवा-मुल्य॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२५

सुमिरन अचिन्त्य शक्ति है

भय आदमी के मन की संज्ञा ही है। उसे डर लगता है, पर डर कुछ है तो नहीं। सामान्यतया कोई किसी का कुछ बिगाड़ता नहीं जब तक सामने वाला हमसे आहत नहीं होता। हम भी डरते हैं और वह भी डरता है। कष्ट सबको अप्रिय है। जानवर भी प्रेम चाहता है, प्रेम करता है, यदि हम उसे अभय कर दें।

भाईजी महाराज ने फरमाया—मैं प्रारम्भ से ही निडर था। आज भी आमने-सामने मुझे डर कम ही लगता है। हां, बहम से तो कई बार रात-रात भर मुझे भी नींद नहीं आती। किसी भी विषैले जानवर को देख लेने के बाद मैं प्रायः नहीं डरता। सांप, बिच्छू और कांसलाव को मैं बिना झिझक के कपड़े से ही पकड़ लेता हूं। क्षुद्र जंतुओं से ग्लानि-सी होती है। ग्लानि, केवल यह कि बेचारा चिगदा न जाये, मर न जाये।

वि० सं० १९९० की बात है। आचार्य कालूगणीजी महाराज ईडवा पधारे। पुराने उपाश्रय की चबूतरी पर अभयराज जी चोरड़िया और मैं थोकड़े चितार रहे थे। बाल-मुनियों का अध्ययनशील-दल भीतर सीखने-चितारणे में व्यस्त था। मेरे पांव पैड़ियों पर लटके हुए थे। रात का समय था, अंधेर गुप्प। वह भी एक युग था। मेरे पैर पर कुछ गीला-गीला निकलता-सा प्रतीत हुआ। भिक्खू स्वाम। भिक्खू स्वाम, करता मैं क्षण भर स्थिर रहा। झटका देकर उठा कि चोरड़िया जी ने पूछा—क्यों। क्या बात है? महाराज! मैंने कहा—कोई जानवर-सा है। उन्होंने प्रकाश लाकर देखा तो दो-अढ़ाई हाथ लम्बा काला मोटा सांप था। जब तक मेरे पैरों पर से वह पूरा नहीं निकल गया, मैं नहीं हिला। आज सोचता हूं, गुरुदेव की कृपा ही थी, मैं निडर होकर स्थिर रह सका। यदि हिला होता तो शायद वह भी डरता और छिड़ जाने के बाद मुझे काटता भी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संतों ! जब कभी ऐसा अवसर आये, स्वामीजी का स्मरण करो। वह नाम अचिन्त्यमहामंत्र है।

सुमिरन शक्ति अचिन्त्य है, परखो धर अनुराग।
निकल्यो निबियै ईडवें (जद) पैरां पर स्यूं नाग॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२६

सेवार्थी की पहचान

पूज्य-पाद श्रद्धेय कालूगणी फरमाया करते थे—कठिन श्रमवाली सेवा औरों पर मत डालो। अकेले स्वयं से वह पार न पड़े तो किसी सहयोगी को चुनो, पर जी मत चुराओ, मुंह मत लुकाओ। 'अहं प्रथमः' का उत्साह ही सेवार्थी की असल पहचान है।

श्रीभाई जी महाराज ने अपना एक उदाहरण देते हुए बताया, मुसालिया (मारवाड़) की बात है। भयंकर गरमी के दिन। मध्य दुपहरी में बाल-मुनि सम्पत, पंचमी समिति के लिए बाहर गये। सरदार नाहरसिंह साथ में था। अनजान संपत मुनि नदी में चले तो गये। वह गरम-गरम तपी हुई बालू। अब लगे पैर जलने। वे वापस नहीं आ सके। पैरों में फफोले पड़ गए। रोने लगे। सरदार नाहरसिंह ने दौड़-दौड़े ठिकाने आकर गुरुदेव से निवेदन किया। उस समय कालूगणी महाराज की सेवा में मैं बैठा था। आचार्य देव ने फरमाया—चम्पा! सुखलाल को बुला तो। मैंने निवेदन किया—क्यों गुरुदेव? आचार्यवर ने कहा—नानक्या ने ल्याणों है रे?

मैंने निवेदन किया—सुखलाल जी स्वामी क्या करेंगे? मैं ही ले आता हूं।

श्री जी ने फरमाया—पैर बहुत जलते हैं, तेरे से पार नहीं पड़ेगा। उसी को बुला।

मैंने गुरुदेव के चरण पकड़ लिये—'यह अवसर तो मुझे ही बख्शाइये, विश्वास कीजिए, आपकी दया से सब पार पड़ जाएगा।'

गुरुदेव ने कंबल साथ लेकर जाने का आदेश फरमाया। गुरु गुरु होते हैं। उनकी महानता उन्हीं में होती है। आचार्य हर समस्या का समाधान भी जानते हैं। यदि उस दिन कंबल लेकर नहीं गया होता, तो नदी की रेत पार कर आना मुश्किल था। संपत को उठाकर लाना पड़ा। उसके पैरों में छाले पड़ गये थे, उसके क्या मेरे पैरों में भी छाले पड़े। चेहरा लाल-लाल हो गया। ज्यों ही संपत को

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लेकर मैं आया, गुरुदेव ने मुझे शाबासी के साथ ३१ कल्याणक से पुरस्कृत किया। सन्तों ने मेरी हिम्मत सराई। मगन-मुनि ने दाद दी और मुनि जीवराज जी (संपत के संसार पक्षीय पिता) ने कृतज्ञता व्यक्त की।

आचार्य प्रवर ने फरमाया—सेवा भावना का पता ऐसे मौके पर लगता है। 'सेवा री शोख इंरो नांव'।

'संतां ! कठिन-कठिन सेवा को, अवसर जद कद आवै।
सब स्यूं आगे रह सेवार्थी, 'चम्पक' भाग्य सरावै ॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२७

वीरमती

बीकानेर लाल कोठरी से निकलते ही उनका पहला मकान है। वैसे तो वे जैन हैं, उन पर दिनों साम्प्रदायिक वैमनस्य के कारण आपस में खूब तनाव रहा करता था। वहां भी वही हाल था। पड़ोसी और विरोध में रस लेने वाला फिर तो क्या पूछना? उस घर की माजी का असल नाम क्या था, मैं नहीं जानता पर साधारणतया सब लोग उन्हें 'वीरमती मां' कहा करते थे।

वीरमती आभानगरी के महाराजा चन्द की सौतेली मां थी। वह बड़ी कौतुक-कर्मी, जादू-टोनों में माहिर और कड़क स्वभावी थी। उसके चंड-स्वभाव से सभी कांपते थे। चंड-चरित्र की वह वीरमती कथा-प्राण थी। वही हाल हमारी इस मांजी का भी था। सारा परिवार कांपे, इसमें कोई बड़ी बात नहीं, पर पूरा मोहल्ला मांजी की धाक से धूजता था। कोई भी परिचित मांजी की प्रकृति से अपरिचित नहीं था। मांजी जब राजी होती, सात हाथ की सोड़ में सोवो, पर नाराज होने के बाद वह छींट नहीं छोड़ती। पर, न जाने क्यों ऐसे लोगों से भाईजी महाराज की खूब पटती थी।

वि० सं० २००२ के जेठ की बात है। उन दिनों वीरमती मांजी के घर कमठा (चुनाई का काम) चल रहा था। पिरोल दरवाजे के ऊपर मालिया बन तो गया था, पर अभी लिपाई हो रही थी। बाहरी लिपाई के लिए ऊपर से एक खाट लटकाई। खाट के उस मंचान पर चढ़े कारीगर लिपाई कर रहे थे। तीन आदमी मंची पर बैठे काम कर रहे थे। ऊपर से एक व्यक्ति और उतरने लगा। संयोगवश भाई जी महाराज उसी समय उधर से निकले।

मुनिश्री ने मिस्तरी को आवाज देते हुए कहा—अरे भाई! देखना जरा, हमें तो निकल जाने दो। कहीं ऊपर से दीवार न खिसक जाये?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'गोली गार दिवार थे, चढ़ग्या लड़दा च्यार।
ढहणै रा 'चम्पक' ढचक, ए साहमा आसार॥'

नयी चुनी हुई गीली दीवार है। तुम तीन तो इस मंची पर बैठे ही हो, चौथा और उतर रहा है।

उनमें से एक ने बीकानेरी बोली में कहा—'भीतो ढह्या करै है क्या? थों ढूंढिया क्या जाणो' ?

भाई जी महाराज शीघ्र गति से लाल कोठड़ी के चौक में पहुंचे। अडडडड···। एक आवाज आई, मंचान पर बैठे लोग चिल्लाए। घूमकर देखा, एक ओर की दीवार खिसक गयी थी। मंचान का एक भाग झुक गया। एक आदमी लटक गया। दो जन कूदकर खिड़कियों के रास्ते से भीतर पहुंच गये। एक व्यक्ति बेचारा रस्सी के बल अब भी अधबिच में झूल रहा था। पर चोट किसी के नहीं आई। सभी बाल-बाल बचे।

आवाज सुनते ही मांजी वीरमती दौड़कर बाहर आई। चारों आदमियों को नीचे बुलाया। दो-पांच गालियां डांटी। उन्हें लेकर लाल कोठड़ी के चौक में आई और भाईजी महाराज के चरणस्पर्श करवाकर बोली—रोंड़रा! थों क्या जाणीस महारासा ने?'

मांजी उन्हें समझा रही थी—सन्तों का प्रताप था, आज तुम बच गये। सन्तों को अनुभव होता है। देखा! भाईजी महारासा की बात कितनी सच निकली।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२८

पाणी लारै लहताण

श्री भाईजी महाराज की २००६ की दिल्ली यात्रा में हरियाणा आया। सैकड़ों-सैकड़ों लोग पैदल यात्रा में साथ थे। हरियाणा का अग्रवाल समाज भक्ति-प्रधान और संघीय भावना से ओत-प्रोत है। भाईजी महाराज का अपना निर्णय था—यथासंभव हर गांव को परसा जाए, जहां तक हो कोई खेड़ा भी न छूटे। तीन रात टोहाना बिराजकर 'लौन' के लिए विहार हुआ। २००५ चैत्र-कृष्णा त्रयोदशी का दिन था। वह हरियाणा का कच्चा मिट्टीदार रास्ता। धूप इतनी तेज निकली कि सन्तों को प्यास लग गई। रास्ते में 'धमताण' गांव आया। जमींदारों की बस्ती। छग्गु-बा बोले—मैं पानी ले आता हूं, आप रुको। वे पानी की गवेषणा में गए। एक जमींदार के घर गर्म उबला पानी मिला। छोगालाल जी स्वामी आधा पानी लाए, आधा छोड़ आए। यह सन्तों की विधि है। हमें आवश्यकता है पर गृहस्थ को भी आवश्यकता हो सकती है। सन्तों को देने के बाद पानी और बनाए, यह पश्चात् कर्मदोष है। उस गर्म पानी को ठंडा करने हमने गरणा (कपड़ा) लगाया, पानी ठर रहा था कि एक बूढ़ा जमींदार हाथ में लाठी लिये बकता-बकता आया—'कहां है वह सुसरी का साधु जो अभी-अभी पानी लाया है? कहते-कहते उसने छग्गु-बा का हाथ पकड़ा और बोला—पानी तू लाया? बता! वह पानी कहां है? मुंह बांधकर लोगों को ठगता फिरता है? बहुत देखे हैं तेरे जैसे मुंह-पटिये ठगों को। छटांक पानी से, तेरा घींटवा गीला होवै था। मैं जानता हूं तू मेरी बहू पर कामण (जादू-टोना) करके आया है? बता-बता! वह पानी कहां है? कहते-कहते उसने लकड़ी से पानी का पात्र उलटा कर दिया। वह उछल-उछलकर लट्ठ तान रहा था। आज मैं नहीं छोड़ता। बहुत दिन हुए हैं तेरे को टोहते।

भाई लाजपतराय (टुहाना) और दुलीचंद (भिवानी) गर्म हो गये, बूढ़े से भिड़

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पड़े। गांव के सैंकड़ों और साथ के लोग बीच-बचाव कर रहे थे। वह बूढ़ा वेग में था। अंट-संट ग्रामीण भाषा में गालियां दे रहा था। आज मैं देख लूंगा, इन मोड़ों को। यह आधा पानी लाया और आधा क्यों छोड़ आया? इसने टोंणा किया है टोंणा। मेरे में बीती है, मैं जानता हूं। मैं रोऊं तेरे उस बहनोइये को, जिसने मेरी गृहस्थी बरबाद कर दी। उसके हाथ-पांव पूरा शरीर गुस्से में थर-थर कांप रहे थे।

श्री भाईजी महाराज कमरे से बाहर पधारे। सबको शांत किया और उससे पूछा—भाई पटेल! क्या बात है? पहले तुम्हें यह बताऊं। हम वे ढोंगी नहीं हैं। तेरापंथी साधु हैं। त्यागी हैं। इधर गांव के कुछ मुखिया आये। एक साधु के साथ अभद्र व्यवहार पर सबको खेद था। मुनिश्री ने कहा—पहले इसे अपने मन की बात कहने दो। हां, भाई बाबा! बता, क्या हुआ? हम नाराज नहीं हैं? संत का लाया पानी ढोल देना अपराध है, पर मैं तुम्हें माफ करता हूं। पर तेरे हुवा क्या, यह तो बता?

वह अब थोड़ा ठंडा पड़ा। बोला—बैठ लेने दो तो बताऊं। भाईजी महाराज बाहर चबूतरे पर बिराजे। वह भी बैठा। लोगों का मजमा सुन रहा था। उसने कहा – तेरे जैसा ही एक मुंहपटिया आया था, दो साल पहले। वह भी इसी तरह पानी लाया था जैसे यह बूढ़लिया लाया। मैं नहीं जानता यही था कि और कोई। आधा पानी लाया, आधा पीछे छोड़ आया। उसने लाए हुए पानी में कुछ पढ़ा। मेरी बहू पर कामण-टूमण किया। मैंने न करने जितने इलाज कराए, पर वह ठीक नहीं हुई। मैं पैसों से बरबाद हुआ। वह भी नहीं बची। मेरी आत्मा रो रही है! बोल! अब मैं के करूं? वैसा ही इसने भी किया? मन्नै बता तो सही एक घूंट पानी से इसका के घींटवा (गला) गीला होवै था?

भाईजी महाराज ने कहा—ले बाबा! अब मेरी भी सुन। अब तो तेरा बहम निकला न, तैंने पानी ढोल दिया। अब तो इस पानी पर कोई कुछ नहीं पढ़ सकेगा? देख! हम वे कामण पढ़ने वाले संत नहीं हैं। तू टोहाने के लाला रणजीतसिंह चौधरी को जानता है?

बूढ़ा बोला—हां-हां खूब, बड़ा मातवर आदमी है चौधरी, के पूछना उसका। भाई जी महाराज ने कहा—और भगत मानसिंह को? बूढ़ा बोला – अरे वाह! वो तो धर्मात्मा है, महाराज! साक्षात् भगत, सांचा भगत। तुम उसनै कैसे जाण दे हो?

भाईजी महाराज ने फरमाया—बाबा! हम चौधरी रणजीतसिंह और भगत मानसिंह के गुरु हैं। उन्हीं से पूछ लेना, हम कैसे हैं? यह देख, ये रहा लाजपतराय, चौधरी रणजीत का बेटा है, बेटा।

बूढ़े ने पैर पकड़ लिये। महाराज माफ करना, मैं तो तेरी इज्जत बिगाड़ने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आया था। पर संत, तेरी शांति ने मेरा गुस्सा खा लिया। माफ करिए मेरा कसूर। चल ईब पानी गरम करवा दूं ? बूढ़े ने आग्रह किया।

और मेरे जैसे लोग सोच रहे थे—हो गया पानी गरम ? गरम क्या ? गरम होकर ठंडा भी हो गया।

लगभग एक घंटे से ऊपर समय इसी झक-झोड़ में बीता। धूप तेज हो गई थी। संतों को प्यास सता रही थी। हमें अभी 'लौन' पहुंचना था। लोगों ने जय बोली। विहार हुआ। पर छग्गू-बा अभी तक कहे जा रहे थे—आसरे हैं क नीं ? ओ मूरखो ! म्हारैऊं ऊं करै, लकड़ीऊं डरावै मनै, ओरी म्हूं-पाणी। छग्गू-बा को देख श्री भाईजी महाराज हंसे और बोले—

छग्गू-बा ! आ के ल्याया, पाणी लारै लहताण।
रह्या तिसाया, चढ्यो तावड़ो, वाह रे ! वाह ! धमताण ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२६

नये मकान और आज के जवान

वि० सं० २००६ में श्री भाईजी महाराज सर्वप्रथम दिल्ली यात्रा को पधारे। हरियाणा (पंजाब-पेपसू) का स्पर्श करते हुए हम नांगलोई पहुंचे। नांगलोई दिल्ली से कोई १० मील इधर है। सड़क के किनारे बनी एक पुरानी सराय में हम रुके। सराय बराये-नाम है। किसी युग में आने-जाने वाले यात्री-वाहन यहां विश्राम करते होंगे। वहां एक विशाल बरगद (बड़) का पुराना पेड़ है। उसके नीचे एक तिबारी और साथ ही एक छोटी-सी कोठरी। पास ही एक कुआं। हम उसी सराय में ठहरे। सहवर्ती यात्री भी वहीं थे। आकाश बादलों से घिरा था। सायंकाल स्थानाभाव देख यात्री लोग आगे दिल्ली चले गए। हमें तो वहीं रहना था। हमारे पास रतन कहार (दिल्ली) और पूसाराम सेवग (राजलदेसर)—दो व्यक्ति रहे।

कोई घंटा भर दिन रहा होगा, बारिस प्रारंभ हुई। अचानक तीव्र वेग से तूफान (बातूल) आया। एक साथ बिजली कड़की और जोर-से एक धमाका हुआ। हम सब जिस कोठरी में बैठे थे, उसी की छत पर बड़ की एक विशाल शाखा टूटकर गिरी। पूरा मकान हिल उठा, मानो कोई भूकम्प आया हो। धमाके के साथ ही कोठरी की छत और दीवार में एक मोटी तरेड़—दरार आ गयी।

श्री भाईजी महाराज दोनों कोनों में अंगुलियां दबाए, आंखें मूंदे—'भिक्खू स्वाम, भिक्खू स्वाम' 'शांतिनाथ प्रभो, शांतिनाथ प्रभो' रटे जा रहे थे। मुनिश्री को कड़कने और गर्जने का अतिशय भय लगता था। ज्यों ही मकान फटा कि आंखें खुलीं। हम सभी संत भयभीत थे। बाहर निकलने का रास्ता टूटी शाखा ने रोक लिया था।

रतन और पूसाराम तिबारी में से चिल्ला-चिल्लाकर कह रहे थे—क्या हुआ? महाराज! क्या हुआ? श्री भाई जी महाराज ने फरमाया कुछ नहीं हुआ, डरो मत, जो होना था हो गया। अब कोई भय नहीं है। जो मकान पुराना है, उसकी नींव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मजबूत है। गिरता तो अब तक गिर गया होता। यही तो हाल है, पुराने मकानों और पुराने आदमियों की नींवें मजबूत होती हैं। आज का नया मकान इतने में कब का गिर गया होता। न तो आज के मकानों की गहरी स्थिति है और न आज के जवानों की।

थोड़ी ही देर में वह चहका (तूफान) निकल गया। बारिश बन्द हुई। हम बड़ी कठिनता से बाहर निकले। देखा, चारों ओर वृक्षों के ढेर हो गए हैं। हमारे ऊपर जो बड़ की शाखा गिरी थी, वह कोई बाथ में भरे इतनी मोटी और कम-से-कम ४०-४५ फीट लंबी थी। छत पर चढ़कर जब देखा अभी वह कोठरी की छत पर अधर झूल रही थी।

श्री भाईजी महाराज ने फरमाया—आज का हमारा सही-सलामत रहना स्वामीजी का प्रताप है, आचार्यप्रवर की कृपा का फल है, संघ का प्रभाव है और बडेरों की पुण्याई है। भला, इतना बोझा गिरने के बाद भी मकान खड़ा रहे, बड़ा आजुबा और अनोखी बात है। पुरानी सभी चीजों की पुस्तें मजबूत होती हैं—कहते-कहते मुनिश्री ने एक पद्य कहा—

'पुस्त पुरांणा री पकी, मुचै न मिनख मकान।
अस्थिर 'चम्पक' आजरा (ऐ) नुवां मकान जवान॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३०

चहके का चक्कर

प्रातःकाल ज्यों ही हम दिल्ली की ओर बढ़े, देखा सड़क अवरुद्ध है। सैंकड़ों-सैंकड़ों वृक्ष इस तरह छिन्न-भिन्न हुए पड़े हैं मानो कोई प्रलय का झोंका आया हो। पांच मील तक का रास्ता वृक्षों की टूटी डालियों ने रोक रखा है। जिधर देखो उधर वृक्षों का बेहाल है। कई-कई वृक्ष तो एकदम उलटे हो गये हैं, जड़ें ऊपर हैं और टहनियां नीचे। रात भर से दिल्ली रोहतक रोड ठप्प है। न कोई कार आ-जा सकती है और न कोई ट्रक। सुनसान वीरान-सी सड़क पर हम कभी चढ़ते हैं, कभी उतरते हैं।

एक पीपल के पेड़ को उलटा पड़ा देख श्री भाईजी महाराज के पांव बरबस थम गये। चिन्तन की मुद्रा में कुछ क्षण रुककर मुनिश्री ने फरमाया—

जब चहका आता है ऐसा ही होता है। कौन उथल जाए, कौन खड़ा रहे, यह निर्णय करना कठिन है। उसी का खड़ा रहना, खड़ा रहना है, जो तूफानी झोंके में अडिग रहता है। कितने ऐसे आदमी हैं जो झोले में न डोले। भाई! यह तो चक्कर ही ऐसा है—देखो! इतना बड़ा देववृक्ष, जिसमें कोई कांटा नहीं, बांक नहीं, बुराई नहीं, कड़वाहट नहीं, शांत, कोमल, सुहावना, सर्वप्रिय और इतना विस्तृत। कोई चाहे कितना भी बड़ा हो, कितना भी विस्तृत हो, विद्वान हो, कितना ही लोक-प्रिय हो, जिसने जड़ें छोड़ दीं, वह उथल जाएगा। संघ धरती है। संघ में जो जितना गहरा और मजबूती से गड़ा हुआ है। वही खड़ा रहेगा। वातावरण के चहके में जिसके पांव उखड़ गए, वह गया समझो। बातूल का सहना कोई के वश की बात नहीं है—जो उखड़ जाता है, उसकी यही गति होती है।

'चम्पक चहकैं रो चकर, सह नहि सकैं हरेक।
टहण्यां तो नीचै टिकी ऊपर जड़्यां उवेख॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३१

मूरख कोचवान

भाईजी महाराज का २००६ का वर्षावास पुरानी दिल्ली नया बाजार में था। उस वर्ष आचार्यप्रवर जयपुर विराज रहे थे। मुनिश्री का यह आचार्यप्रवर से अलग दूसरा चातुर्मास था। एक दिन सायंकाल तीस हजारी पुल उतरकर हम अजीतगढ़ जाने वाले राजपुर मार्ग की मोड़ पर मुड़े। एक तांगेवाला हमारे पास-पास निकल रहा था। हम देख रहे थे उसका घोड़ा बार-बार रुकता था। कोचवान चाबुक मार-मारकर उसे आगे बढ़ने को बाध्य किए जा रहा था। भाईजी महाराज ने एक बार, दो बार, तीन बार देखा। घोड़ा हमसे आठ-दस कदम आगे निकलता है फिर रुक जाता है। उसका यों बार-बार मार्ग में आड़े आ-आकर रुकना मुनिश्री को सर्वथा असुहावना लग रहा था।

भाईजी महाराज के चेहरे पर करुणार्द्रता के भाव झलक उठे। ज्यों ही चौथी बार घोड़ा रुका, कोचवान ने चाबुक सड़काया कि घोड़े ने दुलत्ती चलाई। 'पड़ाक' तांगा बोला। भाईजी महाराज से न रहा गया। माथा ठोकते हुए मुनिश्री ने कहा—डफोल ! मेरे सिर पर ही आकर रोयेगा क्या ? फिर रोयेगा तो पहले ही सोच ले।

मैंने पूछा—'क्यों ?'

भाईजी महाराज ने फरमाया—क्यों क्या ?

'कशा मार, खेंचैं कुशा, ओ बे-अकल अजाण।
करमां नै रोसी कुशी ! प्रोथी तजसी प्राण ॥'

लगता है, घोड़े का पिशाब रुक गया है। यह बार-बार पिशाब करने की चेष्टा करता है। कोचवान अनभिज्ञ है। पहचानता नहीं। घोड़ा हांफ गया है। संभव है यह मूरख कोचवान घोड़े से हाथ धो बैठेगा, फिर रोएगा कर्म पर हाथ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धर कर।

कोई दस ही कदम आगे चर्च की नुक्कड़ पर हटात् घोड़ा गिर पड़ा। लोगों की भीड़ जमा हो गयी। जब हम शौच निवृत्ति कर पुनः लौटे तो देखा, हट्टा-कट्टा मजबूत जवान घोड़ा मरा पड़ा है और एक ओर तांगे के पास खड़ा कोचवान रो रहा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३२

यह कैसा है, बताऊं ?

मैं 'श्रमण-सागर' जैसा आज दिखता हूं, पहले नहीं था। प्रकृति में ऊफान इतना था—क्षण-भर में आपे से बाहर। मुझे सुधारने में भाईजी महाराज को बड़ी खेवट खानी पड़ी। वे, वे ही थे, जिन्होंने मेरा उचित, अनुचित सब कुछ सहा। मैं महीनों-महीनों भाईजी महाराज से अनबोल रह जाता। हां, गुण मेरे में एक था—मैंने कभी अपना स्थान नहीं छोड़ा। उनकी प्रकृति भी बड़ी कड़ी थी। यों स्वभाव सरल और स्नेहार्द्र भी हद से पार था, पर कड़ाई जब करते, वहां भी बेहद।

दिल्ली की बात है। एक दिन मेरा मूड बिगड़ा हुआ था। पटक-झटक उस समय सहज थी। जान-बूझकर नहीं किन्तु असावधानी से सफेद-पात्री सूखी करते हाथ से गिरी और टूट गयी। कोई लोहे का बर्तन तो था नहीं, थी तो आखिर लकड़ी की पात्री ही। अब होश आया। भाईजी महाराज ने देख तो लिया पर कुछ नहीं बोले। मैं गया और असावधानीवश हुए प्रमाद की माफी मांगने लगा। उनकी उदारता भी उन्हीं में थी। मुस्कराकर फरमाने लगे—कुमाणस ! अब तो हुआ गुस्सा ठंडा ? 'पतली पाड़ पतली', अब तू बच्चा नहीं है, स्याणा हो गया है। तोड़ना था तो पात्री क्या, इस अहं को तोड़ता न ? इतने में आ गई साध्वी गोरांजी। उन्होंने आते ही कहा, भाईजी महाराज ! सागरमलजी स्वामी आपके बड़े विनीत-साताकारी संत हैं। इन्हें देखती हूं तो मेरा जी सोरा हो जाता है। ये मुझे अपने छोटे भाई-से लगते हैं।

सुनते ही भाईजी महाराज ने फरमाया—हां-हां, तुम्हें तो ऐसा ही लगता है, पर मुझे लगे तब न। यह अक्कल का सागर कैसा है, बताऊं ?

'बड़ो कुमाणस सागरियो, गोरांजी ! थारो भाई,
बाई ! ई नै समझाओ तो, मनै हुवै सुखदाई

देखो, फोड़ी नुई पातरी, थोड़ो सो चिमठाओ
भले आदमी मैं कद आसी, अक्कल मनै बताओ ?'

साध्वी गौरांजी ने मेरी ओर से नरमाई करते हुए कहा—भाईजी महाराज ! ये टाबर है, टाबर तो गलती किया ही करते हैं। आप महान हैं, कृपा कर यह पात्री मुझे दिरावो। मैं सांध लाऊंगी।

साध्वी गौरांजी की विनम्रता और मेरे प्रति सहानुभूति तथा श्री भाईजी महाराज की वत्सलता और उदारता मुझे अभिभूत कर गयी। उस दिन से मेरे में एक परिवर्तन प्रारम्भ हुआ। श्री भाईजी महाराज उसी दिन से मुझे गौरांजी का भाई और साध्वी गौरांजी को मेरी बहन फरमाने लगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३३

रजपूती का रंग

वि० सं० २००६ का दिल्ली चातुर्मास सम्पन्न कर भाईजी महाराज जयपुर पधार रहे थे। मिगसर कृष्णा ६ को हम पन्द्रह मील का विहार कर मांडीखेड़ा पहुंचे। मांडीखेड़ा सड़क के एक ओर ५०-६० घरों की बस्ती है, चारों ओर जंगल, सुनसान। हम गांव के बाहर छोटे-से स्कूल में रुके।

रात को कोई ६ बजे होंगे। गांव के ८-१० मुखिया आये और बोले—मुनिश्री आपके साथ बहनें-बच्चे हैं। यह स्थान जरा ऐसा ही है। चोरी-डकैती का भय रहता है। पीछे भी दो-तीन बार गांव लूटा गया है, अतः निवेदन है—महिलाओं को गांव में भेज दें, हमारी जिम्मेदारी है, ठीक रहेगा। उन्हें यह कहकर समझा दिया गया—हमें क्या डर है, कौन-सी जोखिम है हमारे पास? ठीक है, हम सावधान रहेंगे।

सुनते ही बहनें तो घबरा गयीं। पर भाईजी महाराज को गांव में बहनों का जाना नहीं जंचा। कमरे में बहनों की अपनी व्यवस्था थी। भाईजी महाराज ने बाहर बरामदे में अपना बिस्तर लगवाया। सर्दी तो थी पर मैं और भाईजी महाराज बाहर में सोये। संतों ने दूसरी कोठरी में बिस्तर जमाये। शेष लोग दूसरे कमरे में थे, पर ठाकुर प्रतापसिंहजी ने अपना बिस्तर बाहर लगाया और बन्दूक सिरहाने रखकर सो गये।

रात को एक बजे। अचानक बन्दूक का भड़ाका हुआ। एक के बाद दूसरा, तीसरा। गांव में हो-हल्ला मच गया। 'डाकू-डाकू' आवाजें सुन हम सभी सावधान हो गये। लोग भागे आ रहे थे। सड़क हमसे कोई २-३ फर्लांग दूर है। वहां कुछ जलता-सा दीख रहा है। भड़ाके पर भड़ाके हो रहे हैं। प्रतापजी बन्दूक ताने रास्ते पर खड़े हैं। वे कह रहे हैं—डरो मत, आराम से अपने-अपने घरों में जाकर सोओ। यह राजपूत जब तक जिन्दा है और इसके हाथ में जब तक बन्दूक है, कोई

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

डाकू नहीं आ सकता। पर, लोगों का जी कहां टिकता ?

औरतें-बच्चे बिलबिला रहे हैं, इतने में तीन-चार आदमी आते दीखे। ठाकुर प्रतापजी ने बन्दूक ताने हुए ललकारा—'रुक जाओ, हाथ खड़े कर दो।'

प्रतापसिंहजी एक फौजी आदमी हैं। राजपूती उनके रग-रग में चू रही है। आने वाले रुके और बोले, हम यात्री हैं, हमारे ट्रक में आग लग गयी है, आश्रय चाहते हैं, सोने का स्थान दे दें तो बड़ी कृपा होगी। बहम निकला। लोग घरों को गये। प्रतापजी ने ट्रक वालों को अपने पास सुलाया।

सुबह बिहार करते समय हमने देखा, ट्रक जला पड़ा है। उसके पहिये एक-एक कर ज्यों फटे, गोली की-सी आवाजें आयीं, लोगों को डाकुओं के आने का बहम हो गया। दूध का जला छाछ को भी फूंककर पीता है।

भाईजी महाराज ने फरमाया—

'मांडीखेड़ा ! तू बड़ो, बहमी भी बेढंग।
(पर) दिखा दियो परतापजी, रजपूती रो रंग।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३४

हाथी टिचकारी से हांकते हैं ?

वनस्थली विद्या-पीठ, राजस्थान का प्रसिद्ध शिक्षा-संस्थान है। २००६ के जयपुर चातुर्मास के बाद आचार्यप्रवर ढूंडा यात्रा पर पधारे। भाईजी महाराज ने दिल्ली चातुर्मास सम्पन्न कर जयपुर में आचार्यवर के दर्शन किये। भाईजी महाराज को सवाई माधोपुर यात्रा में साथ रखा गया। पिछली बार डेढ़ वर्ष पहले भाईजी महाराज ने ढूंढाड़-यात्रा की थी। हर श्रद्धा के क्षेत्र को संभाला था। गांव-गांव के जमींदारों में खूब काम किया था। इस इलाके में कोई पांच सौ से अधिक नयी गुरुधारणाएं करवायी थीं। आज यात्रा के बीच आचार्यप्रवर वनस्थली पधारे।

वनस्थली विद्यापीठ के प्रिंसिपल श्री प्रवीणचंद जैन ने आचार्यप्रवर का हार्दिक स्वागत किया। शांति निकेतन में गुरुदेव का प्रवचन हुआ। दिन-भर स्थानीय शैक्षणिक कार्यक्रमों का अवलोकन चला। दूसरे दिन प्रातः विहार से पूर्व राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री हीरालालजी शास्त्री तथा गृहमंत्री प्रेमनारायणजी माथुर पहुंचे। आधा घंटा आचार्यप्रवर से वार्तालाप हुआ। विहार में लगभग आधा-मील दोनों मंत्री साथ-साथ पैदल चले। जब वे लौट रहे थे, श्री भाईजी महाराज ने फरमाया—

'शास्त्रीजी ! अबकी बार आपने यह क्या किया ? आचार्यश्री जयपुर पधारे और आप बिना सोचे विरोधी-स्वर में मिल गये।'

शास्त्रीजी जोबनेरी बोली मैं बोले—अजी ! बाबाजी ! आपने कांई केहवां म्हे तो जोबनेर की रोही में ऊंठ चराया छा ऊंठ। (महाराज ! आपसे क्या कहूं हमने तो जोबनरे के जंगलों में ऊंट चराये हैं) और भाईजी महाराज ने तपाक से कहा—शास्त्रीजी !

'हाथी के हांक्यां करै, ऊंटां ज्यूं टिचकार।
(आ) जाणै एक गिंवार भी (थें) कियां चलाओ सरकार ?'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यह तो एक गांवड़िये का गिवार भी जानता है कि क्या हाथी को ऊंटों की तरह टिचकारी मारकर हांका करते हैं ? आप सरकार ऐसे ही चलाते हैं ?

हम सब लोग देखते ही रह गये। शास्त्रीजी ठहाका मारकर हंसे और बोले—जो हुआ सो हुआ महाराज ! हमने आचार्यश्री जी से माफी मांग ली है। शास्त्रीजी क्षण भर रुके और कहने लगे—भाईजी महाराज ! चातुर्मास में आप जैसे फक्कड़, साफ कहने वाले संत यदि जयपुर में होते तो कितना अच्छा रहता।

छूटते ही भाईजी महाराज बोले—नहीं था, यही अच्छा रहा, शास्त्रीजी ! वरना आपसे तो मेरा जरूर-जरूर झगड़ा होता ही होता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३५

एक अबूझ पहेली

वि० सं० २००७ भिवानी चातुर्मास में एक आनुप्रासंगिक संस्मरण सुनाते हुए श्री भाईजी महाराज ने फरमाया, वह—पहला-पहला दिन था, जिस दिन श्रद्धेय पूज्यपाद आचार्य कालूगणीजी ने मुनि तुलसी को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। नया-नया माहौल, नया परिवेश, सारा संघ प्रमुदित था। मेरी खुशी का क्या ठिकाना? सैकड़ों-सैकड़ों गृहस्थ और साधु-सतियों ने मुझे बधाइयां दीं। मन करता था मैं भी इन्हें कुछ दूं, पर मेरे पास देने को था क्या? मेरे पैर धरती पर नहीं टिक रहे थे। एक अलौकिक आनंद की अनुभूति में मैं जी रहा था। कल के मुनि तुलसी आज युवाचार्य श्री तुलसी हो गये थे। उनके सारे वस्त्र-पात्र बदल दिये गये। पुराने उपकरणों को कितने ही संतों ने स्मृति स्वरूप मांग-मांगकर बड़े चाव से लिया। जब मुनि तुलसी का सिरहाना (तकिया) खोला गया, उसमें एक कागज की स्लिप (परची) निकली। उस पर लिखा था—'मां वदना।' मैं नहीं जानता था—यह क्या है? क्यों है? कई सन्तों ने मुझसे उसका रहस्य पूछा, पर मैं बताऊं भी तो क्या? मुझे सबसे बड़ी हैरानी तो यह थी—'मुनि तुलसी के पास और मेरी जानकारी के बिना यह चिट।' अब तक मैं उनका संरक्षक रहा। मुझे पूछे बिना, न उन्होंने कुछ खाया-पिया, न पहना-ओढ़ा, न कभी आज तक कहीं बैठे-सोये, न किसी से कुछ लिया-दिया, अनुशासन का पर्याय-मेरा छोटा भाई, आंख की पलक के इशारे चलने वाला, उसके पास यह चिट और उसमें 'मां-वदना का नाम।' जान तो लूं मेरे से प्रच्छन्न यह कब से? पर अब वे संघ-पति के दायित्व पर थे। मेरा संरक्षणत्व दबकर रह गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मैं उस रहस्यमयी चिट के बारे में आज तक नहीं पूछ सका और शायद जिन्दगी भर न पूछ सकूं। कभी-कभी मन करता है पूछूं तो सही—

'छानै सिरहाणै छिपा, चिट कद स्यूं क्यूं मेली ?
तुलसी ! 'चम्पक' चिमठियो, बणी अबूझ पहेली ।।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३६

इसे कहते हैं भ्रातृत्व

श्री भाईजी महाराज ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा—कल तक सांयकालीन प्रतिक्रमण के पश्चात् मुनि तुलसी मुझे नित्य वन्दना करने आते। हम भाई-भाई दो-चार मिनट बात भी करते। वे इतना संकोच रखते, कभी आंख उठाकर बोले भी हों, याद नहीं आता। मेरे जैसा कठोर अनुशासन करने वाला नहीं मिलेगा, तो तुलसी-मुनि जैसा विनीत आज्ञापालक भी इरला-बिरला ही होगा।

आज वे युवाचार्य थे। रंगभवन (गंगापुर) के हाल की भीतरी कोठरी में युवाचार्यश्री का आसन लगा। सन्तों की भीड़ उनको घेरे हुए थी। मैं दूर खड़ा इंतजार कर रहा था, अपने प्रिय अनुज, नयनाभिराम युवाचार्यश्री से मिलने की। भीड़ छंटी, मैं पहुंचा। युवाचार्य तुलसी के सामने समस्या थी, अब वे क्या करें। इतने दिन मुझे देखते ही वे आसन छोड़ उठ खड़े होते थे। जितना सम्मान वे मुनिकाल में मुझे दिया करते, क्या देगा कोई अनुज अग्रज को? लाज-लिहाज, संकोच-शर्म, आदर सम्मान और कांण-कायदा उनकी विवेक-बुद्धि का नमूना था। काम-काज उनसे मैं कम ही करवाता। उनका पूरा समय ज्ञानार्जन के लिए था। आज सारी स्थितियां बदल गयी थीं। उनकी अवसरज्ञता और तत्काल समस्या का हल निकाल लेने की क्षमता उस समय देखी, तत्काल युवाचार्य तुलसी थोड़े से पीछे की ओर खिसके और अपना आधा आसन खाली कर, मुझे संकेत करते हुए बोले—पधारो, चम्पालालजी स्वामी! बिराजो। मैं अभिभूत किन्तु किंकर्तव्यविमूढ था। निर्णय नहीं ले सका, अब मुझे क्या करना चाहिए। मैंने घुटने टेक, पंचाग मुद्रा में गुणानुवाद किये। नवीन युवाचार्यश्री ने वंदना के साथ मेरे पैर छूने का यत्न करते हुए पुनः बैठने का आग्रह किया। पर मैं—

विनय मान-सम्मान में, मैं स्नेहार्द्र अखूट।
के ठा भाई! बैठणो' क नहीं, कह चल्यो ऊठ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३७

पहला-पहला कविसम्मेलन

२००८ कार्तिक शुक्ला छठ को दिल्ली सब्जीमंडी घंटा-घर, चंद्रावल रोड में कठोतिया मोहनलालजी की कोठी पर एक कवि-सम्मेलन रखा गया। आचार्यप्रवर परिषद में विराजे थे। राजधानी के आमंत्रित कविजन कठोतियाजी के कमरे में आ-आकर बैठते गये। वे झिझक रहे थे, कहां आ गये। समय हो गया पर कोई भी कवि बाहर मंच पर नहीं आया। कहने पर भी कवि लोग बाहर आते टाल-मटोल कर रहे थे। भाईजी महाराज के निवेदन पर आचार्यप्रवर ने प्राग् वक्तव्य फरमाया। संतों की कविताएं प्रारम्भ हुईं। जनकवि फिर भी बाहर नहीं पहुंचे। संयोजक देवेन्द्रजी करणावट भी हैरान थे। भाईजी महाराज से नहीं रहा गया। वे भीतर पधारे और कवियों से बोले—

'बुरा न मानें, पूछ रहा हूं, झिझक है कि, कुछ उलझन ?
कवि बैठे कमरे के भीतर, (और) बाहर कवि-सम्मेलन ?'

क्या यह भी कोई तरीका है ? कवि भी डरता है, वेश-भूषा देखकर ? ये संत साहित्यकार हैं, कवि हैं। सुना है कवि-बिरादरी अभेद होती है, फिर यह भेद कैसा ? एक फक्कड़ संत की ललकार पर कवियों की हिचक टूटी। शरमाते-सकुचाते कुछेक कवि उठे, बाहर आये। संत-काव्य का रस भी कुछ भिन्न था। धीरे-धीरे एक-एक कर कवि परिषद् में आते गये। उस दिन लगभग बीस दिल्ली के मंजे हुए कवियों ने तेरापंथ साहित्य सृजन को परखा। कुछ कवि बोले, कुछ न बोले। अब जमा कविसम्मेलन। मन का संशय हटा। कवि लोग खुले। वाह ! वाह ! की कवि-दाद में तेरापंथ संत कवियों की कविताओं ने एक छाप जमायी। तेरापंथ संघ का यह शायद सबसे पहला कविसम्मेलन था। भाई देवेन्द्रजी ने भाईजी महाराज की युक्ति का लोहा माना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३८

मुझसे नहीं, परिषद् से पूछो

२००८ पौष शुक्ला नवमी सरसा, पंजाब की बात है। संत-साहित्य परिषद् की सांयकालीन गोष्ठी में श्री भाईजी महाराज को वक्तव्य देने के लिए कुछ संतों ने मिलकर निवेदन किया। मुनिश्री ने यह कहते हुए टाल दिया—भाई! मैं क्या बोलूंगा। सुनो किसी साहित्यकार को। सन्तों ने आचार्यप्रवर से स्वीकृति ली और विज्ञप्ति प्रकाशित कर दी—'आज सांयकाल साढ़े सात बजे विचार गोष्ठी में श्रद्धेय भाईजी महाराज का शिक्षा और विनय पर विशेष उल्लेखनीय वक्तव्य होगा।'

साहित्य परिषद् के संयोजक मुनि सुखलालजी ने विचार-गोष्ठी के विषय को छूते हुए भाईजी महाराज का परिचय देकर भाषण प्रारंभ करने की प्रार्थना की।

भाईजी महाराज ने मातृ-भाषा राजस्थानी में अपने पैंतालीस मिनट के भाषण में शिक्षा और विनय का बेजोड़ संबंध बताते हुए कुछ ऐतिहासिक उदाहरणों से विनय-अविनय की लाभ-हानि बताकर आज की शिक्षा में अविनय के प्रवेश की ओर संकेत किया तथा समय पर आचार्य के नाराज होने पर उन्हें रिझाने की कला, बड़ों के प्रति आदर और छोटों के प्रति वात्सल्य पर जोर दिया।

प्रश्नोत्तर काल में अनेकों प्रश्न आये—क्या विनय चापलूसी नहीं है? स्वार्थ-युक्त विनय से क्या अविनय अच्छा नहीं? एक मुंह पर कह देता है और एक जी-हजूरी करता है, दोनों में कौन-सा ठीक है? आज अविनीत कहे जाने वाले विद्यार्थी भी उत्तीर्ण हो जाते हैं, तो फिर विनय से लाभ? ऐसा विनय क्या काम का जहां पात्री ही फूट जाए? एक बचपन में कसूर कर लेता है तो क्या बड़े को भी आंखें गरम करके बात करनी चाहिए? विनय आखिर कहते किसे हैं? क्या प्रतिदान में विनय मांगने वाला विद्या गुरु, अपने आपमें विनीत है? यह विनय-संहिता छोटों के लिए ही है या बड़ों के लिए भी? शिक्षा शिक्षा है, उसे विनय-अविनय के साथ क्यों जोड़ा जाता है? क्रमशः भाईजी महाराज सबका उत्तर संक्षिप्त किन्तु गाम्भीर्ययुक्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

फरमाते रहे। अंतिम एक प्रश्न व्यक्तिगत आक्षेप करने वाला भी आया। प्रश्नकर्ता ने पूछा—क्या आपने भी कभी किसी को विनीत कहा है ?

भाईजी महाराज ने विनोद में बात टालते हुए कहा—मेरे कहने से ही यदि कोई विनीत बन जाता हो, तो लो मैं तुम्हें 'परम-विनीत' का तुकमा दे दूं, पर मेरे कहने से कोई विनीत या अविनीत नहीं होता। वह तो होता है अपने व्यवहारों से, आचरणों से, आत्म-संवेदनाओं से। विनीत अविनीत की कसौटी तो है जनता। तुम कितने विनीत हो ,यह पूछो इस मजलिस से, अभी पता चल जाएगा है।

'म्हारै कहणै स्यूं हुवै, कद विनीत अविनीत।
(इं) मजलिस नै पूछो जरा, तुम कितनेक विनीत॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३१

इच्छा तो हमारी भी होती है

नोहर संतोष-निवास में पिछली रात्रि को विहार की मंजिलों पर चिन्तन चल रहा था।

आचार्यप्रवर ने बीच में ही फरमाया—अगर सरदारशहर संतों को पहले भेजें तो कितनी मंजिलों में पहुंच सकते हैं ?

भाईजी महाराज ने अर्ज की—संत तो आपकी कृपा से पांच ही मंजिल में पहुंच जायेंगे।

आचार्यप्रवर ने फरमाया—तो आप ही चले जाओ न, मंत्रि मुनि आपको बुला रहे हैं।

भाईजी महाराज ने कहा—तहत ! यह तो मंत्री मुनि की कृपा है। जैसी आपकी मरजी हो मैं हाजिर हूं।

आचार्यश्री ने निर्णय की भाषा में फरमाया—हीरालाल को छोड़कर आप सभी संत तैयार हो जाओ, आज ही विहार करना है। वयोवृद्ध मुनि चौथमलजी स्वामी खड़े होकर निवेदन करने लगे—हुजूर ! एक अर्ज है। भाईजी महाराज के साथ मुझे भी कृपा करायें, आज तक कभी मोटे पुरुषों के साथ जाने का काम ही नहीं पड़ा, बड़ी इच्छा होती है, कभी साथ रहने का अवसर आये, आप मेहरबानी फरमायें।

आचार्यवर ने विनोद में मुस्कान बिखेरते हुए फरमाया—अजी ! आपकी ही क्या इच्छा होती है। इच्छा तो कभी-कभी हमारी भी होती है चम्पालालजी स्वामी के मधुर सहवास का आनन्द लेने को। पर क्या करें…।

पिघलते-पिघलते से श्री भाईजी महाराज ने निवेदन किया—महाराज !

'कृपा गुरांरी है जठै, वठै मधुर मधुमास।
संघ गुणी, 'चम्पक' रिणी, कृपा-कृपा-सहवास ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४०

मेरे पास कोई उत्तर नहीं था

नोहर २००८ माघ कृष्णा ४। भाईजी महाराज आहार-मंडल में विराजे ही थे। आहार प्रारम्भ किया कि एक सन्त ने आकर कहा—आचार्य प्रवर याद फरमा रहे हैं। मुनिश्री ने भोजन के बीच हाथ धोये और आचार्यश्री की सेवा में पधार गये। कुछ आवश्यक परामर्श के बाद ज्यों ही वापस पधार रहे थे, मार्ग में एक सन्त ने निवेदन किया—भाईजी महाराज ! औजार तैयार हैं, मेरा दांत···।

भाईजी महाराज ने 'हां भाई !' कहा और दांत निकालने पधार गये। पांच सात दिनों से उन्हें दांत की बड़ी तकलीफ थी। भाईजी महाराज का हाथ बहुत साफ और अनुभव डॉक्टरों जैसे थे। सेवा के ऐसे अवसरों पर उनकी आत्मा बहुत प्रसन्न होती। मुझे तो वहां पहुंचना ही था। दांत निकाल, हाथ धो, अब पधारे भोजन मंडल पर। मैंने कहा—परोसा भोजन सब ठंडा हो गया। भाईजी महाराज ने जरा आंखें गर्म की और फरमाया—क्या कहा ? है तुम्हारे में अकल ? पहले गुरुदेव की आज्ञा है कि भोजन ? पगले ! आराम बीमार की सेवा में जो रस है वह खाने में नहीं है। खाना तो खाना है शरीर को निभाने। ठंडा गरम कुछ नहीं—'उतरा घाटी हुवा माटी'। भीतर की जठराग्नि गरम चाहिए। बता···।

'अकलदार ! पहली बता, आज्ञा है कि आहार ?
खाना प्रथम कि सेवा प्रथम, सागर ! जरा विचार ।।

अब मेरे पास तहत के सिवाय कोई उत्तर नहीं था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४१

कविता कब से ?

२००८ माघ शुक्ला अष्टमी को सरदारशहर की विशाल जनसभा में 'धर्म और समाज' विषय पर वक्ताओं के भाषण हुए। मर्यादा-महोत्सव की वह भारी भीड़। दूर-दूर से आने वाले हजारों-हजारों यात्री। आचार्यप्रवर के उपसंहारात्मक प्रवचन के तुरंत बाद भाईजी महाराज खड़े हुए और बोले एक बात मैं भी कह दूं। इन मंजे हुए विचारकों के चिन्तन के बाद मेरा बोलना है तो अटपटा-सा, पर जहां संघ मिलता है, विचार करता है, वहां हर सदस्य को अधिकार होता है अपनी बात कहने का। मैं ज्यादा कुछ नहीं जानता। मैंने तो इतना ही समझा है—धर्म के बिना समाज केवल भीड़ है और समाज के बिना धर्म केवल पुलिन्दा है। समाज शरीर है, तो धर्म प्राण है। प्राण के बिना शरीर सड़ जाता है और शरीर के बिना प्राण टिकते नहीं। जब धर्म और समाज दोनों मिलते हैं तब बनता है धर्म-समाज। धर्म-समाज में क्या होता है, क्या होना है, यह चिन्तन का विषय है आचार्यों का, धर्म-समाज के नेताओं का। मेरी तो सलाह है सभी वक्ताओं और श्रोताओं से, उलझो मत—

'अणहोणी होसी नहीं, होसी जो होणी,
मनमानी ताणो मती, सुगुरु दृष्टि जोणी।।
धर्म-विहीन समाज के, ठप समाज बिन धर्म
स्वर-व्यंजन-सी एकता, 'चम्पक' समझ्यो मर्म।।

तत्काल छन्दों में बांधे हुए ये दो तुक्के तीर का-सा काम कर गए। आचार्य प्रवर ने फरमाया—सारे सिद्धान्तों का सार बता दिया चम्पालालजी स्वामी ने। अच्छा, आशु कविता भी करते हैं आप ? यह कब से ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४२

मटकी पटकी

वि० सं० २०१० भाद्रव कृष्णा अमावस्या, जोधपुर की बात है। मुनि हीरालालजी (बीदासर) आचार्यश्री और नवदीक्षित बाल मुनियों के लिए पानी की व्यवस्था करते थे। उन्होंने सायंकाल पानी छानकर, खाली मटकी ऊपर रखने के लिए बाल मुनि मणिलालजी को दी। वे सिंधी भवन की सीढ़ियां चढ़ रहे थे। न जाने क्यों अचानक एक धमाका हुआ। हमने देखा मणिलाल जी जीने में बेहोश पड़े हैं। मटकी की ठीकरियां बिखर गयीं। हम दो-तीन संतों ने मिलकर उन्हें ऊपर पहुंचाया।

दिन थोड़ा रह गया था। बाल मुनि बेहोश थे। श्री भाईजी महाराज उन्हें सचेत करने में व्यस्त थे। अनेक उपाय किए। आवाजें दीं। नांक बंद किया। पानी छिड़का। पर सब कुछ नाकाम। बिराजे-बिराजे भाईजी महाराज को न जाने क्या जंची, मणी-मुनि के दोनों कान पकड़कर ऊपर की ओर खींचे कि उन्होंने आंख खोली। चेतना आते ही मुनि मणिलाल जी ने अधहोशी में कहा—मटकी···।

श्री भाईजी महाराज मन ही मन मुस्कराए और बोले—भोले !—

> 'बा मटकी पटकी बठै, अटकी अठै अजेस।
> 'चम्पक' चटकी पण दकी ! भटकी मती मुनेश !'

भाईजी महाराज मुनि मणिलाल जी को परोक्ष में मुनेश ही फरमाया करते। यह प्यार का नाम था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४३

अन्दाजा सही उतरा

स्वभावगत भाईजी महाराज के कुछ अंदाजे अलग ही थे। आदमी की पहचान में उन्होंने शायद ही कभी गलती खायी हो। अकसर चाल के आधार पर वे व्यक्ति की प्रकृति पहचाना करते थे। इस अर्थ में उनके अलग ही अनुभव थे। इसलिए कई लोगों से तो उनकी कभी पटी ही नहीं। वैसे सभी तरह के लोग उनके इर्द-गिर्द आते बैठते। किससे कितनी बात करना, यह भी उनका अपना एक ढंग था। वे मेल-जोल सभी से रखते थे। गांव के उन नामी-नामी नम्बरी आदमियों से उनका अपनत्व घरेलू-जैसा होता। वे फरमाया करते—'समाज में सब शक्तियों की आवश्यकता है। जहां नागाई काम आती है, वहां ये ही काम के हैं। शरीफी वहां क्या करेगी? अनादर किसी का भी मत करो। दुश्मन को भी आदर से जीतो। रबाब से भी लिहाज ज्यादा काम करता है।' ये कुछ आदर्श-सूत्र थे भाईजी महाराज की लोकप्रियता के।

वि० सं० २०१० सोजत रोड की बात है। आचार्यप्रवर की भोजन-व्यवस्था सम्पन्न कर भाईजी महाराज उठने लगे। आचार्यश्री ने फरमाया—चम्पालाल जी स्वामी! मोहनलाल (लाडनूं) को थली भेजने का सोचा है।

भाईजी महाराज हाथ जोड़कर बोले—बड़ी कृपा की। साथ···?

आचार्यश्री—साथ तो भैंरुदान और चन्द्रकांत।

भाईजी महाराज क्षण भर रुककर बोले—होगा तो वही जो आपकी मरजी होगी, पर मेरे नहीं जंची।

आचार्यश्री—क्यों? मोहनलाल ठीक है। सयाना भी है। वह कहता है इन्हें साथ भेज दिया जाए तो मेरा मन लग जाएगा। अतः यह सोचा गया है। आप तो वहमी हो जी। विश्वास भी करना चाहिए आदमी का।

भाईजी महाराज कुछ क्षण चिन्तन की मुद्रा में रहे और जब आचार्यश्री ने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कहा, बोलो, तो मौन तोड़ते हुए बोले—

'आछो सोच्यो आप पण, म्हारै जची न हाल।
(अै) तीनूं टाबर एक-सा, 'चम्पक' लागै चाल ॥

इतना स्पष्ट कोई बिरला ही कह सकेगा। यह कटु सत्य आचार्यश्री को भी अप्रिय लगा। बात समाप्त हुई। ससंघ गुरुदेव बम्बई पधारे।

चातुर्मास सानन्द पूरा हुआ। चर्च गेट आचार्यश्री बिराज रहे थे। रतनगढ़ से समाचार मिला। आचार्यश्री स्वयं स्तब्ध रह गये। अन्तर गोष्ठी बुलायी गयी। रहस्योद्घाटन किया। आचार्यश्री का आज जैसा खिन्न चेहरा हमने पहले नहीं देखा। एक अन्तर आघात के साथ निःश्वास फेंकते हुए आचार्यश्री ने फरमाया—'अब बताओ! युवापीढ़ी का विश्वास कैसे हो? रतनगढ़ से मोहनलाल, भैंरुदान और चन्द्रकांत तीनों रात को लापता हो गये हैं। चम्पालालजी स्वामी की पहचान ठीक निकली। मेरे साथ ऐसा विश्वासघात पहली बार हुआ है।'

हमने सुना—भाईजी महाराज ने निवेदन किया। आप इतना क्या विचार करवाते हैं—उनकी गति, उनका कर्म। करेगा सो भरेगा। महाराज!

'कमी न राखी आपतो, कृपा करायी धाप।
'चम्पक' आगे आगलां रा अपणा पुन-पाप' ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४४

गजब-जैसा क्या है

विक्रम सं० २०१२ का मर्यादा महोत्सव भीलवाड़ा (मेवाड़) में हुआ। वह तेरापंथ धर्म-संघ की परीक्षा का समय था। तेरापंथ का अनुशासन कसौटी पर कसा जा रहा था। कौन संघ में गड़ा हुआ है और कौन डिग्गू-पिच्चूं, लोग परख रहे थे। नयी और पुरानी विचारधारा की टक्कर में कई स्फुलिंग उछले। एक अन्तरद्वंद्व सभी को झकझोर गया। जिधर देखो मन को क्लान्त करने वाले संवाद उभार ले-लेकर आते। गृह-संघर्ष की-सी स्थिति। संघ में विघटन करने लगी। मानसिक दुराव, असंतोष और पकड़ ने दो पाले बना दिए। एक पांणा दूसरे पांणे को तोड़ने के चक्कर चला रहा था। कुछ बीच-बचाव वाले इस कार्य में दलाल थे। लोग अनुमान लगा रहे थे, अबकी बार तेरापंथ आधा-आधा बंट जाएगा। अफवाहों का जोर था। कभी हल्ला आता साधु गए, तो कभी आता पांच तैयार हैं। कोई कहता आचार्यश्री ने चार सन्तों को निकाल दिया है, तो कोई कहता, दस मुनियों ने मिलकर आचार्यजी को करारी चुनौती दे दी। कब क्या हो जाए, सभी संदिग्ध थे। कुछ शासन-भक्त श्रावक तो यहां तक कहने लगे—इन मोड़ों का कोई विश्वास नहीं, लिया झोलका और यै गए। कैसा जमाना आया है?

भीलवाड़ा मर्यादा-पांडाल के सामने ही धर्मशाला थी, जहां आचार्यप्रवर का प्रवास था। धर्मशाला के बरामदे में व्याख्यान के तुरन्त बाद कुछ विपक्षी समर्थक भाईजी महाराज से बातें कर रहे थे। खड़े-खड़े चर्चा छिड़ गयी। किसी ने कहा—शिष्टता तो दोनों ओर से रखने पर ही रहेगी। एक भाई ने कहा तो टालोकर शब्द ऐसा क्या घटिया है? इसी बीच भाई जीवणमल जी सुराणा (चूरू) जोश खा गए। उन्होंने कहा—कौन कहता है, वे साधु टालोकर हैं? असाधुत्व का उन्होंने कौन-सा काम किया? वे टालोकर कैसे हुए?

भाईजी महाराज ने फरमाया—कौन क्या कहता है, मैं कहता हूं। जीवणमल

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जी बोले, आपको टालोकर कहना नहीं कल्पता। कैसे कहते हैं आप? उन्होंने तेरापंथ की कोई मर्यादा भंग नहीं की। भाईजी महाराज ने कहा—स्वामीजी ने फरमाया है जो आचार्य की आज्ञा का उल्लंघन करे, वह टालोकर। बोलो, वे किस की आज्ञा में हैं ?

भाईजी महाराज का कहना हुआ—'स्वामीजी फरमाते हैं' कि इतने में एक मुनि आये (मैं उनका नाम मौजूदगी में लिखना नहीं चाहता)। साधुजी अपना आपा खो बैठे। बड़ी उत्तेजनापूर्वक बोले—चुप, चुप, चुप, आपको बोलने का फहम ही नहीं है? कैसे बोल रहे हैं बिना···।

भाईजी महाराज ने उन्हें बीच में ही टोकते हुए, बड़े शांत भाव से कहा—देखो! तुम अभी मत बोलो। थोड़े ठंडे पड़ जाओ। गरमी में गरमी बढ़ती है। जाओ, जरा सुस्ता लो, फिर हम बात करेंगे।

सुनने वाले सोच रहे थे, आज इन मुनिजी ने अपने हाथों अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। अब तो काम कठिन है। भाईजी महाराज आचार्यश्री को कहेंगे। आचार्यश्री इसे बर्दास्त नहीं कर सकते, क्या जाने क्या होगा ?

उनका भी चेहरा उतर गया। कह तो गये, उस समय आवेश था, ज्वार उतरा पश्चात्ताप भी हुआ। डर भी था। अहं भी था। सन्तों ने उन्हें भाईजी महाराज के पास जाकर माफी मांग लेने को कहा। पर उनका साहस नहीं पड़ा। वे आचार्यश्री के पास जा सकते थे, पर भाईजी महाराज के पास आना टेढ़ी खीर थी। वे इंतजार में थे। आचार्यश्री के दरबार में पेशी पड़े और वहीं मामला सलटे। सायं प्रतिक्रमण के पश्चात् एक सन्त भाईजी महाराज के पास आये और बोले—यह तो सरासर उद्दण्डता है। कोई भी संघ का साधु, किसी विशिष्ट सम्मान्य मुनि की यों अवहेलना करे, अक्षम्य अपराध है, संघीय शालीनता के विरुद्ध है। आपको यह घटना आचार्यश्री से निवेदन करनी चाहिए। आपकी मरजी हो तो मैं पहुंचा दूं।

भाईजी महाराज ने फरमाया—तुम्हारे कहे बिना ही मैं तो स्वयं ताती का असवार हूं। पर इस मौके पर गम खाने में मजा है। उसका क्या बिगड़ेगा? उसमें यदि इतना ही विवेक होता तो वह बोलता ही नहीं। मैं चाहूं तो अच्छी शिक्षा दे सकता हूं, पर उसने निर्विवेकता की, क्या मैं भी उसी के बराबर हो जाऊं? फिर क्या फर्क रहेगा उसमें और मेरे में। आचार्यश्री को तो और भी बहुत संक्लेश है। झंझट में एक और झंझट उनके गले डालूं? मेरा क्या बिगड़ गया? उसने कह दिया—'बे फहम' कह लेने दो। मैंने तो निर्णय लिया है, न तो आचार्यश्री तक जाऊंगा और अगर कहीं से आचार्यश्री तक बात गयी भी, तो मैं सारा दोष अपने पर ले लूंगा। आचार्यश्री को इस मौके चिंता-मुक्त रखना हमारा धर्म है। भाई! ये छोटे-छोटे बोलचाल के झगड़े उन तक मत पहुंचाओ।

रात को जीवणमलजी सुराणा आये। उन्होंने बड़ी नम्रतापूर्वक खमतखामणा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करते हुए कहा—भाईजी महाराज ! आज मेरे कारण आपकी असाता हुई, आप बड़े हैं, बड़े ही बड़ी विचारते हैं। उनकी भयंकर भूल थी। ऐसे शब्द-व्यवहार तो हम गृहस्थ भी नहीं करते, पर आप महान् हैं। आपने जो गम खाई, किसी को आशा नहीं थी। बढ़ने को तो काम बढ़ा ही पड़ा था। महाराज ! इसी का नाम बड़प्पन है। मेरे जैसा व्यक्ति आपके प्रति इसीलिए श्रद्धानत है। मैं जैसा हूं आप जानते हैं। आपकी सरलता से तो मैं परिचित था, पर समय पर आप गम भी खा सकते हैं, यह आज देखा। यों जहर का घूंट निगल जाना आसान बात नहीं है, भाईजी महाराज ! आपने तो गजब कर दिया, गजब।

भाईजी महाराज ने गंभीर होकर कहा—जीवण ! तुमने इसे जरूरत से अधिक आंका है, ऐसी गजब जैसी कुछ भी बात नहीं है। विरोधी तो इससे भी कटु और अभद्र व्यवहार कर लेता है। क्या हम उससे लड़ते हैं ?

उस दिन के बाद जब भी जीवनमल जी सुराणा (चूरू वाले) मिलते 'गजब' कहकर घटना की याद दिलाते और साथ ही साथ यह दोहा भी सुनाते—

'करे संघ-हित करणियां, प्राणार्पण प्रख्यात !
गम खालेणे में जिवण ! गजब जिसी के बात ?'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४५

कविता में दग्धाक्षर

आचार्यश्री तुलसी ने वि० सं० २०१२ का चातुर्मास उज्जैन में किया। वहां कार्तिक पूर्णिमा को मैंने एक कविता लिखी। कविता मन लगती बनी। मुझे बहुत पसन्द आयी। कविता को दूसरी-तीसरी बार पढ़कर मैं मन-ही-मन झूम उठा। शायद मेरी अब तक की कविताओं में वह सबसे पहली स्टेज की कविता थी। अनुप्रासों की झड़ी देखते ही बनती थी। अखरोट सहज आये थे। शब्दों की दृष्टि से, भावों की दृष्टि से और लय-छन्द-बन्ध की दृष्टि से भी उसे मेरी सर्वोत्तम कविता कहूं, तो भी अत्युक्ति नहीं होगी।

मैंने भाई सोहनलाल सेठिया (सरदारशहर) के सामने वह अपनी कृति रखी। सोहन की काव्य-छटा निराली थी। वह स्वयं प्रांजल कवि था और हिन्दी का आशु कवि भी। तत्काल दिये गये विषय पर वह मार्मिक भाषा में भावपूर्ण छन्द बोला करता। मेरी और उसकी पटड़ी भी खूब जमती थी। मैंने ज्योंही अपनी कविता कवि सोहन के सामने रखी, उसने एक बार खिलखिलाकर दाद दी। काश आज वह कविता होती।

मुझे उसी दिन सायंकाल बुखार हो गया। तबियत धीरे-धीरे बीगड़ती गयी ज्वर कभी कम, कभी अधिक, बढ़ता-घटता गया। हम प्रवासी एक गांव से दूसरे गांव पर्यटन करते हुए बड़नगर पहुंचे। मुझे कमजोरी का अहसास होने लगा बड़नगर से हमारा पड़ाव जावरा हुआ। जावरा पहुंचते-पहुंचते मुझे बुखार १०६ डिग्री पहुंच गया। बेहोशी आ गयी। घण्टों उपचार के बाद चेतना लौटी।

भाईजी महाराज के सामने बड़ी समस्या थी। एक ओर बुखार, दूसरी ओर विहार। मुनिश्री मुझे पीछे छोड़ना भी नहीं चाहते थे और बुखार में यों साथ ले जाना भी उचित नहीं था। दुहरे विचार ले, भाईजी महाराज आचार्यश्री के पास पहुंचे। विचार-विमर्श हुआ। मुझे जावरा ही छोड़ देने का निर्णय आया। भाईजी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाराज का जी बहुत टूटा। वे नहीं चाहते थे, मुझे अकेले पीछे छोड़ना और न ही चाहते थे आचार्यप्रवर से स्वयं पीछे रहना। मेरे प्रति उनका अगाध वात्सल्य था। विवश सेवाभावी मुनिश्री मेरे पास पधारे, विराजे। मेरी नब्ज देखी और पूछा, 'अब कैसे हो ?'

मैं कुछ बोलता इससे पहले ही मुनिश्री ने भूमिका बांधनी प्रारम्भ कर दी। मैं समझ गया, यह सब मुझे पीछे छोड़ने के उपक्रम हैं। मैं भी स्वयं अपने मन में निर्णय किये बैठा था—अब विहार करने की परिस्थिति नहीं है। मेरा अपना मनोबल टूट चुका था। शरीर का सामर्थ्य जवाब दे रहा था। मैंने भाईजी महाराज से अर्ज की—'आप तो सुखे-सुखे गुरुदेव की सेवा में पधारो। मैं यहां दो-पांच दिन रुककर, ठीक हो जाने पर आ जाऊंगा।'

भाईजी महाराज ने मेरे सिर पर हाथ फेरते हुए कहा—'भाई दो-पांच दिन से कुछ नहीं होगा। साफ-साफ बात है। डॉक्टर, वैद्यजी और जतीजी ने आंत्र-ज्वर बताया है। कम-से-कम २१ दिन तो टाइफायड लिया ही करता है। तेरे मोतीझरा उल्टा है। दाने पेट पर नजर आ रहे हैं। उलटा भाव सदा समय लिया करता है। तुम कोई विचार मत करना। तुम्हारे पास रहने के लिए सोहनलालजी (राजगढ़) और राजमलजी (आत्मा) को तो गुरुदेव ने आदेश फरमा दिया है। मेरी इच्छा है वसन्त या मणिलाल में से किसी एक को तुम्हारे पास और रख दूं। वे दोनों ही रहना चाहते हैं। जबसे सुना है दोनों ही आग्रह कर रहे हैं। वह कहता है, मुझे रख दो और वह कहता है नहीं, मैं रहूंगा। तुम्हें असुविधा न हो तो तुम मुनि मणिलाल को यहां रख लो। वह मन छोटा-छोटा करता है। तुम्हारे भी ठीक रहेगा।' अशक्ति अधिक थी। मैं कुछ बोलना चाहता था। इतने में भाईजी महाराज ने मुझे रोकते हुए कहा—'तुम बोलो मत। बोलने से जोर पड़ेगा। मैं जानता हूं तुम्हारी भावना। मेरा काम तो अकेले वसन्त से ही चल जाएगा। तुम मेरी फिकर छोड़ो।'

मुझे खूब-खूब आश्वासन दे, जतीजी को दवा-पानी की व्यवस्था सौंप, भाईजी महाराज ने विहार किया। हम चार सन्त जावरा रुके। जावरा जैनों का गढ़ है, पर तेरापंथ का कोई एक बच्चा भी नहीं है। जैनों की बस्ती जो है, लगभग विरोध-प्रधान है। उन दिनों मुनि सुशीलकुमारजी भी वहीं थे। वह भी एक युग था। परस्पर में जहां आंख भी नहीं मिलती थी। हमें रहने के लिए जैनों के यहां कोई स्थान उपलब्ध नहीं हुआ। कई स्थान खाली पड़े थे, पर वे तो कबूतरों के लिए थे। भला वहां एक परदेशी बीमार जैन-मुनि के लिए स्थान कहां था ? वैष्णव धर्मशाला में जहां हम रुके थे, उन पर भी बहुत दवाब आये। स्थान खाली करा लेने को कहा गया। पर उनसे तो हमारा कलकत्ता से सम्बन्ध था। वह धर्मशाला कलकतिया धर्मशाला कहलाती है। हम वहां रुके। रुके क्या, रुकना पड़ा। बड़ा अटपटा लगा, पर करते भी तो क्या ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बुखार में नित्य नये उतार-चढ़ाव आते। मानसिक अस्त-व्यस्तता और परेशानी बढ़ती। सन्त मेरा मन लगाने का यत्न करते। भाईजी महाराज का जी तो था जावरा और शरीर था आचार्यश्री के साथ यात्रा में। बार-बार आश्वासन के शब्द मिलते, पर मन नहीं लगा सो नहीं ही लगा। उद्विग्नता दिन-प्रति-दिन बढ़ती गयी। जैन युवक समरथमलजी आदि—जो सर्वोदयी विचारधारा के थे— घण्टों हमारे पास बैठते। वयोवृद्ध श्रावक जडावचन्दजी पगारिया बार-बार खबर लेते, पूछताछ करते। मुनि मणिलालजी एक तो छोटे थे, दूसरे शरीर-सम्पदा-सम्पन्न, अतः लोगों को उनसे बोलने का चाव रहता। भाई फकीरचन्दजी तो मणि-मुनि के पीछे लट्टू हो गये। गोचरी ले जाते। पानी को जाते तो वे साथ रहते।

एक दिन मैंने जाने की तैयारी कर ली। रात का समय था, अचानक बुखार १०५ से गिरा और ६५ आ गया। होश-हवाश गुम। हाथ-पांव ठण्डे बरफ-से। मुनि मणिलालजी दिलगीर हो गये। सत्तरह वर्ष के बच्चे तो थे ही। उस रात वे शायद मिनट-भर के लिए भी मुझे छोड़कर नहीं हटे। उन्हें वहम था कि मैं छोड़कर गया कि ये गये। रात को दस बजे के बाद वहां कहां डॉक्टर? कहां वैद्य? कौन संभाले? कासीद ख्यालीलाल गया। धर्मशाला के बाहर एक दांतों के डॉक्टर थे, सिन्धी भाई। वे पानी भरने भीतर आया-जाया करते थे। सन्तों ने उनसे परिचय बनाया था। बेचारे सज्जन थे। कभी कदाच दिन में आ जाया करते थे। सूचना मिलते ही वे आए। देखा, काम तो समाप्ति पर था। आखिर डॉक्टर तो थे ही। उन्होंने कहा—'जैन-मुनि रात को कुछ लेते नहीं, अब उपचार करूं भी तो क्या? एक काम करो सन्तो! कम्बल के टुकड़े से इनके हाथ-पैरों में गरमी पैदा करो।' वैसा ही किया। कोई दो घंटे बाद मुझे होश आया। उस रात मणिलालजी ने लगभग जागरण किया। सन्तों ने बहुत समझाया। जब मैं बोलने लायक हुआ, मैंने भी कहा—'मैं अब ठीक हूं, तुम सो जाओ। बात मणिमुनि के गले नहीं उतरी। पूरी रात उन्होंने मेरे बिछौने के पास बैठकर काटी।

मैं मरते-मरते बचा। अठारह दिन रुककर जब चलने-फिरने लायक हुआ, विहार किया। ज्यों-त्यों भीलवाड़ा-माघ-महोत्सव में हम सम्मिलित हो सके। स्वास्थ्य डिग-मिग डिग-मिग करता चला। सन्तों के सहयोग से मैं आचार्यप्रवर के साथ-साथ छापर पहुंचा।

सहसा रात को एक वॉमिट (कै) हुई। बेचैनी की परवाह न कर दूसरे दिन आठ मील 'रणधीसर' पहुंचे। दिन-भर जी घबराता रहा। लौंग-गोली के सहारे काम चलाया। सायंकाल चार-पांच बजे के बीच अचानक बेहोशी आ गयी। सन्तों ने सोचा, नींद आयी होगी। भाईजी महाराज आहार करने पधारे। मुझे आवाज दी। जवाब देता कौन? सन्त सोहनलालजी स्वामी (सरवालों) को भाईजी महाराज ने फरमाया—'जाओजी! उसे उठा लाओ।' 'कुमाणस अवार तो मिस

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्यां पड्यो है, रात्यूं मरतो मरसी नी।' सोहन 'सर' आये। मुझे हाथ पकड़कर बिठा दिया। ज्यों ही हाथ छोड़ा कि मैं लुढ़क गया। अब सबको पता चला। सेठ सुमेरमलजी दूगड़ आये। नब्ज देखी। स्थिति नाजुक थी। भाई को भेजकर पता लगाया पर दवा का बक्सा गाड़ी में चढ़ा दिया था। असूजती दवा काम नहीं आती, अब क्या किया जाए। सन्त गये कहीं से सत्य-जीवन और कुछ अर्क लाये। लौंग-सौंठ का अर्क और सत्य-जीवन दुगुनी मात्रा में दिया गया। सूर्यास्त के आसपास मुझे चेत आया। सामने रात। वह जेठ की भयंकर गर्मी। सोहनलालजी स्वामी (चूरू) आदि सन्तों ने रात्रि-जागरण किया। सुबह तक मैं उठने लायक हुआ। काल-रात्रि को पार कर दूसरे दिन विहार हुआ। विहार केवल कहने मात्र का था। मैं दो सन्तों के कन्धों पर अपना पूरा शरीर का वजन डाले, घसीटते पैरों से वह रास्ता तय कर रहा था। बार-बार सत्य-जीवन और अर्क देते गये। आधी होशी-बेहोशी में पड़िहारा ले लिया।

सेठ सुमेरमलजी दूगड़ अपने नुक्शे आजमा रहे थे। सबकी सब दी जाने वाली ओषधियां बेकार। फिर एक उल्टी हुई। मैं बेहोश हो गया। सन्तों ने उठाकर मुझे बिस्तर पर लिटाया। मकरध्वज की मात्रा दी गयी, पर कोई असर नहीं। उपचार करते दिन बीता। रात आयी। अब बदला दौर। सन्निपात प्रारम्भ हुआ। हाथ-पांवों में वांइटे (ऐंठन) शुरू हुए। आचार्यप्रवर दर्शन देने पधारे। छोटे सन्तों को भक्तामर का पाठ सुनाने का आदेश हुआ। कुछ मुनि पाठ सुनाने लगे।

श्रावकों ने अपनी तैयारी प्रारम्भ की। विचार-विमर्श चला। मनोकामना अन्त्येष्टि-क्रिया का खाखा जमाया। सेठजी नाड़ी हाथ में लिये बैठे थे। एक ठबका आया है, अगला देखें कितनी देर बाद आता है, देख रहे थे। बीसों लोगों ने रात जगाई। पर प्रकृति को जो मंजूर होता है, वही होता है। रात बीती। प्रातः हुआ, उपचार फिर चालू हुए। सेठ सुमेरमलजी अनुभवी थे। उन्होंने मकरध्वज की चौगुनी मात्रा एक साथ दिलवाई। मानो बुझते दीपक में तेल उड़ेल दिया हो, ज्योति जल उठी। मुझे लगभग बारह घण्टे बाद होश आया। धीरे-धीरे मैं ठीक होने लगा।

गुरुदेव के साथ-साथ हम रतनगढ़ पहुंचे। वैद्य भगवतीप्रसाद को दिखाया। निदान उनका यथार्थ हुआ करता था। नवोदित वैद्य गोस्वामी धनाधीशजी की दवा प्रारम्भ हुई। न चाहते हुए भी भाईजी महाराज ने मुझे रतनगढ़ रखा। आचार्यप्रवर सरदारशहर पधारे। एक महीने के लम्बे उपचार के बाद चलने-फिरने लायक हुआ।

हम तीनों संत—मैं, वसंत और मणिमुनि, सरदार शहर पहुंचे। वि० सं० २०१३ का चातुर्मास प्रारम्भ होने के दिन से फिर अस्वस्थ हुआ। लगभग तीन महीने मैं परेशान रहा। परिचारक साथी और वैद्य-डॉक्टर प्रयत्न कर-करके थक गये। सेठ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भंवरलालजी दूगड़ ने लगभग सरदारशहर के सभी मान्य वैद्यों से परामर्श किया पर उपचार नहीं बैठा। बिगड़ते-बिगड़ते स्थिति नाजुक दौर पर चली गयी। एक रात मैं फिर पांच घण्टा बेहोश रहा। सभी ने आशा छोड़ दी। उस रात सेठ भंवरलालजी, वैद्य प्रभुदयालजी, पंच नेमीचन्दजी बोरड़ आदि दसों श्रावक, भाईजी महाराज के पास रात भर बैठे रहे। भिन्न-भिन्न चिंतन चले। सबसे खूबी की बात तो यह थी, अभी भाईजी महाराज ने आशा नहीं छोड़ी थी। उनका विश्वास था, यह भी एक झोंका है, निकल जाएगा।

मुझे होश आया। अब उठी पेट में शूल। वह स्थिति भी वही थी। मैं धरती पर टिक नहीं पा रहा था। उछल-उछलकर दर्द हैरान करता रहा। सभी साथी सन्त और दर्शक श्रावक द्रवित थे। भाईजी महाराज—भिक्षु स्वाम, भिक्षु स्वाम का जाप जप रहे थे। आचार्यप्रवर दर्शन देने पधारे। वयोवृद्ध मंत्रीमुनि मगनलालजी स्वामी 'कुरसी' में पधारे। रात बीती, अनुभवी उपचार चले। माजी महाराज, महासतियांजी लाडांजी तथा साध्वियां आयीं, सबने अपने-अपने उपचार बताए।

आशुकवि सोहनलाल सेठिया आया। उसने भाईजी महाराज के कान में कुछ अर्ज की। मुनिश्री ने सन्त वसन्त को आवाज दी और वह कविता जिसे मैंने उज्जैन में बनाया था, निकालकर लाने को कहा। मुनि वसन्त मेरे पास आये और संकेत किया। मैंने आंख खोली। पूछा। कविता कहां है?

मैं झेंप गया। अपनी पूरी शक्ति लगाकर भी मैं बोल नहीं पाया।

भाईजी महाराज ने फरमाया—उसे क्या पूछता है? ले आ उसकी कापियां-डायरियां।

वे कापियां ले गये। सोहन-सेठिया ने ढूंढ़कर वह कविता निकाली। भाईजी महाराज ने पढ़ा—उसकी पहली पंक्ति थी—

'जीने से मैं ऊब गया हूं, मुझे मृत्यु से मिल लेने दो।'

मुनिश्री को झुंझलाहट आयी बिना आगे की पंक्तियां पढ़े एक ही झटके में कविता फाड़ फेंकी।

मैं अभी भी अपने बिछौने पर पड़ा-पड़ा कह रहा था—मेरी कविता मत फाड़िए। मेरे मरने के बाद भी यह कविता मेरा परिचय देगी। मेरा जी बहुत तिलमिलाया। मेरे देखते-देखते कागज के उन टुकड़ों को पानी से गलाकर मुनिश्री ने अपने हाथ से कुट्टा बनाया और गांव बाहर जाकर धोरों में उन्हें गाड़ देने (परठने) का आदेश दे, भाईजी महाराज मेरे पास पधारे। कवि सोहनलाल साथ था। मुनिश्री जी ने आते ही फरमाया—बस, अब रोग कट गया। मुझे क्या पता—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तुमने रोग को तो भीतर बण्डल में बांधकर रख छोड़ा है। पगले ! एक बात कहूं ? सागर भाई ! ऐसी कविता भविष्य में कभी मत बनाना।

कविता कुदरत की कला, सागर ! मिल्यो सुयोग,
(पर) आइन्दा अपशब्द रो, फेर न करी प्रयोग।

और वह कविता फाड़ देने के बाद मैं क्रमशः ठीक होता गया। सरदारशहर चातुर्मास उतरते ही आचार्यप्रवर के साथ दस दिन में २०० मील की पदयात्रा कर दिल्ली-यूनेस्को सम्मेलन में सम्मिलित हो गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४६

वे भाईजी महाराज थे

वि० सं० २०१३ का मर्यादा महोत्सव ! तेरापंथ द्विशताब्दी समारोह की योजनाएं बन रही थीं। एक अन्तर गोष्ठी में कलात्मक-पक्ष उजागर करने तेरापंथ-संघ के कलाप्रिय साधु-साध्वियों को बुलाया गया। दो सौ साल के तेरापंथ इतिहास को चित्रांकित करना निश्चित हुआ। मुनि दुलीचंद जी (पचपदरा) और मुझे (श्रमण-सागर) कार्य सौंपा। श्री भाईजी महाराज सहर्ष मुझे कार्य-मुक्त करने को राजी हुए। प्रोत्साहन दिया। मैं २०१४ का चातुर्मास चूरू करने मुनिश्री चम्पालालजी (मीठिया) के साथ गया। हमने रात-दिन एक कर चित्रकार खेमराज रघुनाथ शर्मा (नाथद्वारा) के सहयोग में भिक्षु-चित्रावली बनायी। मंगलचन्दजी सेठिया (चूरू) ने इस कार्य में पूरी दिलचस्पी ली। कुछ कारणों से कार्यविरोध आया। मैं फिर आचार्यप्रवर की बंगाल-यात्रा में साथ चला गया।

हमारा अपना लक्ष्य चालू था। गति भले ही मंद रही हो, पर नयी-नयी कल्पनाएं उठ रही थीं। तेरापंथ संघ का 'कला दर्शन' प्राणवान् बने हमारा ध्येय था। सुजानगढ़ की बात है। मैं शौचार्थ गया। वहां एक विशाल काले सांप की साबत कांचली देखी। मन इहितास के झूले में झूम उठा। मेवाड़ केलवे की अंधेरी ओरी के मंदिर में तत्कालिक मुनि भारीमालजी स्वामी के पैरों में सांप ने आंटे लगाये थे। स्वामीजी ने मंगल-मंत्र सुनाया, सांप ओरी छोड़ चला गया। क्या उस दृश्य को चित्रांकित करते इस सांप की कांचली को भारीमालजी स्वामी के पैरों में सांप के आंटों की जगह उपयोग में लिया जा सकता है? ऐसा हो सके तो एक जीवन्त दृश्य बन जायेगा। इसी परिकल्पना में मैं वह कांचली ले आया। छुपे-छुपे योजना की क्रियान्विति में उस सर्प-केंचुली में मैंने धीरे-धीरे सावधानीपूर्वक सूखा नरम-नरम घास भरा। फण में रुई जचायी। अब वह ठीक मोटे असली सांप की-सी शक्ल में दिखने लगा। मैंने कुतूहल-कलावश उसे एक काष्ठ-पात्र में कुंडली की

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुद्रा में जचाया। सांप का फण जरा उठा-उठा-सा रखा और ऊपर एक पात्र उलटा ढंका।

आचार्यप्रवर भोजन-निवृत्त हो टहल रहे थे। दसों संत इर्द-गिर्द पर्युपासना में खड़े थे। मैं वह ढंका पात्र हाथ में लिये पहुंचा। नजदीक गया। श्री ने योंही सोचा होगा, गोचरी में आया हुआ द्रव्य दिखाने आया है। गुरुदेव ने पैर रोके। मैंने एक्टिंग करते हुए पात्र का ढकन हटाया और थोड़ा-सा हाथ हिलाया। हाथ के कंपन से सांप हिलता-सा प्रतीत हुआ, सचमुच जैसे असली सांप हो। श्री समेत सभी दर्शक सहम गये। मैंने अपनी कला को मन ही मन दाद दी। गुरुदेव से कला-दर्शन पर शाबासी ले, मैं भाईजी महाराज के पास पहुंचा।

उस समय छग्गू-बा भाईजी महाराज के पास बैठे आहार कर रहे थे। उनकी पीठ मेरी ओर थी। मैं गया और पीछे से वह असली जैसा सांप छग्गू-बा के गले में डाल दिया। सुना तो यों था छग्गू-बा मजबूत छाती के हैं पर मेरी इस हरकत ने उन्हें दहला दिया। वे घुंघाए। थर-थर कांपने लगे। मैंने अपनी गलती को ढांकने में खूब फुरती की। सांप गले से निकाल लिया। छग्गू-बा, सांप नहीं है, यह उसकी उतरी हुई निर्जीव कांचली है। उन्हें थामा, पर उनका कलेजा हिल गया था। छाती धग्-धग् कर रही थी। उसके होश-हवाश उड़ गये। वे पसीना-पसीना हो गए। मुझे अपनी जादूगिरी पर मलाल था। श्री भाईजी महाराज ने स्थिति संभाली, अपने हाथों से उन्हें पानी पिलाया। छाती मसली, बातों में लगाया। भय भुलाने का प्रयत्न किया।

छग्गू-बा का तो कुछ नहीं बिगड़ा लेकिन मेरा बिगड़ना सामने था। मैं सोच रहा था आज खैरियत नहीं है। मुंह सफेद पड़ गया। आंखें रुंआई-सी हो गयीं। वे भाईजी महाराज थे। मुनिश्री ने फरमाया—पगले ! तूं क्यों डरता है? हो गया सो हो गया। मैं तुझे डाटूंगा थोड़ा ही, पर देख !

'आगेसर करणी नहीं, सागर ! इसी मजाक।
धसके स्यूं फाटै हियो, हुवै अनर्थ हकनाक।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४७

घाव से घृणा

वि० सं० २०१७ माघ कृष्णा ६ लावा सरदारगढ़ (मेवाड़) में भाईजी महाराज आहार करने विराजे थे। हम कुछ मुनि आसपास बैठे थे। मुनिश्री को अकेले भोजन करना पसन्द नहीं था। जब तक उनके अगल-बगल में दो-चार सन्त नहीं होते, उन्हें खाना अटपटा-सा लगता। वे औरों को खिलाकर बहुत राजी रहते। अपने भोजन में से जब तक वे दो-पांच कवल (ग्रास) औरों को नहीं दे देते तब तक उन्हें चैन नहीं पड़ता, भोजन नहीं भाता। आवाजें दे देकर मुनियों को बुलाते। बुलावा भेज-भेज कर आमंत्रित करते। जो कोई मेरे जैसा संकोची या आदतन 'ना' कह देता तो उसे अव्यावहारिकता का तुकमा मिलता। मुनि बालचंदजी (गंगाशहर) या मुनि हीरालालजी (बीदासर) जैसे कभी-कभी उपवास पचख कर भाईजी महाराज के पास आते तो अक्सर मुनिश्री फरमाते—'कुमाणसां! म्हारै कनै इं टेम उपवास पचख'र आया मत करो, मन्ने को सुहावै नी।'

कभी-कभी मुनि दुलहराजजी विनोद करते आते और कहते—'आज मैं प्रतिज्ञा करके आया हूं, आपके यहां से कोई चीज नहीं खाऊंगा। उन्हें भी दो-चार कड़वी-मीठी सुननी पड़ती। पर उनकी प्रतिज्ञा तो विनोदी होती। दो-चार मिनट भाईजी महाराज मनुहारें करते और उनकी प्रतिज्ञा पूरी हो जाती। सेवाभावी मुनिश्री बड़े सरसजीवी व्यक्ति थे। इसीलिए तो आज भी सन्तों को आहार के समय भाईजी महाराज की याद खटकती है।

उस दिन सन्तों की मण्डली से घिरे भाईजी महाराज आहार कर रहे थे कि इतने में मुनि ताराचंदजी (चूरू) पहुंचे। उनके दायें हाथ की तर्जनी के नख की जड़ में फोड़ा था। फोड़ा फूट तो गया, पर फूटकर भी विस्तार खा गया। उफनकर मांस बाहर आ गया। अंगुली दुगुनी हो गयी। उन्होंने भाईजी महाराज को वन्दना कर हाथ दिखाते हुए कहा—मोटा पुरुषां! अंगुली की जड़ में एक ओर फूणसी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उठी है, अबै के करस्यूं ?

हाथ के उस विकृत घाव को देखते ही मुझे घृणा-सी हुई। ग्लानि-भरी सिकुड़न के साथ मैंने कहा—'भाई ! जरा थोड़ी देर के लिए तुम इस घाव को ढक दो, आराम से बैठो, अभी आहार हो जाता है, बाद में दिखाना। भले आदमी ! यह भी कोई घाव दिखाने का समय है ?

यद्यपि मैंने शिष्टता से कहा था, पर मेरा यह कहना भाईजी महाराज को बुरा लगा। उन्होंने तुरन्त खाना बन्द कर दिया। पास पड़ी दूसरी पात्री में चुल्लू कर उठ खड़े हुए।

पास बैठे सभी सन्त सन्न थे, यह क्या ? पर मैं तो जानता था, मुनिश्री के स्वभाव को। मैं बिना कुछ बोले शूल, रुई, मलहम और पट्टी ले आया। मुनि मणिलाल को गरम पानी और डिटोल लेने भेजा। आहार बीच में ही धरा रहा। पहले उनका घाव धोया, साफ-सफाई की। थोड़ा-सा शूल का सहारा दे घाव को खोला कि सघन पीब बह पड़ी। कोई आधा छटांक मवाद निकली होगी। मलहम-पट्टी कर हमने हाथ धोये। अब तक मुनिश्री मन ही मन गुनगुनाते रहे। ज्यों ही पुनः आहार की मंडली जुड़ी कि भाईजी महाराज ने फरमाया—

घृणा न करणी घाव स्यूं, रोगी स्यूं अनुराग।
सागर ! सेवा संत री, मिले पुरबले भाग ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४८

बीमार को पहले

पौष का महीना था। बहिर-विहारी सन्तों का एक मेला। सहज समागम। हम सब एक-दूसरे को देखकर प्रफुल्लित थे। सैकड़ों ठाणों की भीड़ में स्वस्थ-अस्वस्थ, रोगी-ग्लानी, बाल-वृद्ध सभी तरह के होते हैं। भाईजी महाराज सबके केन्द्र थे। अस्वस्थ उनसे स्वास्थ्य का परामर्श लेते, रोगी दवा-पानी, पथ्य-परहेज पूछते, ग्लान अशक्त स्वयं के निर्वाह की याचना करते, बाल मुनि स्नेह लेने आते तो वृद्ध स्थविर आदर भावना से खिंचे पहुंचते। यही था भाईजी महाराज की जन-प्रियता का सूत्र-वे सबके थे। सब उनके थे। सेवा के अवसर पर उनकी दृष्टि में अपने-पराये का भेद नहीं रहता। बहुत बार तो निकटवर्ती—अपने साथ रहने वालों से भी औरों पर विशेष ध्यान दिया जाता।

मुनि अगरचंदजी स्वामी उन दिनों रक्त-विकार की व्याधि से पीड़ित थे। उनके लिए पथ्य-दूध और रोटी के अतिरिक्त सब कुछ बंद था। बहुत सारे ठाणों (सन्त-सतियों) का सहवास, गांव की सीमित गोचरी, उन्हें दूध उपलब्ध नहीं हुआ। उनके सहवर्ती मुनि चौथमलजी स्वामी (सरादार शहर) खाली पात्री लेकर आये। पीठ पीछे छुपाई पात्री देख भाईजी महाराज ने फरमाया—'चोथू! कियां आयो भाया! के चाहिजै है? बोल।'

उस समय भाईजी महाराज आहार करने विराजे ही थे। चौथमलजी स्वामी जरा सकुचाये। उन्होंने दबी आवाज में कहा——नहीं-नहीं, देखता था, महाराज! दूध आया हो तो उन्हें आहार करा देता। आज हमारे यहां दूध नहीं आया।

सेवाभावी मुनिश्री ने सन्त पृथ्वीराजजी से पूछा—पीथू। पय आयो है के?

उन्होंने सिर हिलाते हुए उत्तर दिया—मत्थेण वन्दामि! दूध तो आज कहीं गोचरी में नहीं धामा।

इतने में आहार लेकर मैं आया। भाईजी महाराज के लिए मैं आचार्यप्रवर के

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहां से (समुच्चय की गोचरी में से) भोजन लाया करता था। गुरुदेव को आहार करवा कर फिर भाईजी महाराज आहार लेते। मुनिश्री के शब्दों में—'ठाकुरजी कै भोग लाग्यां पछै ही पुजारां ने मिलै।' मैं ज्यों ही आया भाईजी महाराज ने पूछा—दूध ल्यायो है ?

मैंने कहा—हां।

'तो चोथू ने दूध घाल दे' मुनिश्री ने आदेश दिया।

मैंने ज्यों ही दूध की पात्री खोली मुनिश्री बोले, 'इत्तोई ल्यायो के ?'

मैं बोला—समुच्चय में इतना ही था।

मैं चौथ मुनि के पात्र में दूध डाल रहा था। मेरे सामने समस्या थी। दूध थोड़ा था और अब लेने वाले मुनि तीन थे। मैं अनुपात से तीसरा हिस्सा रुक-रुक कर उनके पात्र में डाल रहा था। मेरे देने की प्रक्रिया देख, भाईजी महाराज ने तत्काल एक दोहा कहा—

सागर ! मत कर सूमड़ा, कर काठो कंजूस।
दियां नहीं खूटे दरब, मत बण मक्खीचूस ॥

मैं धीमे से बोला—कंजूस नहीं। मैं सोचता हूं थोड़ा आपके उपयोग में आ जाये, थोड़ा सन्त बसन्त के बुखार है, उन्हें दे दू और थोड़े से अगरचंदजी स्वामी का काम भी चल जाये।

भाईजी महाराज ने मेरे हाथ से पात्री ली और सारा दूध उनकी पात्री में उंड़ेलते हुए कहा-–'लेजा चोथू। मेरा क्या है मैं तो रोटी खाकर भी पेट भर लूंगा। वे बीमार हैं उन्हें तो और कुछ खाना ही नहीं है। जा-जा, ले जा, भाई ! बीमार को पहले।'

पास बैठे एक सन्त ने कहा—और बसन्तीलालजी को ?

मुनिश्री ने हंसकर कहा—वाह ! वह तो जवान है और उसे बुखार भी है। बुखार को तो भूखा ही रखना चाहिए। अच्छा सागर ! एक काम करना, बन्सती-लाल को दुपहरे चाय मंगाकर पिला देना।

यह थी भाईजी महाराज की सेवा-भावना, आत्मीयता, अपना बनाने की कला और संघीय आर्तगवेषिणा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४६

सेवा तप है

उन दिनों मुनि कुन्दनमलजी के हाथ में फोड़ा निकल आया था। वेदना भयंकर रूप ले चली। वे रात-रात भर जाग-जागकर निकालते। हाथ सूज गया। फोड़े के भीतर मवाद (रस्सी) कुलती। वे कराह-कराह कर सांसें लेते। क्षमता से अधिक बेचैनी थी। लूपरी, सेक और दवा नाना तरह से उपाय हो रहे थे, पर वह भी विष-कंटा था। उग्र रूप लेता ही गया। जलन बढ़ गयी। वे तो परेशान थे ही पर देखने वाले को भी सिहरन होती। फोड़ा ऊपर से गल गया था। उसमें छलनी की तरह अनेकों छोटे-छोटे छेद हो गये थे। भीतर की मवाद निकल सके, ऐसा कोई उपाय नहीं था। वह भीतर ही भीतर विस्तार खा रहा था।

श्रीभाईजी महाराज आहार (भोजन) करने विराजे ही थे। पहला ग्रास मुंह में था और दूसरा हाथ में। इतने में आये मुनि कुन्दनमलजी हाथ से हाथ को पकड़े। चेहरे पर खिन्नता। आंखों में तरलता। ओ भाईजी महाराज ! कोई उपाय करावो। अब पीड़ सहन कोनी हुवै।

मुनिश्री ने गरदन उठाकर उनकी ओर देखा। दयार्द्र हृदय पिघल गया। मुंह का कवल गले उतरना भारी हो गया। हाथ का ग्रास पुनः पात्र में छोड़ दिया। पानी का प्याला उठाया, हाथ धोये, पूरे हाथ पोंछे कि न पोंछे, हमने देखा—भाईजी महाराज का वात्सल्य भरा हाथ उनकी पीठ पर था। दूसरे हाथ से उनका सिर सहलाते हुए सेवाभावीजी ने कहा—'कुनणू। घबरा मत भाया। मैं पेहली थारों काम करस्यूं। देख, अबार ठीक करूं' कहते-कहते उनका हाथ पकड़े, कच्चे चौक में जा पहुंचे।

भाईजी महाराज का हाथ लगते ही फोड़ा फूट गया। एक चिपकारी चली, कपड़े रस्सी के छीटों से भर गये। थोड़ा-सा दबाया कि दूसरी चिपकारी छूटी और सीधी चेहरे पर आकर गिरी। मुनि कुन्दनमलजी घबरा गये। सकपकाते हुए बोले

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

—'महाराज ! आपरै छांटा लागग्या ।' और भाईजी महाराज बिना छीटों की परवाह किए फरमा रहे थे—'तू सोच मत कर। कपड़ा को 'र शरीर को ? ऐ तो धोया' र साफ। पण थारै ठीक होणो चाहिजै ।'

मुझे (सागर) आवाज लगाई। मैं रुई, कपड़ा, पट्टी, पानी और डिटोल लेकर जब तक पहुंचा, इतने में तो न जाने कितने ही तुकमें मुझे मिल चुके थे। मैं पहुंचा, मैंने देखा—उनके फोड़े में से अच्छी-खासी मवाद, भाईजी महाराज पींच-पींचकर निकाल रहे थे और फरमा रहे थे—कुनणूं। थोड़ी-सी हिम्मत राख भाया ! आज तन्ने आछीतरियां नींद आ ज्यासी ।' धीरे-धीरे सारा भीतर का कचरा दबा-दबा कर निकाला। घाव धोया, मलहम लगाई, पट्टी बांधी और उन्हें यथास्थान सुलाया। भाईजी महाराज ने हाथों की सफाई की। 'सलफर' डाइजीन की एक टिकिया मंगाकर उन्हें खिलाई और फिर कपड़े बदले।

मैंने कहा—सारा आहार ठंडा हो गया है, क्या ही अच्छा होता हम पन्द्रह मिनट में यहां का काम समेटकर फिर उस काम में निश्चितता से लगते ?

भाईजी महाराज ने जरा-सी आंख लाल की ? क्या कहा ? पहले खाना खाऊं ? खबरदार ! आज के बाद ऐसा कभी मत कहना। पहले सेवा है, बाद में खाना। वह बेचारा बीमार साधु तो कराहे और मैं आराम से गिटूं ? तुम्हें मालूम होना चाहिए 'सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः' सेवा परम गहन धर्म है, उसे योगी भी मुश्किल से पा सकते हैं। यह सेवा बार-बार नहीं मिलती। रोगी का काम तो मानवता का तकाजा है। तेरापंथ धर्मशासन सेवा-प्रधान है। हमारे यहां की सेवा-चाकरी की एक अद्वितीय मिशाल है। सुन —

'सागर ! सोहक्यूं सुलभ है, दुर्लभ सेवा-धर्म।
ओ तप 'चम्पक' गहनतम, मानवता रो मर्म ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५०

छग्गू-बा

मुनि छोगालालजी स्वामी-बोराणा वाले सीधे-सादे पवित्र साधु थे, पुराणे युग की चाल-ढाल। यों कहना चाहिए वह मलीन-वस्त्रों में उज्ज्वल आत्मा थी। श्री भाईजी महाराज को ऐसे भले, भोले, स्नेहिल और सरल लोगों से बड़ा प्रेम था। उन्हें छग्गू-बा के नाम से हम संत लोग पुकारा करते थे। गांवड़ियों के निःस्वजनों से उन्हें लगाव था। वे सादे इतने थे——गांव के गरीब लोग के यहां की रोटी खाकर बहुत प्रसन्न रहते। स्वतंत्रता में उनकी तुलना किसके साथ करूं, समझ में नहीं आता। अपना काम औरों से करवाना उन्हें नहीं सुहाता था। औरों का काम वे बड़े चाव-भाव से किया करते। किसी को भी काम के लिए नाटना उन्हें आता ही नहीं था। वैराग्य उनकी वृत्ति में उतरा हुआ था। हमने बरसों से उन्हें दूध पीते नहीं देखा। उनका मनोज्ञ खाद्य था—मिरच, चटनी, लूखी-सूखी रोटी, छाछ, राबड़ी। गोचरी की शौख इतनी, वे तीसरे गांव जाते। वे तो ऐसे आदमी थे—बादाम की बरफी देकर बदले में लूखी रोटी लेना पसन्द करते। भाईजी महाराज के साझ-मंडल में आए बिना उन्हें रंगत नहीं होती। वे सचमुच ओलिये फकीर थे, आते और यों ही जमीन पर पसर जाते। हम कंबल देते पर वे नहीं लेते। कपड़े गंदे तो होने ही थे। इतने पर भी वे सबको प्यारे-प्यारे लगते। उनकी बोली भी अपने आप में निराली थी। सन्तजन जान-जानकर उन्हें बुलवाते। उनकी बोली के लहजे की प्रियता—आसरै 'थूं है क नी' औरी 'ऊं करे मती', 'मूरखो' आदि शब्द हर किसी को आकर्षित कर लेते। उनकी इस निश्छलता पर आचार्यश्री भी मुग्ध थे। तनाव, दुराव और खिचाव से दूर उनका जीवन रमझमता, मन-गमता-सा था।

वि० सं० २०१९ माघ कृष्णा दूसरी पांचम, दिनांक १५ जनवरी १९६३ की बात है। हम मेवाड़-गजपुर घाटा से आत्मा आ रहे थे। मध्याह्न का समय था। वह मेवाड़ी-पहाड़ी पथरीला रास्ता! भाईजी महाराज के पैरों में दर्द। छग्गू-बा उस

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कंकरीले मार्ग पर हमें दो-तीन बार मिल गए। कभी पीछे से आगे निकलते तो कभी आगे से पीछे रह जाते। बार-बार यों आड़े-आड़े आते देख भाईजी महाराज ने फरमाया—हमें तो अभी साठ भी नहीं आये हैं, जिसमें यह हाल है और बाबा चौरासी में भी गाडा गुड़का रहा है—

'छग्गू-बा गमेती बावो, आवै आड़ो-आड़ो।
'चम्पक' बरस चौरासी आया, तोहि गुड़कावै गाड़ो।।'

दिनांक १७ जनवरी को आत्मा गांव में आचार्यप्रवर की सन्निधि में एक चिंतन गोष्ठी हुई। श्री भाईजी महाराज ने विशेष तौर से निवेदन प्रस्तुत किया—'जो संघीय सदस्य ८० वर्ष प्राप्त हो गए हैं उन्हें संघीय काम-काज से मुक्त किया जाना चाहिए। अस्सी वर्ष के बाद की उमर काम करने की नहीं होती। संघ के उन वयोवृद्धों का इतना सम्मान तो होना ही चाहिए। एक उमर के बाद हर क्षेत्र में कार्य-मुक्ति (रिटायरमेंट) मिलती ही है। छग्गू-बा का उदाहरण पेश करते हुए भाईजी महाराज ने जोर दिया। आचार्यप्रवर भाईजी महाराज की इस दयालुता पर पिघले और छग्गू-बा को आजीवन सामूहिक कार्य-भार से मुक्त किया। श्री भाईजी महाराज आदरणीय वृद्धों के प्रति उदार, दयालु तो थे ही, पर समय पर शास्ता को उचित निवेदन करने से भी नहीं चूकते थे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५१

पूज्यता तक पहुचानें वाले तो गुरु हैं

उदयपुर से विहार कर श्री भाईजी महाराज राजनगर पधारे । मर्यादा-महोत्सव की व्यवस्थाओं का जायजा ले २०१६ पौष शुक्ला अष्टमी को बोरज होते हुए केलवा पहुंचे ।

केलवा से तेरापंथ का इतिहास जुड़ा पड़ा है । यहां का अन्धेरी ओरी वाला मंदिर तेरापंथ का उद्गम-स्थल है। आचार्य भिक्षु की कठोर, सत्य-परीक्षा और केलवा ठाकुर मोखमसिंहजी का प्रभावित होना जन-विश्रुत है । केलवा-ठिकाने की ख्यात-बही के अनुसार आचार्य भिक्षु का तेरापंथ भाव-दीक्षा के बाद पहला भोजन ग्रहण (गोचरी), तीन दिन के उपवास का पारणा भी रावले के अन्न से हुआ था । जयाचार्यश्री द्वारा अंकित लकड़ी की एक कामीं (फुट) जिस पर लिखा है— 'भिक्षु छतांरी छै' केलवे ठिकाने से ली गयी लकड़ी की है, जो आज भी लाडनूं पुस्तक भंडार में सुरक्षित है । केलवा तब से अब तक तेरापंथ-संघ के लिए श्रद्धानत है । इसका जीता-जागता प्रमाण तेरापंथ द्विशताब्दी समारोह में हमने अपनी आंखों से देखा है । श्री भाईजी महाराज का पधारना केलवा के लिए अमित उल्लास लेकर हुआ । सैकड़ों-सैकड़ों छात्रों और महिलाओं के साथ जन-समूह ने स्वागत किया ।

रावले के चौक में प्रधानाध्यापक श्री पुरी, केलवा ठाकुर श्री दौलतसिंहजी एवं चाचा ठाकुर रामसिंहजी के बाद कवि सेंसमलजी कोठारी ने कुछ प्रशस्ति पद्यों के बीच कहा—

इक चम्पा हरि सिर चढ़ें, इक मन हरत विकार ।
मनहर चम्पालाल को, बन्दूं बारम्बार ।।

कवि की युक्तियुक्त बात से जनता मुखातिब हो उठी ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्री भाईजी महाराज ने प्रत्युत्तर में केलवे नगर की विशेषताएं, ठिकाने के अपने संघीय-संबंध बताते हुए फरमाया—

बेशक चम्पा मंदिरों में चढ़ता है, भक्तों की भक्ति का माध्यम बनता है। मनोहर होता है। उसकी बन्दनीयता भी सही है। पर यह सब चम्पा की विशेषताएं नहीं हैं। महानत तो है माली की, कृति है वृक्ष की, कीर्तना है भक्तों की और आदरणीयता है सुगन्धित सफेदी की।

पूज्यता तक पहुंचाने वाले गुरु होते हैं। महानता है पूज्य गुरुदेव कालूगणी की, जिन्होंने इस चम्पे को सींचा-रुखारा। प्रधानता है संघ-वृक्ष की तेरापंथ जैसे कल्पतरु की जिसने आश्रय दिया। प्रमुखता है भक्तों की, जिन्होंने ना-कुछ व्यक्ति को इतना आदर दिया, मान दिया और सबसे अधिक पूजनीयता है सुगन्ध-गुणयुक्त सफेद आचार की।

इसलिए कविराजजी यों कहिये—

'माली सींच्यो, तरु फिल्यो, चढ्यो भक्तजन हाथ।
चम्पे री आ पूज्यता, सदा सफेदी साथ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५२

हमारी लक्ष्मण-रेखा

वि० सं० २०१६ उदयपुर चातुर्मास के बाद भी श्री भाईजी महाराज को वहीं रुकना पड़ा। पर मन नहीं लगा। थोड़ा-सा स्वास्थ्य सुधरा कि विहार किया। राजनगर-केलवा होते हुए हम दिनांक ७-२-६३ रीछेड़ पहुंचे। समग्र साधु संघ को साथ ले आचार्यश्री ज्येष्ठ बन्धु की अगवानी में पधारे। कोई ड़ेढ़ मील दूर चारभुजा सड़क पर मिलन हुआ। समवसरण में पहुंचकर पुनः स्वागत-वन्दना हुई। साध्वियों ने मंगल गीत गाये। आचार्य देव ने यात्रा संस्मरणों के साथ भाईजी महाराज के लिए अनेकों शब्द फरमाये। मिलन के अवसर पर आचार्यप्रवर ने एक छप्पय-छन्द के माध्यम से फरमाया—

उदयापुर से आप हम, चले मिले रीछेड़
सरल सड़क ली आपने, हमने ली भटभेड़।
हमने ली भटभेड़, मोज-माणी मगरांरी,
पग-पग दृश्य निभाल चाल धीमी डगरांरी।
क्षेत्र-क्षेत्र संभाल मैं, लागी लम्बी गेड़,
उदयापुर से आप हम, चले मिले रीछेड़॥

उस दिन वि० सं० २०१६ पौष शुक्ला त्रयोदशी थी। सैकड़ों-सैकड़ों बहिर-विहारी साधु-साध्वियां एकत्रित थे। मध्याह्न में आचार्यप्रवर के सान्निध्य में एक साध्वी-समाज की संगोष्ठी हुई। आचार्यश्री सैकड़ों साध्वियों से घिरे हुए विराज रहे थे। चारों ओर साध्वियां ही साध्वियां। कहीं रास्ता नहीं। भाईजी महाराज आचार्यश्री के पास जाना चाहते थे। देखा, सभी रास्ते रुके हुए हैं। इधर पधारे रास्ता बन्द, उधर पधारे रास्ता बन्द। मुनिश्री ने जोर से कहा—'सगला ही रास्ता बन्द हैं, के म्हे भी आ सकां हां ?'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सबका ध्यान टूटा। आचार्यप्रवर ने जरा मुस्कराकर फरमाया—'आवो! आवो! सब रास्ते खुले हैं। भला! आपके रास्ते कौन बन्द कर सकता है?' भाईजी महाराज से नहीं रहा गया। वे बोले—'आपके सिवा और कौन बन्द कर सकता है?' आचार्यप्रवर के इशारे की देर थी। साध्वियों ने इधर-उधर खिसककर रास्ता बना दिया। मुनिश्री आचार्यप्रवर तक पहुंचे। पहुंचते-पहुंचते आपने एक पद्य बनाया और तत्काल सभा के समक्ष सुनाते हुए कहा—खमाघणी!

सिवा आपरे कुण सके, रस्ता म्हारा रोक,
आज्ञा लिछमण-रेख आ, 'चंपक' चौड़े चोक।'

आचार्य सहित पूरा साध्वी समाज हंस पड़ा। अवसर की वह सचोट बात और साथ-साथ शास्ता की आज्ञा का महत्त्व, समय की एक सूझ थी।

भाईजी महाराज ने अनायोजित ही एक लघु वक्तव्य देते हुए फरमाया—'मैं तो कुछ पढ़ा-लिखा नहीं हूं, पर इतना अवश्य जानता हूं कि आज्ञा हमारा परमधर्म है। 'जिन मारग में आज्ञा बड़ी' स्वामीजी का अमोघ वाक्य है। आज्ञा ही साधक का जीवन है। आज्ञा प्राण है। आज्ञा रक्षा है। आज्ञा त्राण है। आज्ञा ही हमारे लिए लक्ष्मण-रेखा है। जब तक सीता ने लक्ष्मण-रेखा का उल्लंघन नहीं किया, उसे कोई खतरा नहीं था। वह दुष्ट रावण की बातों में आ गयी। संन्यासी के धोखे में ज्योंही उसने रेखा को लांघा कि रावण का दांव लग गया। सीता को कितने कष्ट झेलने पड़े? हमारे लिए यह आज्ञा ढाल है। सुरक्षा की इस सीमा-रेखा में रहकर हम परम-आनन्द का अनुभव करते हैं। सात हाथ की सोड़ में सोते हैं। कोई हड़का है न धड़का। खुल्लम-खुल्ला बात है—हम तो आज्ञा के पुजारी हैं। आचार्य की आज्ञा ही हमारे लिए लक्ष्मण-रेखा है। आपके द्वारा निकाली गयी निषेध-लकीर हमारे लिए दीवार है, समुद्र की-सी खाई है। हम उस निषेध,रेखा का लंघन नहीं कर सकते। अतः गुरुदेव! मैंने कहने का साहस किया है।

सिवा आपरे कुण सके, रस्ता म्हारा रोक।
आज्ञा लिछमण-रेख आ 'चम्पक' चौड़े चोक'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५३

यश भी भाग्य से मिलता है

२०१६ माघ कृष्णा चतुर्दशी की बात है। आचार्यप्रवर केलवा राज-महलों में विराजे थे। मुनि खूबचन्दजी की आंत उतर गयी। गोसा उतर जाने के बाद पट्टा लगा लेना भी तो गलती थी, पर हो गयी। कटिबन्ध के दबाव से रास्ता सिकुड़ गया। भरसक प्रयत्न किये, पर आंत ऊपर नहीं चढ़ी। बेचैनी बढ़ गयी। वह तो बढ़नी ही थी। खूब मुनि जैसा रांगड़, प्रौढ़, साहसी और छाती के ठड्डे वाला आदमी भी हताश हो गया। हाय-हाय की उस स्थिति में अनेक जानकार लोगों की सभी करामातें असफल रहीं।

कोई चार घंटे के बाद राजनगर के सरकारी डॉक्टर रेउ साहब पहुंचे। उन्होंने देखा, प्रयत्न किया, ज्यों-त्यों आंत चढ़ जाए, अन्त में वे बोले—'अब ऑपरेशन के अतिरिक्त और कोई इलाज नहीं है। इन्हें राजनगर भेजो। मैं शल्य-क्रिया करूंगा। बचने का एकमात्र यही उपाय है।

श्री भाईजी महाराज आचार्यश्री जी की सेवा में पधारे। स्थिति निवेदन की, विचार-विमर्श हुआ, वापस लौटे और मुनि खूबचन्द जी से फरमाने लगे—'देखो, खूबचन्द जी! मरना तो सामने दीख रहा है। इसका कोई विचार भी नहीं है। अब दो रास्ते हैं—एक गृहस्थों का आश्रय लेना, यह शायद तुम्हें भी पसंद नहीं, मुझे भी पसन्द नहीं। दूसरा समभाव से कष्ट सहन करना। मैं भी इस वेदना की असह्यता को पहचानता हूं। इलाज विधि के अनुसार होगा, पर तुम्हें राजनगर जाना पड़ेगा, तुम पैदल जा सको संभव नहीं है। सन्त उठाकर पहुंचाएंगे। बोलो क्या इच्छा है?'

वे बोले—'मैं कहूं भी तो क्या? आप जैसी व्यवस्था करें, मुझे मंजूर है। गुरुदेव की जो मरजी हो। मरना तो है ही पर यों तड़प-तड़पकर मरना पड़ेगा यह नहीं जाना था। जो कुछ करना हो आप ही करें, मैं संघ की शरण में हूं।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्री भाईजी महाराज आचार्य प्रवर से व्यवस्था देने का निवेदन करने पधारे। कोई दसेक कदम गये होंगे, स्वर देखा, वापस मुड़े।

डॉक्टर बोले—'क्यों साहब ! क्या सोचा ?'

भाईजी महाराज ने कहा—'डॉक्टर ! मेरे मन में आया, इन सबने प्रयत्न कर लिया, मैं भी देखूं तो सही यह आंत क्यों नहीं चढ़ती ?'

मुनिश्री विराजे। स्वामीजी का स्मरण किया और आंत पर हाथ का दबाव दिया। सहारा लगा कि आंत खट, ऊपर चढ़ गयी। मुनि खूबचन्द जी बोले—'जिला दिया।'

डॉक्टर रेउ अचंभित थे। उन्होंने कहा—भाईजी महाराज ! आप में तप का बल है। सन्तों ने कहा—पुन्यवान के हाथ में ही करामात होती है। भाईजी महाराज ! आपने क्या अटकल लगायी ? और भाईजी महाराज कह रहे थे—

'अटकल-पटकल कुछ नहीं, कल बाबैं को नांव।
जस जद मिलणैं रो हुए, (तो) 'चम्पक' लागैं दांव'

सुनते ही आचार्यप्रवर स्वयं पधारे और फरमाया—चम्पालालजी स्वामी ! 'यशः पुन्यैरवाप्यते'—'यश भी भाग्य से मिलता है।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५४

भगत जीत गया

मेवाड़ में पहुंना के नजदीक ही ऊंचा एक छोटा-सा गांव है। वे लोग प्रार्थना कर रहे हैं पधारने की। पर श्री का मन कम-कम है। प्रातः पंचमी-समिति (शौच-निवृत्ति) पधारते समय रास्ते में श्री भाईजी महाराज ने निवेदन किया—महामहिम ! जरा गौर फरमाओ न, बेचारे ऊंचा वालों का इतना मन है, फिर कब-कब पधारना होगा, करवा दो न कृपा, आप तो तरन-तारन हैं।

आचार्यश्री ने मुस्कराकर फरमाया—उनका मन क्या देखें, मन तो देखना पड़ता है आपका।

इतने में ऊंचा कुंवर साहब पहुंच गए। श्री भाईजी महाराज ने कहा, कुंवर-सा! खूब मौके पर आए। उन्होंने पैर पकड़ लिये। भाईजी महाराज ने सहारा दिया। गुरुदेव ऊंचा पधारे।

ऊंचा से पहुंना, मरोली, जाड़ाणा होकर भीमगढ़ प्रवेश हुआ। यहीं से लांगच गांव का रास्ता है। भाई मांगीलाल बहुत दिनों से प्रयत्न में हैं—आचार्यश्री का लांगच पदार्पण हो, पर गुरुदेव अभी टालने में हैं। आज मांगीलाल रास्ता रोक, पैर पकड़कर बैठ गया। लगभग सभी संतजन भी ना में हैं। शास्ता के नाते खीज-बीज-भीज सब कुछ किया, पर वह बंदा टस-से-मस नहीं हुआ। अंत पसीजकर आचार्यवर रीझे और फरमाया — चम्पालालजी स्वामी ! बोलो, अब क्या करें ?

श्री भाईजी महाराज ने चुटकी लेते हुए कहा—महाराज ! यह भगत और भगवान का झगड़ा है, हम कौन होते हैं बीच में बोलने वाले, हम तो खड़े-खड़े देख रहे हैं, देखें ! आज कौन जीतता है—भगत या भगवान् ?

आचार्यश्री ने लांगच पधारने की घोषणा की और भाईजी महाराज ने कहा—वाह ! वाह ! वाह ! आज तो भगत जीत गया, भगत जीत गया। वि० सं०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२०१६ चैत्र कृष्णा तेरह को लांगच की ग्रामीण सभा में बोलते हुए भाईजी महाराज ने फरमाया—

मांगी, मांग करी घणी, पर नहीं मानी एक
पड्यो गुरां नैं पिघलणी, रही भगत की टेक···१

भगत बड़ो संसार मैं, सब ली इकमति ठान,
(पर) भगता रैं लारै झुकै, देखो यूं भगवान···२

भगती मैं सगती विविध-जुगती करैं विनीत,
रीत प्रीत री देखल्यो, हुई भगत री जीत···३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५५

पगडंडी का रास्ता

गांव का नाम तो मैं भूल गया पर मेवाड़ की घटना है। हमने एक गांव से विहार किया। सड़क-सड़क चल रहे थे। सड़क भी कच्ची थी। रास्ता मगरी (पहाड़ियों) का था। थोड़ी दूर चले कि एक घुमाव पर हमने अपने आगे चलने वाली मुनि-मंडली को देखा। ऐसा लगा कि बहुत घुमाव है। इधर-उधर देखने पर एक पगडंडी दिख पड़ी। वह बहुत साफ तो नहीं थी, पर थी चालू। सन्तों ने भाईजी महाराज से कहा—मोटा पुरुषां ! सड़क तो बहुत घूम रही है। यह पगडंडी का रास्ता सीधा निकलेगा।

दो क्षण रुककर मुनिश्री ने फरमाया—ना भाई ! ना, शकुन रोक रहे हैं, यह रास्ता गलत होना चाहिए। हम सड़क-सड़क आगे बढ़े। कोई दस कदम भी नहीं चले होंगे, मुनिश्री ने फरमाया—लगता है पीछे वाले सन्त कहीं भटक जाएंगे, अतः पगडंडी पर निषेध चिह्न (क्रोस) तो कर दो। आपने अपने गेड़िये से क्रोस का चिह्न कर दिया। घुमाव के उस छोर पर जाकर हमने देखा तो पिछले सन्त हमारी उसी पगडंडी को देख रहे हैं। जो हमारे मन में आई उनके भी आई होगी। उन्होंने निषेध-चिह्न की परवाह न कर, पगडंडी ले ली। मुनिश्री ने दूर से बहुत संकेत किए पर वे उन्हें उलटा ही लेते गये।

उनके कदम शीघ्र गति से मार्ग तय कर रहे थे। दो मिनट के बाद तो वे हमें दीखने से ही रहे। वे चाहते थे, हम भाईजी महाराज को पीछे छोड़, आगे पहुंच जाएं। उन्होंने गति को और बढ़ा दिया। जवानी के दिन थे, पैरों में ताकत थी। बिना इधर-उधर देखे, वे अपनी धुन में चलते ही गये। मीलों का रास्ता तय कर लिया पर अभी मूल सड़क नहीं आयी। आती कैसे ? सड़क उस पहाड़ी से पूर्व की ओर मुड़ गई। वे भले आदमी अपनी मस्ती में पगडंडी पर चलते ही चले। पगडंडी पश्चिम की ओर घूमती गई। अगली टेकरी पार करने पर उनके सामने एक सूखी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बरसाती नदी आ गयी। बस, वहां जाकर पगडंडी समाप्त। अब जाएं भी तो किधर? पूछें भी तो किसे? वीरान जंगल। हिम्मत बहादुर वे दोनों सन्त उज्जड़ जंगल में रड़भड़ते दुपहरी में जाते एक छोटे से आदिवासी गांव में पहुंचे। दो घंटा विश्राम किया। ढलती दुपहरी में वे अगले गांव का रास्ता पूछते-पूछते सायंकाल हमसे आकर मिले।

वे खुद खिन्न हो गये थे। भाई जी महाराज तो दस बजे से उनकी चिन्ता में थे। न जाने कितने लोगों से पूछा। कितनों ने ही खोज-खबर के प्रयत्न किए, पर कहीं अता-पता नहीं लगा। जब सन्त सही-सलामत पहुंचे तब जाकर मुनिश्री को चैन पड़ा। ज्यों ही सन्त आए, उन्हें आश्वस्त किया। कुछ विश्राम कराकर, पास में बैठ आहार करवाया। दिन थोड़ा था। आहार-पानी कर चुकने के बाद उन्हें सारा हाल पूछा। वे पश्चात्ताप के स्वरों में अपनी आप-बीती बता रहे थे। इसी बीच भाईजी महाराज ने मधुर हास्य बिखेरते हुए कहा—

गफलत स्यूं गोता पडैं, खेद खिन्न हो ज्याय।
'चम्पक' जो पथ चूकज्या, (वो) पग-पग पर पिछताय॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५६

यह कैसी बुद्धिमानी

२०१६ चैत्र कृष्णा चतुर्दशी को आचार्यप्रवर रशमी से विहार कर मान्यास पधार रहे थे।। मुनि मांगीलाल जी सरदारशहर वाले आगे-आगे चल रहे थे। उनकी चाल यों ही ढीली-ढाली थी। तपत और मेवाड़ी रास्ता, भंडोपकरणों का अत्यधिक बोझ और शरीर भारी, वे परेशान हो, एक स्थान पर बैठ गए।

भाईजी महाराज दयालु हैं। किसी संत पर वे यों ही दयालु हो जाया करते। फिर असहाय और कमजोर पर तो वे प्रायः पिघल उठते थे। मुनि मांगीलाल जी शरीर से भारी, अपस, उट्ठाणा क्रिया में शिथिल, आलसी पर थे बहुश्रुत। बुद्धि तीव्र और याददास्त बजराट है। सात आगम उन्हें कंठस्थ हैं। हां, यदि थोड़ा-सा प्रमाद नहीं होता तो क्या कहना? वे अपने आपको 'मधुर' कहते थे। दोनों बाप-बेटों ने साथ दीक्षा ली थी। उनके पिताजी का नाम फूसराज जी स्वामी था। वे भी आगम-ज्ञाता, तत्त्वदर्शी सन्त थे। किसी साधु को बैठा देख दूर से भाईजी महाराज ने पूछा---यह कौन बैठा है?

सन्तों ने कहा—आलस-निकाय मधुर मुनि। वे काम करने में ढीले थे। प्रतिलेखन, प्रतिक्रमण भी सबके बाद पूरा होता था। मन के सरल थे पर आलस के कारण सन्त उन्हें आलस-निकाय कह देते।

श्री भाईजी महाराज उस सन्त की ओर मुड़कर बोले—ना भाई! ऐसा नहीं कहा करते। यह तो बहुश्रुत है। 'बहुश्रुत की आशातन मत करो।' भाईजी महाराज को नजदीक आते देख मुनि मांगीलाल जी स्वामी उठे। मुनिश्री ने हमदर्दी दिखायी। उनसे बोझ मांगा। थक गया क्या मांगू? ला! वजन दे दे, आराम से चला जाएगा। उनका झोलका बहुत भारी था, हाथ में उठाया तो पत्थर जैसा लगा। ठिकाने आकर मुनि हीरालाल जी से भाईजी महाराज ने फरमाया—हीरा! इसका बोझा कम कर दो भाई! हम कुछ सन्त बैठे। उनकी नेश्राय का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपना वजन १८ सेर लगभग निकला। हमने दिन में दो घंटा लगाकर आवश्यक-अनावश्यक पुस्तक पन्ने और कपड़ों-लत्तों को छांटा। पर उनका मन नहीं माना, एक-एक कर सांझ तक सभी उपकरण और पन्ने वापस ले गये। जब भाईजी महाराज के टोकने पर भी वे नहीं समझे, तो मुनिश्री ने फरमाया—

'मांगीलाल मतंग ज्यूं चालै, फूसराज रा पूत।
बिन मतलब ही खांधा तोड़ें, आ कुणासी आकूत ॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५७

गंगापुर में दो संवत्

वि० सं० २०१६ का राजनगर मर्यादा-महोत्सव सम्पन्न कर गुरुदेव भाणा, जैतपुरा होते हुए फाल्गुन शुक्ला १२ को गंगापुर पधारे। होली के बाद गंगापुर वालों का आग्रह था कि लम्बा विराजना हो। आचार्यप्रवर ने फरमाया—चम्पालाल जी स्वामी (भाईजी महाराज) को राजी करो। इन्होंने पहूने वालों को लगा दिया है। गणेश कूकड़े का समर्थन भाईजी कर रहे हैं। गंगापुर वालों ने भाईजी महाराज से कहा। मुनिश्री ने फरमाया—मैं तुम्हारे अंतराय नहीं देता, पर ये तुम्हारे, अड़ोस-पड़ोस में बसने वाले भी तो तुम्हारे ही छोटे भाई हैं, बड़ा भाई, भाई को न देखे, क्या यह ठीक है? कुछ संतोष करो, बांट-बांटकर खाना सीखो।

गणेश कूकड़े की आंखें भर आईं। आचार्यश्री जी पसीजे। पुर-पहुने पधारने का आदेश देते हुए फरमाया—'चम्पालालजी स्वामी जिसके पक्ष में खड़े हो जाते हैं, वह मुकदमा जीत जाता है। गणेश ने बड़ा वकील खड़ा कर लिया। मेरा मन बिलकुल नहीं था, पर विवशता भी एक होनहार है और सबकी बात टाल सकता हूं पर भाईजी महाराज का आग्रह तो मैं भी नहीं टाल सकता।'

चैत बदी पंचमी को विहार हुआ। नांदसा, स्योरती, महेन्द्रगढ़, कारोई, पुर, गाडरमाला होकर पहुना पधारे। गणेशजी कूकड़ा ने अभिनन्दन पत्र में पढ़ा—'इस अवसर पर हम ज्येष्ठ भ्राता सेवाभावी मुनिश्री चम्पालाल जी स्वामी का हार्दिक आभार मानते हैं जिनके अपूर्व सहयोग ने आपश्री के श्री चरणों को इस धरती की ओर आने के लिए बाध्य किया।'

ऊंचा, मरोली, जाडाणा, भीमगढ़, लांगच, चड़ावड़ी, रास्मी, मान्यास, रेवाड़ा, स्योनाणा, लाखोला होकर चैत कृष्णा अमावस्या को पुनः गंगापुर पधारना हुआ। भाईजी महाराज ने आते ही फरमाया—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'गंगापुर स्यूं गंगापुर तक, दिवस ग्यारह लाग्या,
पुर 'पहूंनो मिला, भाग अट्ठारह गांवा रा जाग्या।'

आचार्यप्रवर ने प्रसन्नतापूर्वक फरमाया—चम्पालाल जी स्वामी ! आपका सुझाव ठीक रहा। थोड़े समय में बहुत सारे गांव फरसे गये।

आज चैत्र शुक्ला प्रतिपदा है। नया सम्वत् २०२० प्रारम्भ होते ही भाईजी महाराज ने गुरुदेव को नये वर्ष की शुभकामनाएं एक आगम वाक्य के साथ निवेदित की—

'नाणेणं दंसणेणं च, चरित्तेण तहेव य।
खंतीए मुत्तीए, वड्ढमाणो भवाहि य ॥'

आर्य ! आपके लिए यह नया वर्ष ज्ञान से, दर्शन से, चरित्र से, क्षमा से, मुक्ति से प्रवर्धमान हो।

गंगापुर के लोगों ने कहा—भाईजी महाराज ने हमारे दिन कटवा दिए। मुनिश्री ने फरमाया—ऐसा नहीं, यों कहो—

अमावसी पधरावणो, एकम हुवै विहार।
दोसम्वत् गंगापुरफरस्या, 'चम्पक' जय-जयकार ॥'

भाई ! तुम्हें तो दो वर्ष मिले हैं २०१९ और २०२०। कम कहां है ? कम मत कहो, यों कहो—जय-जयकार कर दिया। दो वर्ष फरसे गए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५८

ईमानदारी की बात कोई मानेगा ?

२६ मार्च १९६३, चैत्र शुक्ला ४-५, वि० सं० २०१९ का दिन था। मध्याह्नोत्तर ३-३० सिरदारगढ़लावा से विहार कर हम आगरिया पहुंचे। सायंकालीन गुरु-वन्दना के बाद भाईजी महाराज प्रतिक्रमण कर रहे थे। एक भाई आया और कान में कुछ कह गया। कोई खास बात है। चेहरे की खिन्न रेखाएं बता रही थीं। एक के बाद दूसरा, तीसरा, चौथा यों प्रतिक्रमण के बीच कुछ लोगों का आना-जाना, घुस-पुस करना, स्पष्ट किसी रहस्य का संकेत था। सभी लोग मनोमन अटकलें लगा रहे थे। कोई अपना अनुमान बता रहा था तो कोई किसी को पूछने के प्रयत्न में था।

प्रतिक्रमण पूरा होते ही भाईजी महाराज ने दो क्षण आचार्यश्री के कान में कुछ कहा और बिना किसी विचार-विमर्श के पुनः अपने आसन पर विराज गये। इधर-उधर देखकर मुझे नजदीक आने का संकेत किया। मैं ज्यों ही मुनिश्री के निकट पहुंचा कि बिना कोई भूमिका बांधे, कड़े रुख से आपने पूछा—साफ-साफ बताओ। वह कहां है ? घस-पस की जरूरत नहीं है।

मैं भौंचक्का रह गया। धक्-धक् कलेजा धड़कने लगा। हाथों-पांवों में कम्पन शुरू हो गया। चेहरे की हवा उड़ गयी। मैं दिग्-मूढ़ था। यह कैसा प्रश्न ? यह कैसी कड़ाई ?

भाईजी महाराज ने आगे फरमाया—घबराओ मत ? डरने की आवश्यकता नहीं है, जो होना था हो गया। यथार्थ को बिना छुपाए यह बताओ वह है कहां ? जहां सन्तों ने सोने का स्थान निर्णय किया था, वह वहां नहीं है। यहां भी नहीं है ? वहां भी नहीं है। केवल उसकी नेश्राय का ओघा उस ठिकाने के दरवाजे-पोली में पड़ा है। तुम दोनों घनिष्ठ साथी हो। तुम्हारे बीच आंतरिक सलाह-सूत भी होती है। जो कुछ भी है। साफ-साफ बता दो, ताकि ढूंढ़ने वालों को नाहक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परेशानी न हो।

मैं अब तक मौन, नीचा सिर झुकाए, जमीन कुरेद रहा था। मुझे अनबोल देख, भाईजी महाराज ने मेरी पीठ पर हाथ रखा। प्रेम से सहलाते हुए फरमाया—यह कोई तुम्हारे पर आरोप थोड़ा ही है। तुम डर क्यों गए? जो होना होता है उसे कोई रोक नहीं सकता। तुम्हें जो पता हो वह बता दो। लगता है, उसके पैर उखड़ गए हैं। वह संघ छोड़कर भाग गया है, कायर···कहीं का···।

मैं इस घटना से सर्वथा अनभिज्ञ था। रात-दिन साथ रहने वाले साथी के विषय में यह कल्पना भी नहीं की जा सकती। मैंने कांपते स्वरों में कहा—सच-सच तो यह है कि मुझे कोई पता नहीं है, पर मेरी इस ईमानदारी की बात को कोई मानेगा? मैं बोलकर क्या करूं?'

भाईजी महाराज ने मुझे आश्वस्त करते हुए फरमाया—देख, औरों को विश्वास हो न हो, पर मुझे तो प्रतीत है। मेरे सामने तूने कभी गलत बात नहीं की। मैं मानता हूं तेरी चलती बात का लहजा ही कुछ और होता है। पर, यह हुआ कैसे? अकल्पनीय, अचिन्त्य···कहते-कहते मुनिश्री गंभीर हो गए।

दीक्षित होकर प्रारम्भ से ही पुष्पराज जी भाईजी महाराज के पास ही रहे थे। उनका सारा संस्कार-निर्माण मुनिश्री के हाथों से हुआ था। अपने हाथ से पाले-पोसे पौधों को यों अप्रत्याशित जड़ें छोड़ते देख, मन में आना स्वाभाविक था। उसमें भी भाईजी महाराज जैसे वात्सल्य प्रधान, दयार्द्र-हृदयी के लिए और भी दुसह्य था।

बीस साल का हमारा अपना सान्निध्य, अन्तरंग एकत्व, आज अनबोले ही टूट गया था। टूट गया था या जान-बूझकर तोड़ दिया गया था। पर खेद तो इस बात का हो रहा था कि बिना किसी पूर्व सूचना, सन्देह के एक तूफान आया और सहसा सब कुछ उड़ाकर ले गया। प्रातः से सायंकाल तक एक साथ रहने, बैठने, बोलने और कार्य करने वालों को इतना-सा भी सुराख न लगे, यह अवश्य सन्देहास्पद था, पर जो यथार्थ था, वह सही था। मुझे किसी भी तरह का न तो पता ही था और न सन्देह।

भाईजी महाराज के मन की प्रतिक्रिया एक दोहे के माध्यम से यों निकली—

'ओ कांटो कदस्यूं उग्यो, अरे! फूटरा फूल!
'चम्पक' होकर चतुर क्यूं, गई विधाता भूल?'

मन को खटकती हुई तीव्र वेदना शब्दावली में फूल के मिस उभरी। अक्सर भाईजी महाराज पुष्पराज के स्थान पर फूल का सम्बोधन करते थे। पुष्प और फूल एकार्थक जो हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५९

मन का कांटा

वि० सं० २०१९ वैशाख कृष्णा ४, १३ अप्रैल, १९६३, की बात है। रामसिंहजी के गुड़े से विहार कर हम राणावास जा रहे थे। मार्ग में एक बबूल का कांटा भाईजी महाराज के पैर के तलवे में चुभ गया। कांटा उसी स्थान पर चुभा जहां पहले से आइठाण (ऐठण) था। एक पांव भी आगे चलना कठिन हो गया। कांटा निकालने के लिए भरसक प्रयत्न किए पर वह नहीं निकला सो नहीं ही निकला।

यह प्रदेश कांठा है। यहां के कांटे भी नामी हैं। परसों ही एक कांटा लगा था। पूरी शूल पगथली में घुस गयी थी। बड़ी कठिनता से उसे पूरी ताकत के साथ खींचकर निकाला था। एक झटके में शूल तो निकल गयी पर साथ ही खून की धार भी बह निकाली। पैर में अच्छा-खासा दर्द हो गया। सेक आदि करने पर वह कुछ हलका पड़ ही रहा था कि आज उसी के पास दूसरा कांटा और लग गया। लंगड़ाते नीठ-नीठ राणावास लिया। कई सन्तों ने जो कांटा मास्टर थे, कोशिशें कीं पर वह भी तो पूरा जिद्दी ठहरा, निकालने वाले सारे हार गए। अन्त में झुंझलाकर भाईजी महाराज ने फरमाया—'छोड़ो अब मुझे दो' और देखते-ही-देखते शूल का एक गहरा सान्ता दिया और कांटे को ऊपर उठा लिया। अब क्या था कोई एक इंच लम्बा कांटा सपाक बाहर निकल आया। कांटे को देखकर मुनिश्री बोले—

> 'कांटो पग रो काढ़ दैं, 'चम्पक' चतुर चकोर।
> (पर) मन रो कांटो मायलो, कहो कुण काढै कोर ?॥'

सभी ने सन्तों को—जो वहां उपस्थित थे—भाईजी महाराज की इस मार्मिक पंक्ति ने गंभीर बना दिया। हम सभी बाह्य परिवेश को छोड़ भीतर को झांकने लगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६०

मजदूर पेट भर सकता है, धन नहीं जोड़ सकता

१० अप्रैल, १९६३ जोजावर (मारवाड़) के बाहर एक नयी बस्ती बसी है। उसमें सांसी लोग रहते हैं। वहां उन्हें कंजर कहते हैं। पक्के मकान। अच्छे कपड़े, थोड़ा-सा ठाठिया। भाईजी महाराज ने पैर थामकर देखा और पूछा यह बस्ती किसकी है? इतने में एक लड़की आती दिखाई दी। हम दो मिनट रुके। मुनिश्री ने उससे पूछा—बाई! तुम कौन लोग हो? वह हिन्दी बोल सकती थी। उसने हाथ जोड़कर उत्तर दिया—महाराज! हम तो कंजर लोग हैं।

उसकी सभ्यता, पहनाव, बोली-चाली और नम्रता कंजरों जैसी नहीं थी। उसने बताया—हम लोग भी अब शहरी सभ्यता सीख रहे हैं। जैसा देश वैसा वेश। हमारी जाति के कुछ नयी पीढ़ी के बच्चे पढ़ने भी लगे हैं। जब उससे कामकाज के विषय में पूछा तो वह जरा ठिठक गयी। उसने ससंकोच सीधा-सादा उत्तर दिया—गांव में इधर-उधर का काम ही करते हैं, महाराज!

हम आगे बढ़े। हमारे साथ कुछ ग्वालों के बच्चे हो गए थे। वे भेड़-बकरी चराने जा रहे थे। उन्होंने हमारी बातें सुनी थीं। वह लड़की काफी दूर निकल गयी। हम भी कंजर बस्ती पार कर गये। गड़रिये भी हमारे साथ-साथ थे। वे फूल-फूलकर गुब्बारा हुए जा रहे थे। कुछ कहना चाहते थे। पर कहने की हिम्मत नहीं हो रही थी। एक कहता था—'तू कह' और दूसरा कहता था 'इतनी बलत है तो कह दे तू ही।' भाईजी महाराज ने फरमाया—क्यों भाई! क्या कहना चाहते हो? लो मैं पूछता हूं, तुम दोनों ही बता दो।

उनमें से एक ने कहा—सन्तो! आप जिससे बात कर रहे थे—वह कंजरों की छोरी थी। ये कंजर बड़े छाकटे होते हैं। आपने जब उससे पूछा—तुम क्या काम करते हो, तो वह बोली क्यों नहीं? बोलती कैसे महाराज! पानी मरता है, पानी। ये लोग चोर हैं, चोरी करते हैं। बिना चोरी के कभी पैसे इकट्ठे होते हैं? ये

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पक्के मकान, बढ़िया-बढ़िया कपड़े और रहीसी ठाठ-बाट, सभी मजदूरी से थोड़ा ही होता है? मजदूर पेट तो भर सकता है, पर धन नहीं जोड़ सकता। धन का ढेर तो चोरी से ही होता है, सन्तों!

अनपढ़ भेड़-बकरी चराने वाले, बच्चों की बात भाईजी महाराज के खटोखट जंच गयी। बात सोलह आना सही थी और थी बिना किसी नमक-मिरच के। सीधे-सादे शब्दों में मन की खुली बात भाईजी महाराज को खूब पसन्द थी। आज दिन में बहुत बार मुनिश्री ने उसी बात को दुहराया—'माठा! छोरा भारी ज्ञान की बात कही।'

प्रातःकालीन व्याख्यान में भाईजी महाराज ने वही प्रसंग छेड़ा और कहा—

'एक जग्यां दरड़ों पड़ै, (जद) ढ़िगलो दूजो ठोर।
'चम्पक' धन चोरी बिना, भेलो हुवै न भोर॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६१

जानवर का क्या ?

१० अप्रैल, १९६३ को वैसाख कृष्णा दूसरी प्रतिपदा थी। हम जोजावर के गढ़ में ठहरे थे। जोजावर ठाकुर साहब बड़े साहसी और सेवा-परायण हैं। उन्होंने भाईजी महाराज से निवेदन किया—जरा आप पिछबाड़े पधारो तो आपको एक शेर का बच्चा दिखाऊं। भाईजी महाराज ने श्लेषालंकार में फरमाया—ठाकरां! शेर का बच्चा क्या, हम तो शेर को ही देख रहे हैं।

सेवाभावी मुनिश्री जी के साथ जोजावर ठिकाने का घनिष्ठ सम्बन्ध है। ठाकरों का भक्ति-भाव और मुनिश्री का वात्सल्य दोनो ही बेजोड़ हैं। भाईजी महाराज ने हंसकर कहा—ठाकरां! खुल्ला शेर देखने की तो मनसा रहती है, पर आपके शेर का बच्चा तो पिंजड़े में होगा? बन्द शेर को क्या देखें? ठाकुर बोले, हुक्म! वही दिखाऊंगा जो आपकी मनसा है, जरा पधारो तो सही। मुनिश्री बाड़े में पधारे। ठाकुर-सा दौड़कर आगे चले गए।

हमने देखा ठाकरों के साथ कुत्ते की तरह जंजीर से बंधा एक शेर का बच्चा आ रहा है। उन्होंने उसे संकेतों के आधार पर लिटाया, उठाया और मुंह में अंगुली दी। वह शेर होकर भी पालतू जानवर बन गया था। भाईजी महाराज बड़े निर्भीक और साहसी थे। उनका राजपूती मानस अनोखा था। मुनिश्री जरा आगे बढ़े और शेर को ज्यों ही हाथ से छुआ कि वह गुर्राया। ठाकर ने बताया—भाईजी महाराज! अभी तक इसके मुंह पर खून नहीं लगा है। यह नहीं जानता खून का स्वाद कैसा होता है? मैं इसे पास में बिठाकर सोता हूं। यह पल्यंक के चारों ओर चक्कर लगाता घूमता रहता है।

भाईजी महाराज जरा गम्भीर हो गए—ठाकरां! ओ आसंगो आछो कोनी?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओ जिनावर है, आज तो मिनखां रोइ विश्वास कोनी रह्यो, इं जिनावर को के ?'

ठीक नहीं है ठाकरां !, बेजां ओ विश्वास।
अन्त जिनावर जात रो, चम्पक के इकलास ॥
चम्पक के इकलास, क आछो नहि आसंगो।
बिना अरथ कोई वगत, अचानक बधै अड़ंगो ॥
खतरनाक खुंखार नें, रखणो घणो नजीक।
नीपोतां री प्रीत आ, नहीं ठाकरां ! ठीक ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६२

मुंह कैसे निकलेगा ?

बीकानेर, हमालों की बारी के बाहर, गंगाशहर-मार्ग की बात है। नाहटों की बगीची के पास हम आचार्यप्रवर के आगमन की राह देख रहे थे। भाईजी महाराज का ध्यान एक ओर पड़े घडे (मंगलै) पर गया। एक कुत्ता बार-बार उसमें मुंह डालने का यत्न कर रहा था। अपना-अपना अन्दाजा है। प्रायः देखा गया है भाईजी महाराज का अन्दाजा शतप्रतिशत सही उतरता है। कुत्ते को देख मुनिश्री ने फरमाया—लगता है, इस घड़े में कोई न कोई खाने की चीज है। कुत्ता खाने के लोभ में प्रयत्न तो कर रहा है—किसी तरह मुंह भीतर तक पहुंच जाए। और जोर लगाने पर मुंह भीतर चला भी जाएगा पर यह अज्ञानी इतना नहीं समझता, फंसा हुआ मुंह फिर निकलेगा कैसे ?

हम बात कर ही रहे थे कि वही हुआ, जो भाईजी महाराज का अन्दाजा था। कुत्ते ने जोर लगाया और मुंह घड़े में फंस गया। अब तो लेने के देने पड़ गये। कुत्ता घबरा गया। वह अंधेरे में भटके प्राणी की भांति दिग्मूढ़ हो गया। उसे कुछ दीख नहीं रहा था। वह पड़ोस के ढ़िस्से की ओर ऊपर चढ़ने लगा। वह चढ़ता है फिर लुढ़कता है, नीचे तक आ गिरता है। फिर चढ़ता है फिर गिरता है।

इतने में आचार्यश्री पधार गए। भाईजी महाराज ने संकेत करते हुए फरमाया, "खमा ! अन्दाता ! दिखाओ ! अज्ञानी कुत्ते की दशा। ओ लोभ ही मरावै है इं मिनख नै।"

आचार्यप्रवर ने कदम रोके और पूछा—अब यह कैसे निकलेगा ?

पास खड़े एक गृहस्थ ने कहा—निकल जाएगा यों ही।

भाईजी महाराज ने अर्ज की—नहीं-नहीं, अन्दाता ! यों निकलने वाला नहीं है। यह गलवा इस कदर इसके गले में फंसा है कि घड़ा फूट जाने के बाद भी यह गलावड़ा तो संभवतः इसके गले में कई दिन रहेगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देखते-देखते वह कुत्ता एक बार फिर चढाई में काफी ऊपर तक चढ़ा और फिर लुढ़क गया। जब तक चैं-चैं करता नीचे आया, आचार्यश्री के साथ रहने वाले कासीद हणूताराम जाट ने घड़े पर एक लकड़ी मारी। फटाक घड़ा फूटा। घड़ा तो फूट गया, पर उसका गला कुत्ते के गले में ही रह गया। कुत्ता मुक्त होते ही इस कदर भागा मानो पिंजरे से पंछी छूटा हो। हमने कई दिनों तक देखा वह कुत्ता उस गलवे को अपने गले में लिये फिरता रहा। जब भी वह हमें दिखता भाईजी महाराज फरमाते वह रहा 'केदार कंगण।'

"लाग्यो 'चम्पक' 'लोभ मैं, कुक्कर बिना विचार।
कई दिनां तक खटकसी, ओ कंगण केदार॥"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६३

जेट की जेट कच्ची

मुनि वसन्तलालजी (पेटलावद) श्री भाईजी महाराज के पास १७ वर्षों से थे। वैसे उनका स्वभाव भोला था। सेवा का गुण और प्रकृति मिलनसार थी। वे बालोतरा मर्यादा महोत्सव शताब्दी पर मुनिश्री के पास आये और रोने लगे। भाईजी महाराज ने पूछा—क्या बात है? वे कुछ बोल नहीं पाये। इतने में उनके संसार पक्षीय पिता मुनि जड़ावचन्द जी पहुंचे। वे कहने लगे—भाईजी महाराज! आपकी बड़ी कृपा रही है। आप बड़े हैं। आपके हाथ लम्बे हैं। मेरा निभाव किसी तरह हो जाए, आपको कृपा करानी पड़ेगी। बुढ़ापे में सहयोग के बिना कैसे पार पड़े?

भाईजी महाराज ने फरमाया—जड़ावजी! निश्चित रहो। संघ में सब का निभाव होगा। तुम्हारे निभाव के लिए ही तो गुरुदेव ने दया कर तुम्हारा सिंघाड़ा किया है। जबकि हम सब जानते हैं, सिंघाड़े की योग्यता तुम्हारे और मेरे में कितनी है? निभाव सन्तों के सहयोग से होगा। संत निभाओ। प्रकृति को बस में करो।

वे बोले—निभाव के लिए ही तो आपसे अर्ज करता हूं।

भाईजी महाराज ने फरमाया—निभाव तो गुरु देव करवायेंगे। रास्ते-रास्ते चलो, निभाव सबका हो रहा है, होगा।

वे बोले—वसन्तीलाल जी स्वामी को मेरे साथ भेजने की कृपा कराओ। इनके बिना मेरा निभाव नहीं होता। गुरुदेव ने फरमाया है—पहले चम्पालाल जी स्वामी से पूछो।

भाईजी महाराज ने कहा—यह तो आचार्य देव की कृपा है। वसन्तलाल मेरा नहीं है, गुरुदेव का है। उन्होंने मुझे दिया, मेरे पास है। तुम्हें दिलायें, तुम्हारे साथ हो जाएगा। पर इससे पूछा है? इसका क्या मन है?

वसन्तलालजी बोले—मेरा मन जाने का है। आखिर मेरे पिता हैं। ये कहते हैं—साथ चलो, वरना मेरा निभाव नहीं होगा। इनका मन कमजोर हो गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाराज ! मेरी गलती माफ करें, मैंने आपसे पूछे बिना ही गुरुदेव को अर्ज कर दी है।

मुनिश्री ने फरमाया—पूछे बिना अर्ज तो कर दी, पर यह सलाह किसने दी तेरे को। देख, बुरा तो तेरे को भी लगेगा और इनको भी लगेगा, पर ये लक्षण बाप के नहीं पाप के हैं। कहीं तुझे न डुबो दे, ध्यान रखना।

अरे ! बाप रो मोह ओ, आछो नहिं है अन्त।
'चम्पक' फोड़ा पड़ेला, सुणाले सन्त वसन्त ॥

वे जड़ावचन्दजी के साथ गए और वही हुआ जो मुनिश्री की धारणा थी। बाप तो गया सो गया, बेटे को भी ले गया। जब ये समाचार सुने तो अफसोस के साथ भाईजी महाराज ने फरमाया—

'मालव री काची रही, ठेट जेट की जेट।
गा, गलावड़ो ले गयी, खेलो मटियामेट ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६४

पेट्रोल भभक जाय तो

दिल्ली फंवारा रोड की परली नुक्कड़ पर एक पेट्रोल पम्प था। गाड़ी में तेल भर देने के बाद ड्राइवर एक कनस्तर में तेल भर रहा था। हमने देखा एक सज्जन वहीं पास खड़े सिगरेट पी रहे थे। भाईजी महाराज का ध्यान गया। मुनिश्री ने फरमाया, आदमी तो पढ़ा-लिखा सभ्य-सा लगता है पर संयम की कमी है। सिगरेट कहां पीना, कहां न पीना इसे इतना ही ध्यान नहीं है। पेट्रोल भभक जाए तो?

हम अभी कम्पनी बाग का फाटक पार ही नहीं कर पाये थे कि अचानक आग भभक गयी। वे सज्जन, जो सिगरेट पी रहे थे, चपेट में आ गये। उनके पांव में तथा हाथ में दो चार फफोले फूटे। आग शीघ्र ही शान्त हो गई। खास नुकसान नहीं हुआ।

भाईजी महाराज स्वयं पुनः वहां पधारे। उस भाई को दर्शन दिए और पूछा—क्यों घबराहट तो नहीं है? तुम्हारा भाग्य तेज था, देखो, थोड़े में ही सर गया। भाई! शूली की सजा कांटे में ही टल गयी। अभी-अभी मेरे मन में आया ही था—आदमी तो सभ्य और सज्जन लगते हैं, पढ़े-लिखे होकर भी संयम की कमी है। सिगरेट कहां पीना, कहां न पीना, जानते हुए भी प्रमाद कर रहे हैं। भाई! सिगरेट काम की नहीं है। देखो, अभी कितना अनर्थ हो जाता?

'छोटी-सी गलती बणैं, 'चम्पक' भारी भूल।
सारहीन सिगरेट नैं, मानो अनरथ मूल॥'

भाईजी महाराज के साफ हृदय की सच्ची बात चोट कर गयी। उस भाई के मन में ग्लानि हुई और उसने मुनिश्री के चरण छूकर सदा-सदा के लिए सिगरेट छोड़ दी।

भाईजी महाराज ने आशीर्वाद के रूप में मांगलिक फरमायी और उसे प्रतिज्ञा पर दृढ़ रहने का उपदेश दिया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६५

नाभि हमारी जड़ है

बीदासर की बात है। दडीवे का एक ग्रामीण आया। कुंभार-प्रजापति। बूढ़ा आदमी। पर था रसीला-रंगीला। पहुंचा हुआ। बात ही बात में उसने पूछा—सन्तो! पेड़-पौधे, घास-फूस सबके जड़ होती है। जड़ के बिना कोई नहीं पनपता। बताओ देखें, इस शरीर की जड़ क्या है, कहां है?

बड़ा विचित्र प्रश्न था। मैं हैरान था। शरीर की जड़ कहां बताऊं? पैर? नहीं-नहीं—पेट? बूढ़े ने उलझा दिया। वह गांव का अनपढ़। ऊंची धोती, फटा अंगरखा, पुरानी-सी पगड़ी। मैंने सहज उत्तर दिया—बाबा, समझ में नहीं आया, भला शरीर के भी कोई जड़ होती है? हां, शरीर स्वयं जड़ है, यह तो ठीक है?

मेरा उत्तर सुन भाईजी महाराज को झुंझलाहट आयी। उन्होंने फरमाया—

गई अकल गावन्तरे, सागरिया! कीं सोच,
नाभि जड़ नर-देह री कहदै निःसंकोच॥"

कहां उलझ गया! क्या नाभि हमारे शरीर की जड़ नहीं है? जब हमारे शरीर के अवयव भी नहीं फूटे थे, क्या हम नाभि से शक्ति नहीं पा रहे थे? मां के पेट में नाल ही हमारे पोषक तत्त्वों का स्रोत था। उनका सहज सात्विक उत्तर मेरे लिए प्रकाश बन गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६६

कामचोर

भाईजी महाराज सहज योगी थे। वे हर वस्तु को द्रष्टाभाव से देखा करते। कभी कभी सहजता में निकली बात सूत्र बन जाती है। उसका भाष्य फिर बौद्धिक लोग करते हैं। एक दिन भाईजी महाराज विराजे थे। मैं पास ही बैठा था। वहीं एक चींटियों का बिल था। राजस्थानी भाषा में उसे कीड़ी-नगरा कहते हैं। नगर और नगरा में केवल एक आ की मात्रा का ही तो अन्तर है। था आखिर नगर का नगर। हमने देखा चींटियां भागी जा रही थीं। सैकड़ों की संख्या में अनवरत आवागमन चालू था। चींटियां मिट्टी की ढुलाई कर रही थीं। कुछ आ रही थीं, कुछ जा रही थीं। एक तांता-सा लगा हुआ था। इतने में मैंने देखा एक चींटी को दस-बारह चींटियां घसीटकर ला रही थीं। चारों ओर घेरा बना हुआ था। मैंने पूछा—भाईजी महाराज! और-और चींटियां तो मिट्टी ढो रही हैं और ये, बेचारी इस जिन्दा चींटी की टांगें खींचे ला रही हैं। क्या बात है?

भाईजी महाराज मुस्कराये और बोले—तुम नहीं समझे? चींटियों के नगर में भी एक व्यवस्था होती है। सबको बराबर श्रम देना होता है। ये लोग संज्ञा प्रधान जीव हैं, इन्हें भी अपने कर्त्तव्यों और दायित्वों का बोध है। लगता है—इस चींटी ने श्रम से जी चुराकर काम करना बंद कर दिया होगा। इनके यहां कामचोर, आलसी को स्थान नहीं है। ये सब इसीलिए टांगें पकड़कर इसे बाहर छोड़ने आई हैं। इन्होंने इसे अपने संघ से बहिष्कृत कर दिया है। बहिष्कृत को—जो संघीय नियमों का उल्लंघन करता है—यों ही हटाया जाता है। जो बराबर सम-विभागीय श्रम नहीं करता, उसे मंडल में कौन रखेगा? जो समूह में रहकर मिल-जुलकर काम नहीं करता, सुख-दुख में सहयोगी नहीं बनता, उसे कौन बरदास्त करेगा?

'कीड्यां भी कोनी करैं, निःकरमा स्यूं नेह।
पकड़ टांगड़ी फेंक दैं, परली कानी पेह।।"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६७

तब का हमारा साथ है

सुजानगढ़ में भाईजी महाराज के तकलीफ हुई। डाक्टर व्यासजी का इलाज चला। डॉक्टरों को हार्ट पर दबाव का बहम था। इ० सी० जी० भी इसी बहम की पुष्टि करता था। हंस महल में विश्राम किया गया। सरदारशहर के लोग दर्शन करने आये। उन्होंने भाइजी महाराज को सरदार शहर पधारने की प्रार्थना की। विशेषकर वाणिंदा-वास वालों का जोर इसलिए था क्योंकि उनके वहां एक संथारा चल रहा था। सूरजमल जी दुगड़ की बहू धर्म-परायण महिला थीं। उनका जीवन ही धर्म-ध्यान, सामायिक संवर साधु-सन्तों की सेवा और स्वाध्याय-चिंतन में सफल हुआ। उनकी वंदना करने की विधि भी निराली थी। लाखों-लाखों श्रावकों में उनकी वन्दना नहीं मिलती। वे जमे-जमाये मुंह लगे पाठ। कृतज्ञता और लोमहर्षक उल्लास। भाईजी महाराज उन्हें 'मद्दू का बड़ियाजी' कहकर जीकारा देते। उन्होंने आचार्यप्रवर के श्रीमुख से अनशन पचखा। उनकी आखिरी अभिलाषा थी—भाईजी महाराज के चरणों में मेरा अनशन पूरा हो (संथारा-सीझे) हनुमानमल जी दुगड़ आये, अर्ज की और भाईजी महाराज ने सरदारशहर पधारने की स्वीकृति दे दी। डॉक्टर अभी विश्राम देना चाहते थे। इच्छा कम-कम होते हुए भी डॉक्टर व्यासजी ने विहार की हां भरी। डॉक्टर व्यासजी भाईजी महाराज के परम भक्त हैं। समर्पित डॉक्टर मुनिश्री का वचन टाल नहीं सकते थे। अनचाहे हां भरनी पड़ी। सुजानगढ़ से विहार हुआ।

सरदारशहर की सहल-समिति ने दोनों ओर की (लाने और पहुंचाने की) सेवा की। इधर वे भर गरमी के दिन, उधर सहल-समिति के अमीर सदस्य। किसी तरह मेल नहीं था। ऐसे दिनों में कोई भी घर से बाहर निकलना नहीं चाहता, वहां वे अमीरजादे छोटे-छोटे गावड़ियों के झूंपों में दिन काटते, भाईजी महाराज के लिए। सहल-समिति का नामकरण भी भाईजी महाराज का अपना किया हुआ था। यों तो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते-जाते पर सहल-समिति ने स्थायी डेरा जमाया। छोटे बड़े सभी समिति के सदस्य एक सरीखे, हंसते-खिलते, रलते-मिलते और रंगीले-रसीले थे। घंटों-घंटों भाईजी महाराज के पास बैठते। कभी ज्ञान-चर्चा करते तो कभी अनुभवों का आदान-प्रदान। जिज्ञासाएं चलतीं। कभी-कभी बीच मीठा-मीठा विनोद भी होता। एक-सी उम्र के संगी-साथी। भाईजी महाराज का मन बढ़ता गया। सहल-समिति थोड़े ही दिनों में भाईजी महाराज के मुंहलगी समिति बन गयी। बीच-बीच में कुछ लोग यह भी कहने लगे—भाईजी महाराज ने इस सबको इतार दिया है। कुल मिलाकर उन समिति के युवकों ने भाईजी महाराज का मन लगा दिया।

भंवरलाल जी बरडिया जरा कोमल प्रकृति के हैं। कष्ट में कमजोर और जल्दी ही घबरा जाने वाले। साथ-साथ शरीर भी श्रम को कम बर्दास्त करता है। आज वे विहार में पैदल साथ हो गये। रास्ता ज्यादा लंबा तो नहीं था, पर गरमी से वे आते (आतंकित) हो गये। उनका लाल सुरख मुंह देख, भाईजी महाराज ने चाल धीमी की। बार-बार पूछते चले—'क्यूं भंवरू। के सल्ला ? और धीरे चालूं ?'

मैंने पूछा—'महाराज। आपके भंवरू से इतना क्या है ?'

भाईजी महाराज ने फरमाया—रिश्ता तो कुछ नहीं है पर भंवरू के पिता जयचन्दलालजी मेरे साथी हैं। ओलंभे के भी और शाबासी के भी।

मालवा यात्रा में इन्दौर-उज्जैन के बीच एक 'तिराणा' नाम का गांव आया। उन दिनों वहां आठ घर थे। सात गुसाइयों के और एक राजपूतों का। आचार्य कालूगणी महाराज राजपूतों की कोटड़ी में विराजे। हम कुछ सन्तों ने गुसाइयों की तिबारी में जगह धारी। यात्री लोग अगले गांव चले गये। सेठ गणेशदासजी गधैया यात्रा में साथ थे। जयचन्दलालजी (बरडिया) ने गधैयाजी से पूछा—आप कहे तो आज रात को यहीं सेवा करने की मनस्या है। वे रह गये। हमने दिन में ही सलाह-सूत कर ली थी—यदि आज रहो तो रात में रागे (देशियां) चितारेंगे। प्रतिक्रमण के बाद हमारी गोष्ठी जमी। हम सोच रहे थे आज एकान्त है। गुरुदेव से बहुत दूर हैं। खुलकर गायेंगे। निःसंकोच भाव से हम गाने में तल्लीन हो गये। वह ठंडी रात। वह उमर, गले में जोर, मन में जोश, छोटा गांव, भिन्न-भिन्न राग-रागनियों का प्रत्यावर्तन, प्रहर रात गये तक हमारी गोष्ठी चली। गाने वालों में चार-पांच मुनि थे और श्रावक जयचन्दलाल बरडिया थे। गांव के दस-पांच लोग आ गये। हमारा मजमा खूब जमा। उस रात हमने—'चन्द-चरित्र' तथा राजस्थानी लोकगीतों की धुनें दुहराईं।

प्रातःकाल विहार कर 'सामेर' पहुंचे। गुरुदेव एक बड़े हाल में विराजे। उसी में लकड़ी की पैड़ियां चढ़कर ऊपर कमरे में हम संत बैठे थे। तुलसी मुनि ने जयचन्दलाल जी को सेवा करने को कहा। वे वहां बैठे थे। अकस्मात् गुरुदेव ने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पूछा—रात को कौन-कौन सन्त गा रहे थे। बुलाओ उन्हें। पूछने का ढंग जरा कड़ा था। तपस्वी सुखलालजी स्वामी पता लगाने आये। हम संत सहम गये। मुनि सुखलालजी ने संतों के साथ-साथ जयचन्दलाल जी से भी कहा—जयचन्द ! इय कियां सुनों-सुनों बैठ्यों है? गुरुदेव याद फरमावै है नी ? हम सब गुरुदेव के श्रीचरणों में उपस्थित हुए। आचार्यदेव ने जरा आंख तेज कर फरमाया—रात को वह कौन-कौन थे ?

अब बोले कौन ? हम सबके कलेजे हाथ में आ रहे थे। गधैया गणेशदासजी ने बात साहरी, 'गुरुदेव ! आप कृपा कराओ। आप बिना टांबरां री गलत्यां कुण निकाले।"

हम सबको तो पसीना छूट रहा था। कालूगणीराज जब कड़ाई करवाते उनका वह सिंह रूप देखते ही थर्रे कांपने लगते। जयचन्दलाल जी ने हिम्मत कर कहा—चम्पालाल जी स्वामी थे, अब मैं कहां छुपता ? मैंने साहस बटोरा और कहा—हम थे गुरुदेव ! अमुक-अमुक-अमुक।

कृपालु कालूगणीजी जरा मुस्कराये और फरमाया—ऐसे गाया करते हैं ?

बस, अब क्या था। हम सबके जी के जी आ गया। पुनः अमृत झरती गुरुदेव की आंखों ने हमें अभय दे दिया। सबके चेहरों पर खुशहाली दौड़ आयी। पासा पलट गया। वातावरण में नया रंग आया। अब लगे गुरुदेव एक-एक कर रात को गायी गयी रागों को पूछने। कई रागों में अन्तर था, वह फर्क निकाला। कहीं तोड़ ठीक नहीं थे, उन्हें सुधारने को फरमाया। सब गायकों में मेरी देशी पास रही। आचार्य देव ने मुझसे—जल्लो, करवो, करेलो, कुरज्यां और कील्यों सुनी। ये रागें एक तो कड़ी बहुत हैं, दूसरे गुरुदेव के सामने अच्छे-अच्छे गायक भी घबरा जाते हैं, उनका अतिशय ही ऐसा होता है। जयचन्दलालजी ने जैसे उपालम्भ में सहयोग दिया, वैसे ही शाबाशी में भी साथ निभाया। जब-जब गाते-गाते मेरा गला भर जाता, या मैं आगे की पंक्ति भूल जाता तो जयचंदलालजी ने उस जोड़-तोड़ में टेरिये की भूमिका निभाई।

श्री भाईजी महाराज ने अपना संस्मरण समेटते हुए कहा—भाई तब से जयचन्दलालजी का हमारा साथ है। भला, भंवरू की रखूं इसमें क्या बड़ी बात है ?

ये फूल से टाबर, इस गरमी में सेवा जो कर रहे हैं, कौन निकले इस लाय में ? सोने का टक्का देने पर भी ये आने वाले नहीं हैं। इन सहल-समिति के युवकों की लगन और भक्ति-भाव है, अतः मेरे लिए इन्होंने इतना कष्ट उठाया है। मैं तो उस सिद्धान्त का आदमी हूं।

'मतलब स्यूं 'चम्पक' मिल ज्याणो, बता ! बड़ो के बात?
एकर साथ निभावै बीं रो, सदा निभाणो साथ।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६८

इतने में ही टल गया

अणुव्रत-विहार (दिल्ली) के फाटक पर भाईजी महाराज खड़े मेरे आने का इन्तजार कर रहे थे। पास में कुछ लोग थे। मन्नालालजी बरड़िया (सरदार-शहर) भी वहीं थे। एक अवस्था प्राप्त सज्जन स्कूटर पर निकले। पीछे बैठी थी उनकी श्रीमतीजी। स्कूटर जरूरत से अधिक तेज था। उन्हें देख, भाईजी महाराज ने कहा—'मिन्नू ! देख, बुढ़ापो भड़कावै है। ओ कठेई भुवाली खायला भलो।'

धड़ाम आवाज आई। देखा अगली मोड़ पर मुड़ते हुए वृद्ध दम्पति का स्कूटर फिसल गया। श्रीमतीजी दो-तीन गुलेटी खा, एक ओर जा गिरीं। स्कूटर एक ओर था और श्रीमानजी एक ओर। लोग भाग कर गये। उन्हें उठाया। बहुत थोड़े में सर गया था।

हमने बहुत बार देखा ऐसे अवसर पर भाईजी महाराज चूकते नहीं थे। मुनिश्री घटना-स्थल पर पधारे। उनसे पूछा—चोट ज्यादा तो नहीं लगी ? भाई साहब ! स्कूटर चलाने में भी संयम की अपेक्षा है। दो मिनट के लोभ का परिणाम जीवन को खतरा होता है। पर, किसे कहें ? किसी को भी फुरसत नहीं है। समय की जितनी तंगी आज के लोगों को है, शायद पहले वालों को नहीं थी।

'संयम सुध-बुध विसर कर, भाजड़-भाजी जाय।
'चम्पक' चेतो बापरै, (जद) फल प्रमाद रा पाय॥'

और वे सज्जन हाथ जोड़े कह रहे थे—'सत्य वचन' सन्तों के दर्शन भले हुए, इतने में ही टल गया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६६

प्रेम की एक कड़ी

पराये का अनादर सह लेना आसान है, पर अपने वाले का जरा-सा भी अनुचित व्यवहार पहाड़ बन जाता है। २५वीं भगवान महावीर-निर्वाण-शताब्दी का अवसर था। आचार्यप्रवर दिल्ली पधारे। व्यवस्था समिति के सदस्य व्यवस्था में जुटे। एक दिन अर्थ-संग्रह करते कुछ वरिष्ठ सदस्य एक दुकान पर पहुंचे। वह भाई पहले ही उफणा हुआ था। समाज के सदस्यों को देख भड़क उठा। आदर-सत्कार तो गया कहीं। वह उलटा-पुलटा बोल पड़ा। चले जाओ यहां से, भिखारी···। जो शब्द नहीं बोलने चाहिए थे, बोल गया। बोला ही नहीं उन्हें दुकान से उतार दिया।

खिन्न होकर आये सदस्यों ने जब भाईजी महाराज के दर्शन किए तो उन्हें उदास-उदास देख मुनिश्री ने पूछा—आज ऐसे कैसे ?

एक भाई ने बीती बात बताते हुए कहा—मत पूछो मुनिश्री ! ऐसा अपमान तो शायद एक विरोधी-शत्रु भी अपने घर आए का न करे, वैसा किया आपके भगत ने। उन्होंने सारी घटना बतायी। सुनकर भाईजी महाराज के मन पर प्रतिक्रिया हुई। सामने वाला आदमी समझदार था। कट्टर तेरापंथी, आज का नहीं पीढ़ियों का। वह भी मुखिया परिवार का। रोज आने वाला, लगनशील। इतना ही नहीं, कहना तो यों चाहिए, खुद व्यवस्था करने वाला। फिर भी यह सब क्यों हुआ ? बात जची नहीं।

वह भाई आया। मुनिश्री को तो पूछना ही पूछना था। वहां तो नगद व्यापार था, उधार का क्या काम ? बेचारा बोले भी तो क्या ?

भाईजी महाराज ने फरमाया—भोले ! समाज के भाई का तिरस्कार ? अनादर ? अपशब्द ? कल कौन आएगा तेरे घर ? समाज के बिना सामाजिक प्राणी का काम चलता है ? भूल का प्रायश्चित्त केवल अनुताप से नहीं होता। व्यवहार परिष्कार मांगता है। तुमने यह गलती की तो कैसे की ? सुन !

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो देणै जोगो हुवै, उणनै ही बतलावै।
'चम्पक' मांगण नै भलां ! कुण किणरै घर जावै ॥'

समय की चोट लगी। सुनते ही उसकी आंखें नम हो गयीं। वह नीचे गया। कार्यालय में जा माफी के साथ पुनः तशरीफ लाने का आमंत्रण दिया। लोग जाना नहीं चाहते थे। भाईजी महाराज ने द्वेष-रोस को प्रेम में बदलने का सुझाव दिया। लोग गए। उसने जो आतिथ्य किया, जाने वाले कल की बात भूल गए। चेक-बुक सामने धर दिया—जो मरजी हो लिख लो। जो प्रेम उभरा। बात लेने-देने की नहीं होती। प्रेम के सामने लेन-देन छोटा पड़ता है। पुनः भाई-भाई जुड़ गए। तोड़ना आसान है पर जोड़ने में तप चाहिए, प्रभाव चाहिए। श्री भाईजी महाराज को टूटते हुए दिलों को जोड़ना आता था। वे समाज में प्रेम की एक सशक्त कड़ी थे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७०

मूर्ख से मौन

आचार्यप्रवर का वि० सं० २०३१ में बहुत लम्बा दिल्ली-प्रवास हुआ। एक दिन अणुव्रत-विहार की दूसरी मंजिल पर मैं एक भाई से बातें कर रहा था। वह नामधारी तेरापंथी हमारे संघ और संघपति के विपरीत कुछ अंट-संट शिकायतें लाया था।

मैं उसे वस्तुस्थिति समझा रहा था। हमारी चर्चा लंबी होती गयी। हम दोनों डटकर तर्क प्रस्तुत करते रहे। चलते-चलते वह गंदी, भद्दी और अश्लील बातों पर उतर आया। मैं उसे किसी भी एक बात को सप्रमाण सिद्ध करने को कह रहा था। मैं भी अड़ गया, वह भी अड़ गया। वह कह रहा था—आप मुझे घुमाफिरा कर भूल-भुलैया में डालना चाहते हैं और मैं कह रहा था—तुम्हारी इन गंवारू और बाजारू बातों का जनता पर कोई असर होने वाला नहीं है। यदि इनमें से एक भी सत्य है तो प्रमाणित करो।

वह उत्तेजित होकर किसी एक बात को सिद्ध करने के बदले दसों और-और अंट-संट बातें उछालने लगा।

यह सब श्रीभाईजी महाराज को कब पसन्द पड़ने वाला था। उन्होंने मुझे एक बार खंखारकर संकेत किया, पर मैं नहीं समझा। समझा तो क्या नहीं, पर यों ही कहना चाहिए ध्यान नहीं दिया। हमारी चर्चा बादा-बादी चलती रही। दूसरी बार फिर पास पड़े लकड़ी के तख्ते को हिलाने के बहाने संकेत आया। फिर भी मैं नहीं उठा।

इतने में वह हिसार चातुर्मास का हवाला देते हुए एक अधमतम घटना कह गया, जो सर्वथा अश्राव्य थी। श्रीभाईजी महाराज का जी तिलमिला उठा। उन्होंने मुझे टोकते हुए फरमाया—सागरिया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कालै[1] स्यूं कयानै करै, मूरख ! माथाकूट
कुओ कबूतर नै दिसै, झूठै नै सो झूठ'

वह बेचारा देखता ही रह गया। हमारे दोनों के होंठ चिपक गये। वह बिना कुछ आगे बोले सपाक चलता बना। मैं सोच रहा था—आज भड़ाके उड़ेंगे। पर मुनिश्री ने मुझे एक बात के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं कहा। केवल एक प्रश्न पूछा—सागर ! मूरख से काम पड़े तो क्या करना चाहिए? मैंने नीची नजर टिकाये कहा-- मौन। श्रीभाईजी महाराज प्रसन्नचित्त से जरा मुस्कराए और मैं निश्चिन्त भाव से अपने काम में लग गया।

१. बे-समझ, कलुषित, मन के मैले या कुमाणस को राजस्थानी भाषा में 'काला' कहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७१

बोलो मत, काम बढ़ेगा

श्री डूंगरगढ़ मर्यादा-महोत्सव पर श्री भाईजी महाराज दीपचंदजी सेठिया के मकान में विराज रहे थे। धनराजजी पुगलिया आए। उन्होंने वीडीओ कैसेट दिखाने की योजना बनायी। आचार्यप्रवर के कुछ कार्यक्रम तथा लन्दन की कुछ स्मृतियां—जहां वे रहते हैं—दिखाना चाहते थे। कुछ भाई-बहनों के साथ हम भी वहां थे। हमारा वैसे बैठने का स्थान भी वही हाल था। धनराजजी कैसेट-चित्र दर्शन के साथ-साथ लन्दन के स्थान विशेष के परिचय बता रहे थे। बीच में कुछ राजस्थानी वैवाहिक रीति-रिवाज के चित्र भी आए।

किसी कारणवश कोई भाई बाहर गया। रास्ता खुला कि धक्का मारकर चन्दनमल चंडालिया (सरदारशहर) भीतर घुस आया। बिना इजाजत भीतर आना सबको अखरा। वह पूछकर भी आ सकता था। वह निरवद्य आग्रही संघ का सदस्य है। आग्रही भी नाम के अनुरूप ही है। वह आया, इसमें न हमने एतराज किया, न किसी भाई ने। थोड़ी देर बाद वह अंट-संट बोलने लगा—'क्या यही है साधु की संयम-साधना? कल्पता है सिनेमा देखना? चौमासिक प्रायश्चित्त आता है। तेरापंथ और आचार्य भिक्षु के नाम पर बट्टा लगा दिया आप लोगों ने। ये श्रावक साधुओं को डुबोने वाले हैं! महापाप! महापाप।'

कुछ लोग उबल पड़े। वह चिल्लाकर कहे जा रहा था—'अभी कालूगणी होते तो?'

दुतरफी उत्तेजना बढ़ती देख भाईजी महाराज ने फरमाया—चनणू! उत्तेजना तो पाप है ही। अब ज्यादा बोलने से काम बढ़ेगा। जात जताने से फायदा? (उसकी जात चंडालिया है। चंडाल-क्रोध) मसाला प्रचार करने को तेरे हाथ लग गया है, अब क्यों बोलता है?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'चम्पक' काम बढ़ैला चनणूं, जग मैं जता न जात।
लवै अबै क्यूं लागगी, खरची थारै हाथ॥'

उसकी बोलती बंद हो गयी। हम सब हंस पड़े।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७२

सामाजिक एकता का रूप

सालासर—जयपुर मूल सड़क से तीन किलोमीटर भीतर जूटवाड़ा कोल्ड स्टोरेज है। सुजानगढ़ का सेठिया परिवार, सर्व-सम्पन्नता के साथ शालीन, सामाजिक भावनाओं से ओत-प्रोत, आस्थाशील और धर्मानुरागी रहा है। सेठिया रूपचंदजी तो अपनी कोटि के एक ही श्रावक थे। उनका त्याग, वैराग्य, विनय, विवेक और व्यवहार जीवित आदर्श था। उनके परिवार में धार्मिक लगन कोई आश्चर्य जैसा नहीं है। विमलजी की मां (धर्मपत्नी तनसुखलालजी सेठिया), कोठारी जुगराजजी चूरू तथा श्री सायर कोठारी का अत्यन्त आग्रह था। आचार्यप्रवर का एक दिवसीय प्रवास उनके यहां हो। श्री भाईजी महाराज उनकी ओर से वकालत कर रहे थे। भला, जिस काम को भाईजी महाराज हाथ में ले लें उसे तो पूरा होना ही था।

ससंघ आचार्यप्रवर झूठवाड़ा पधारे। संघ के आगमनपर हर्ष-विभोर सेठिया परिवार फूला नहीं समा रहा था। आचार्यश्री के दर्शनार्थ आए बिरादरी के भाईयों की आव-भगत चित-चाव से हुई। भोजन-व्यवस्था के साथ-साथ तीनों समय नाश्ता-चाय और यथेच्छ ठंडा पेय भी दिया।

यों तो झूठबाड़ा जयपुर का ही एक उपनगर है। पर जहां हम कोल्ड स्टोरेज में ठहरे हैं यह बस्ती के अंतिम छोर पर है। स्थान बहुत सुरम्य है। यहां से आगे केवल खुला मैदान है। कल फिर हमें सालासर सड़क चौराहे तक पुनः जाना पड़ेगा। सड़क बहुत खराब है। कहना तो यों चाहिए सड़क केवल नाम मात्र के लिए है। केवल कंकरीट, वह भी ऊबड़-खाबड़।

आने वाले जयपुर के नागरिकों तथा आगुन्तक यात्रियों के मनों में आज की आवभगत का बड़ा असर रहा। अब तक जो संघीय भाईचारे का अभाव अखरता रहा। दर्शनार्थी भाई-बहनों ने बार-बार यही चर्चा चलायी, भ्रातृत्व भाव का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विकास अपेक्षित है। आज हमें एक दिशा-दर्शन मिला है। मुनिश्री ने फरमाया—

'भाई भाई रै घरै, आवै मोटे भाग।
'चम्पक' भगती-भाव स्यूं, बधै धर्म-अनुराग ।।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७३

जैन एकता का एक नमूना

मोती डूंगरी पर शौचादि कार्य से निवृत्त हो हम पुनः राजस्थान होटल पहुंचे। बिहार की तैयारियां हैं। आज नगर-प्रवेश है। शोभायात्रा और नागरिक अभिनन्दन में लोग बड़े चाव से लगे हुए हैं। स्थान-स्थान पर तोरण-द्वार सजे हैं। व्यक्तिगत द्वारों पर व्यक्तिशः अभिनन्दन पट्ट लगे हैं। संस्थागत तोरणों पर संस्थाओं के पट्ट अंकित हैं। अनेक स्थानों पर प्रतिष्ठानों के द्वारा अभिनन्दन लिखित पट्ट हैं।

शोभा-यात्रा में भजन मंडलियां बड़ी तन्मयता से स्वागत गीत गा रही हैं। छात्र-छात्राएं, कन्या-मंडल, किशोर-मंडल, महिला-मंडल और युवक-मंडल अपने-अपने गणवेश में पंक्तिबद्ध चल रहे हैं।

त्रिपोलिया होकर ज्यों ही हम बड़ी चोपड़ पर पहुंचे। देखा, जोहरी बाजार का भव्य दृश्य सामने था। ऐसा लगता था जन-जनार्दन उमड़ पड़ा है। भीड़ में केवल आदमी ही आदमी नजर आ रहे थे। जौहरी बाजार के छज्जे, छत्तों और गोखे-झरोखे दर्शनोत्सुक महिलाएं और बच्चों से झुके जा रहे हैं। जीया बैंड अपनी छत पर पूरी मंडली के साथ स्वागत-धुन प्रस्तुत कर रहा है। पूरा बाजार जुलूसमय बन गया है। हजारों-हजारों जैन बन्धु आज साम्प्रदायिक भेदभाव भूलकर एक जैनाचार्य का अभिनन्दन करने एकरस हो रहे हैं।

बापू-बाजार तो हद ले गया। वे लाल-सुरख स्वागत पट्ट (बैनर्स) बाजार भर में लहरा रहे हैं। सभी का मिला-जुला उत्साह जयपुर के पूरे वातावरण को प्रभावित कर रहा है। शोभा-यात्रा रामलीला मैदान के पंडाल में जनसभा बन गयी। मंच पर आचार्यप्रवर आसीन हुए। एक ओर श्रमण-श्रमणी परिवार विराजमान है। जननेताओं और राजनेताओं के साथ-साथ जयपुर नगर की ओर से भूतपूर्व नरेश करनल सवाई भवानीसिंह स्वयं उपस्थित हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्री भाईजी महाराज को इन सामूहिक कार्यक्रमों में बड़ा रस है। वे जैन समाज को यों एक मंच पर खड़ा देख फूले नहीं समाए। उन्होंने एक पद्य के माध्यम से अपने समर्थन को व्यक्त किया—

'चम्पक' जैन समाज को, गूंजे गौरव गान।
पड्यो सामने प्रेम रो, फल चौड़े चौगान॥'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७४

क्या दुःखता है ?

आचार्यप्रवर का प्रवास सौराष्ट्र-गलीचे वालों की हवेली (मोती सिंह भोमिये का रास्ता) में हुआ है। गोलछा परिवार जयपुर का मान्य घराना है। हमारे संघ के साथ इस परिवार का अच्छा-खासा सम्बन्ध है। अवश्य ये तेरापंथी नहीं हैं, पर बहनों, बेटियों और सगे-संबंधियों के सम्पर्क ने एक-दूसरे को इतना नजदीक ला दिया है, पता नहीं चलता। कुछ संत हवेली के ऊपरी कक्षों में बैठे हैं। हम दरवाजे के दाहिने हाल में और आचार्यप्रवर बांये हाथ के कमरों में विराजते हैं। पंडाल दरवाजे की ऊपर वाली छत पर है। आचार्यप्रवर का रात्रिकालीन विश्राम भी पंडाल में ऊपर ही रहा। मौसम एकदम बदल गया है, यों तो अभी चैत्र का महीना है पर गरमी जेठ जैसी है।

कल का अवशिष्ट स्वागत कार्यक्रम आज पुनः वहीं रामलीला मैदान में रख दिया है। भाईजी महाराज वहां नहीं पधार सके। मोतीडूंगरी तक घूमकर आने के बाद थकान आ गयी है। शरीर में दर्द काफी है। कुछ देर उदास-से किसी चिन्तन की गहराई में विराजे रहे। सोने की इच्छा हुई। मुझे (श्रमण सागर को) आवाज दी। मैं तकिया लेकर गया। बिछौना लगाकर मैंने सहजभाव से पूछा—क्यों भाईजी महाराज ! क्या दुःखता है ?

मुझे क्या पता दुःखन कहां से कहां पहुंच जायेगी। श्री भाईजी महाराज ने फरमाया—'दुःखता क्या है ? क्या बताऊं ? यह दिल दुःखता है। यह दिन दुःखता है। अफसोस है, सैकड़ों मील साथ-साथ चलकर आया और पंडाल तक भी नहीं जा सका। बस, यही कमजोरी दुःखती है।'

'ताकत राखी काल तक, थांभण नभ भुज-थंभ।
पड़ूं पड़ूं चम्पक पड्यो (ओ) दुखे देहरो दंभ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५७

पक्षीय उफाण

महावीर जयन्ती समारोह में सम्मिलित होने वाले यात्रियों का आगमन प्रारम्भ हो गया है। निवास आदि के लिए स्थान जयपुर शहर देखते हुए तो ठीक ही है पर मच्छर और गंदगी से भी अधिक परेशानी है संकीर्णता की। अभी से यात्रीगण उकता गये हैं। यहां की आवास व्यवस्था समिति ने प्रति व्यक्ति एक रुपया रोज किराया लगाया है। एक-एक कमरे में पचास-पचास आदमी ठहरे हैं। आखिर शहर है। स्थान की दिक्कतें तो हैं ही। शहरों में स्थान खाली मिलते कहां है ?

आने वाला हर यात्री भाईजी महाराज के पास पहुंचता है। सुख-दुःख की शिकायत का महकमा भी तो यही है। हम सुन रहे हैं, श्री भाईजी महाराज यात्रियों को आश्वासन देते हैं। शहरी कठिनाइयां बताते हैं। संयम से काम लेने को कहते हैं, और समझाते हैं—भाई ! हमारा तो मार्ग ही संकडाई का है।

आज कुछ लोग सबरे-सबरे आये और कहने लगे—गरीबनवाज ! आपके राज में जयपुर वालों ने लूट मचा रखी है। व्यवस्था के नाम पर व्यापार खोल लिया है। वे कमरे, जहां हमें उतारा गया है, तीन-तीन रुपया रोज पर किराये लिए गये हैं और हमसे पचास-पचास, चालीस-चालीस और किसी-किसी से तीस-तीस लिये जा रहे हैं। यह तो सरासर अन्याय है। यदि इतनी ही क्षमता नहीं थी तो ये क्यों लाये आचार्यश्री को ? भाईजी महाराज ! ऊपर से ये लोग हमें शहरी धौंस और दिखाते हैं और कहते हैं—क्यों आये आप ? किसने पीले चावल दिये थे। दुःख भरे शब्दों में, जो आया, वे बोलते गये।

श्री भाईजी महाराज ने फरमाया—भाई ! यात्रा की खिन्नता के बाद यहां आते ही परेशानी हो तो मन में आये बिना नहीं रहती। वे भी तुम्हारे ही भाई हैं। व्यवस्था करने वाले विचार कर रहे हैं। जरा तुम भी धीरज से काम लो। धीरे-धीरे जमते-जमते सब व्यवस्थाएं जमा करती हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक व्यवस्था कार्यकर्ता से बात कर मुनिश्री ने उन्हें धीरज तथा सहानुभूति से काम लेने को कहा। उसने उसे उलटा माना। वे महाशय उबल पड़े। बोलते-बोलते यहां तक कह गये—आप लोगों का हस्तक्षेप ही तो सारा काम बिगाड़ता है। यात्रियों को आप सिर चढ़ा रहे हो। मैं जानता हूं, आप अमुक-अमुक व्यक्तियों का पक्ष ले रहे हैं। वे हमारी सारी व्यवस्था बिगाड़ने पर तुले हुए हैं।

यात्रीगण कह रहे थे—भाईजी महाराज! आप पधारकर मुलायजा फरमाओ। ८-१० फीट के कमरे में हम ५० आदमियों का सामान भी नहीं रखा जाता। हम सारे बाहर पड़े हैं। नापसन्द स्थान, इतना भारी किराया और ऊपर से इतनी हुकूमत। संतोष कर तो लें, पर हो कैसे? कहीं हद भी तो होती है। ये जब आपसे यों बोलते हैं, हमारी तो चिकारी ही क्या है? मेवाड़ी भाई की आंखें गीली हो गयीं।

भाईजी महाराज के मन पर थोड़ा-सा असर आया। असर आना सहज था। वह कार्यकर्ता अविवेक से बोले ही जा रहा था। मुनिश्री ने कहा—मैं तो तुम्हारी बदनामी न हो, इसलिए कहता हूं, तुम भले मुझे सुराणाजी का मानो या दूगड़जी का, मैं तो सबका हूं। ये आने वाले यात्री गांव-गांव में तुम्हारी व्यवस्था भांडेंगे। तुम अपनी धारणा बदल दो। मैं किसी पक्ष से नहीं, हित की दृष्टि से तुम्हें कह रहा हूं। यदि तुम्हारी यही इच्छा है कि मैं न बोलूं तो कोई बात नहीं, आइन्दा नहीं कहूंगा, पर आने वाले लोग बात बताते कैसे रुकेंगे। ये अपना दुःख-दर्द सन्तों से नहीं कहेंगे तो और कहां कहेंगे? सुनने वाले तो तुम्हारे जैसे होंगे? पर एक बात कह दूं—तुम्हारा कुछ नहीं बिगड़ेगा इस पारस्परिक मनमुटाव में, बेचारे यात्रियों का खर्च गाल है—

'पख रो 'चंपक' पादरो, उफणै इयां उफांण।
(थां) मोटोडां रे झोड़ में, (आं) नान्हा रो नुकसाण॥

२२ अप्रैल १९७५ जयपुर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७६

कहां वे ? कहां हम ?

जयपुर नगर में आज महावीर जयन्ती की धूम-धाम है। प्रभात जागरिका गली-गली में घूम-घूमकर जयन्ती का उद्घोष कर रही है। भगवान महावीर का सन्देश स्थान-स्थान पर दुहराया जा रहा है। सामूहिक कार्यक्रम रामलीला मैदान में है।

जैन समाज ने जयन्ती-यात्रा का आयोजन किया है। विविध वाद्यों, साजों—हाथी-घोड़ों-रथों के साथ-साथ नानां झाकियां सजाई गयी हैं जिनमें भगवान महावीर के जीवन-वृत्त प्रदर्शित किये हैं। इस मील भर लम्बे भव्य जयन्ती-जुलूस में हजारों-हजारों जैन श्रावक सम्मिलित हुए हैं। सभी साम्प्रदायिक मतभेदों को भुलाकर लोग कंधे से कंधा मिलाकर एक जुट हो गये हैं। स्थान-स्थान पर स्वागत के विभिन्न आयोजन हैं। ठंडे पेय पदार्थों से आवभगत कर भाई-चारे को मूर्तरूप दिया जा रहा है। आचार्यश्री ठीक समय पर पंडाल में पधारे। अभी जयन्ती-जुलूस जवेरी बाजार में है। पूरे बापू बाजार को भगवान महावीर के संदेश-पट्टों से छा दिया है। घर-घर दुकान-दुकान पर पंचरंगे जैन-ध्वज लहरा रहे हैं।

कार्यक्रम पंडाल में प्रारम्भ हो गया है। अभी शोभा-यात्रा का पिछला छोर जवेरी बाजार में है। पंडाल खचा-खच भर गया है। बैठने को स्थान नहीं है। चारों ओर की कनातें खोल दी गईं। फिर भी जनता धूप में खड़ी है। श्रमण भगवान महावीर को सभी भावभीनी श्रद्धा अर्पित करने के लिए उत्सुक हैं। राजस्थान प्रांतीय महावीर २५वीं निर्वाण शताब्दी समिति की ओर से आज का आयोजन है। संयोजन संपतजी गधैया ने किया। कार्यक्रम खूब लम्बा हो गया है। १२ बजने को हैं। जब हम पंडाल से बाहर आये तब जमीन पैरों को सेकने लगी। सन्त धूप से बच-बचकर चल रहे थे और भाईजी महाराज ने फरमाया—कहां वे ? कहां हम ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तपी तपस्या तीव्रतम, महामना महावीर।
तपग्यो 'चम्पक' तावड़ो, ओ मन बण्यां अधीर।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७७

पोथी क्या पढ़ूं

१०-११ बज गये हैं। कमरा नं० ११० हमें साफ सफाई के बाद मिल गया है। धर्मचन्द सुराणा (चूरू) सुबह से हमारे यहां बैठे हैं। वे पूरी व्यवस्थाएं बिठाकर ही जाना चाहते हैं। भाईजी महाराज का बिस्तर लगा दिया है। डॉक्टरों ने पुनः शारीरिक जांच की। रक्तचाप, नाड़ी का दबाव, गरमी और फेफड़ों का परीक्षण किया। शल्यक्रिया पसलियों पर पसवाड़े में होनी है, अतः सीने और बगल के बाल निकाल कर सफाई करने को कहा है।

धर्मचन्द सुराणा की उपस्थिति में हमने सारा काम किया। अब मुझे (श्रमण) आहार करने मार्बल-भवन जाना है। भाईजी महाराज अकेले ही यहां बिराजेंगे। मैंने एक पुस्तक और चश्मा निवेदन किया और कहा—आप पुस्तक पढ़ें इतने में मैं वहां जाकर आ रहा हूं। मैं चला गया। लौटकर आया तो देखा, भाईजी महाराज गुमसुम किसी चिन्तन में बैठे हैं। मैंने सोचा मन नहीं लगा होगा। क्योंकि सदा चलह-पहल में रहने वाले को एकान्त अटपटा-सा लगता है। मैंने पूछा—क्यों, पुस्तक नहीं पढ़ी आपने ?

भाईजी महाराज ने फरमाया—

पोथी सागर ! के पढ़ूं।
समझ लियो मैं सार॥
प्रेम भाव रा पाधरा,
'चम्पक' अक्खर च्यार॥

२८ अप्रैल, १९७५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७८

अर्थ अपने-अपने

जयपुर का चातुर्मास सम्पन्न कर पूज्य गुरुदेव फतहपुर पधारे। भाईजी महाराज के जन्मदिन पर आचार्यप्रवर ने सबसे पहली बार बधाई दी। कौन जानता था कि यह भाईजी से मिलने वाली अंतिम बधाई होगी। न जाने क्यों आचार्यवर ने फरमा दिया 'यशोविलाश का पुनरावलोकन पूरा हो गया है, अब 'लाडांजी' का जीवन चरित्र लिखकर 'माजी' का व्याख्यान बनाना है। फिर आपकी भी तो तैयारी करनी हो होगी।' यह कौन जानता था, सहज निकला शब्द यों चरितार्थ हो जाएगा।

श्री भाईजी महाराज ने कृतज्ञता ज्ञापन के बाद कहा—आज विहार तो करना है पर शनिवार है, करूं कि न करूं? दुविधा है।

आचार्यप्रवर ने फरमाया—आप भी बहमी हो गये। सुखे-सुखे विहार करो, हम भी आ रहे हैं पीछे के पीछे!

ज्योंही हमने विहार किया, शकुन ठीक नहीं हुए। भाईजी महाराज पुनः आजाद भवन में पधार गये। दुबारा प्रस्थान किया पर शकुन इनकार कर रहे थे। इतने में गुरुदेव पधारे। चलो ,हम भी आपको पहुंचाने चल रहे हैं। हम रवाना हुए। बहुत सारे संत और संस्था की बहनें तो कोई दो किलोमीटर तक साथ आईं। रामपुरा के पास संतों को सीख दी। उस दिन वीरमपुर रुककर हम दूसरे दिन सायंकल धानणी पहुंचे। रात को लाडनूं के कार्यकर्ता आए। व्यवस्था सम्बन्धी चर्चा भाईजी महाराज ने बाहर बरामदे में बैठकर की।

शयन से पहले मुनि मोहन लालजी (आमेट) ने लाडनूं-व्यवस्था पर तीखी टिप्पणी की। भाईजी महाराज को वह असुहावनी लगी। सुबह प्रतिलेखन के समय मोहन मुनि आये और खमत-खामणा करते हुए माफी मांगी।

अनायास ही भाईजी महाराज ने फरमाया—सागर! आज का मेरा सपना

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सत्य है। उसका एक प्रामाणिक फलित है, मोहन के खमत खामणा।

हम सालासर के लिए चले। रास्ते में हर मील के पत्थर पर बैठ-बैठकर विश्राम लिया। एक आध जगह उजले धोरे पर भी बैठे। हर बार आज कुछ न कुछ नया निर्देश आता रहा। कुछ पुराने संस्मरण और कुछ करणीय कार्यों की हिदायतें दीं। एक बार मुझे वचनबद्ध कर शिक्षा फरमाई।

इस अवधि में मैंने स्वप्न को जानने का प्रयत्न किया। पर एक ही जमा-जमाया उत्तर रहा, तुम्हें नहीं, आचार्यश्री से मिलने पर अर्ज करूंगा।

मृगसर शुक्ला द्वादशी सोमवार को हम सालासर रहे। भाईजी महाराज ने दाढ़ी का लुंचन करवाया। दाढ़ी पर हाथ फेरते हुए कहा—'सालासर के बाबा! तेरी संकलाई सही, अब लोच नहीं आयेगा।' उन दिनों नाक पर एक फुंसी थी—भाईजी महाराज ने मूंछ का बाल खींचते हुए कहा—लगता है यह फूंसी मुझे लेकर ही जायेगी! हम सबको लोच करा लेने का आदेश हुआ। सबके लुंचन हुए, केवल शान्ति मुनि बाकी रहे। मैंने कहा—हाथ दुःखने लग गये हैं, इनका लोच भी बड़ा है, कल कर लें तो कैसा रहे? मुनिश्री ने फरमाया—थोड़ा समझो! कल तुम्हें फुर्सत नहीं मिलेगी। पर हम नहीं समझे यह सब क्यों चेताया जा रहा था। शान्ति मुनि का लुंचन हुआ, वन्दना की। भाईजी महाराज जरा मुलक कर बोले—अच्छा किया, देखो! तुम्हें मेहनत तो पड़ी पर कल समय नहीं मिलेगा, मैं ठीक कहता हूं।

रात को रक्तचाप बढ़ा। तबीयत खराब हुई। सन्तों ने सालासर ही रुकने का निवेदन किया। भाईजी महाराज बोले—नहीं, मुझे आचार्यश्री से पहले लाडनूं पहुंचना है। चलना ही होगा।

लाडनूं के स्वयंसेवक आये। पूरी धर्मशाला का स्थान निरीक्षण किया। व्यवस्था समझाई। सन्त यहां रुक सकेंगे। आचार्यप्रवर का विराजना यहां ठीक जमेगा। जनता के बैठने का स्थान यहां उपयुक्त बैठेगा। स्वयंसेवकों से बात करते-करते भाईजी महाराज धर्मशाला के दरवाजे के बाहर पधार गये और आवाज दी—सन्तों! मैं तो चलता हूं। तुम उपकरण लेकर आ जाना।

हमने विहार किया। अभी सालासर पानी की टंकी तक ही नहीं पहुंचे थे कि सांस फूल गया। दुकान की बेंच पर बैठे, फिर चले। पर चला नहीं जा रहा था। समुद्र के किनारे तक धरती नापने वाले पांव आज पांच मील का रास्ता काटते जवाब दे गये। कलकत्ता से बम्बई और पंजाब से मद्रास तक चलने वाले कदम आज क्यों थके, पता नहीं। जो साहस दंडकारण्य और विंध्य की घाटियां पार करते नहीं टूटा, वह आज विश्वास छोड़ने लगा। ऊटी जैसे आठ हजार फीट की ऊंचाई चढ़ते तो दम नहीं फूला, वह आज अपनी जन्मभूमि की कांकड में आकर फूलने लगा। भाईजी महाराज दस-बीस कदम चलते-बैठते फिर चलते फिर बैठते। बार-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बार सड़क पर चलते, रुकते, सोते, बैठते, रास्ता काट रहे थे।

मंगलवार हनुमान बाबे का दिन। आचार्यप्रवर का सालासर पधारना। सैकड़ो-सैकड़ों लोगों का आवागमन। कारों, बसों और मोटरों के यात्री उतर-उतर कर दर्शन करते। स्थिति पूछते। परामर्श देते। सालासर जाते और आचार्यश्री से निवेदन करते।

हमने पांच मील का रास्ता पांच घण्टे में पार कर प्याऊ में विश्राम लिया। वहीं रुकने का आदेश आया। आचार्यश्री ने मिलने का निर्णय लिया। भाईजी महाराज ने पुनः निवेदन करवाया—आप अपना कार्यक्रम यथावत् ही रखायें। मैं यहां से डेढ किलो मीटर धां गांव सायंकाल जाना चाहता हूं, कल लाडनूं पहुंचना आसान रहेगा।

आज दिन में सैकड़ों आते-जाते यात्रियों ने दर्शन किये। सेवा कराई। बातचीत की। विश्राम लेकर उठते ही मुझसे कहा गया—एक कागज-कलम देना तो। मैंने कहा—क्यों भाईजी महाराज ? उन्होंने फरमाया—तू दे तो सही। मैंने एक कागज की स्लीप और डॉट पेन निवेदन किया। उन्होंने कुछ लिखा, कागज समेट, मोड़कर अपने चादर के पल्ले बांध लिया।

विहार किया। वह एक मील का रास्ता सो कोस बन गया। एक ओर मणि मुनि और दूसरी ओर मैं दोनों के कंधों का सहारा लिये 'धां' पहुंचे। चबूतरे पर विराजे। अब कुछ नहीं था। सर्व सामान्य। रोजमर्रा की तरह बातें हो रही थीं। थानमलजी बाफणा (सुजानगढ़) पास बैठे चर्चा कर रहे थे। डॉ० व्यास ने जब सुना, भाईजी महाराज के आज असाता है, वे सुजानगढ़ से आये। पूरी चेकिंग की सब कुछ सामान्य था।

भाईजी महाराज ने डॉ० व्यास का हाथ पकड़कर कहा—डॉक्टर ! जैसे-तैसे मुझे लाडनूं पहुंचा दो।

डॉक्टर व्यासजी हैरान थे। आज यह वज्र-सा मनोबल ढीला क्यों पड़ा ? उन्होंने कहा—भाईजी महाराज ! आज यह कमजोरी की बात आपके मुंह से कैसे ? विश्वास कीजिये, मैं लाडनूं पहुंचा दूंगा। पर एक इन्जेक्शन ले लीजिये।

भाईजी महाराज ने कहा—डॉक्टर ! अभी तो सूर्यास्त का समय हो गया है, मैं इन्जेक्शन नहीं ले सकता।

बात कल सुबह पर रही। रात को साढ़े आठ बजे डॉक्टर गुहिराला लाडनूं से आये। सब कुछ ठीक-ठीक था। केवल कलेजे पर जलन महसूस हो रही थी। शायद एसिडिटी बढ़ी हो।

शयन के समय फतहपुर वाले सोहन लालजी रायजादा अचानक झुंझलाकर बड़बड़ाते हुए उठे—'हे देवी-देवताओ ! आज के हो गयो थांरै ? आके सूझे है ?' हमने पूछा क्या बात है ? वे यह कहते हुए बाहर चले गये—नहीं, नहीं, महाराज !

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आप तो सुखे-सुखे पोढ़ो।

और सुबह ९-१० बजते-बजते श्री भाईजी महाराज का हार्ट बन्द हो गया। पौ फट गई। सुबह होते-होते अंधेरा छा गया। जिसने भी सुना, विश्वास नहीं हुआ। राजस्थान रेडियो ने बार-बार प्रसारण किया। दिल्ली ऑल इंडिया रेडियो ने समाचारों के बीच सूचना दी—'भाईजी महाराज नहीं रहे।'

दाह-संस्कार उनकी जन्मभूमि लाडनूं में करना तय हुआ। जिसने भी सुना, जिसे जो साधन मिला, रात भर में हजारों लोग कलकत्ता, बम्बई, अहमदाबाद, पंजाब और मद्रास व बैंगलोर दूर-दूर से पहुंचे। लाडनूं की भीड़ भरी हर गली और हर जबान सूनी-सूनी थी। प्रत्येक मिलने वाला भीगी आंखों से बात करता था। बाजार बन्द हो गये। संस्थाओं ने स्मृति-सभा के बाद अवकाश घोषित किया। झंडे झुका दिये गये। ठेले वालों ने ठेले नहीं लगाये। सब्जी वालों ने सब्जी नहीं बेची। यहां तक उस दिन मुसलमान भाइयों ने (सिलावटों ने) पत्थर पर छैनी-हथौड़ी नहीं चलाई।

श्री भाईजी महाराज का पार्थिव शरीर लाडनूं पहुंचा। पूज्य गुरुदेव सुजानगढ़ रुककर दूसरे दिन मध्याह्न लाडनूं पधारे। सैकड़ों-सैकड़ों बहिर-विहारी साधु-साध्वियों के परिवार में स्मृति सभा के बाद जैन विश्व भारती के प्रांगण में दाह-संस्कार सम्पन्न हुआ।

उनके वस्त्रों को बदलते समय श्री सागर मलजी कोठारी (भाईजी महाराज के मामा के लड़के-भाई) को वह चिट्ठ चद्दर के पल्ले बंधी मिली। उसमें लिखा था—

'चम्पक' चवदस च्यानणी, याद रहेला रोज।
सालासर की साखस्यूं, जा सागर! कर मोज॥'

अर्थ अपने-अपने हैं। यह उस सागर से कहा गया या इस सागर से? हम दोनों एक ही परिवार से जो हैं।

□□

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org